

दैनिक सुप्रभात रायपुर आम आदमी का खास अखबार

# प्रतिदिन राजधानी



संस्थापक-स्व. श्री रामचंद नचरानी | प्रधान संपादक - शांति देवी नचरानी | वर्ष : 25 | अंक : 229 रायपुर, शुक्रवार, 12 सितम्बर 2025 | पृष्ठ : 12 | मूल्य ` 2.00 | RNI NO. CHH HIN/2001/05596


3 वित्त मंत्री चौधरी ने...

E-mail pratidincg@gmail.com E-paper https://epaper.pratidinrajdhani.in WhatsApp +91 62629 04444

दिल्ली हाई कोर्ट ने ... 4

सूचना - जिन किसी व्यक्ति को समाचार या विज्ञापन देना है संपर्क करे : मो. नं. 9806044444, 6262904444 इस नंबर के अलावा अन्य नंबर पर दी गई सूचना से समाचार पत्र का लेना-देना नही रहेगा...

## संक्षिप्त समाचार




### पंजाब में पाकिस्तान से भेजे गए 27 हथियार बरामद, दो गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस के काउंटर इंटेलिजेंस (सीआई) फिरोजपुर ने स्टेट स्पेशल ऑपरेशन सेल (एसएसओसी) फाजिल्का के साथ संयुक्त ऑपरेशन में भारत–पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा के नजदीक सीमा पार से चल रहे संगठित हथियार तस्करी मॉड्यूल का पर्दाफाश किया है, जिसमें 27 आधुनिक .30 बोर पिस्टलें और 470 जिंदा कारतूसों सहित दो हथियार सप्लायर्स को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने गुरुवार को बताया कि गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों की पहचान मंगल सिंह उर्फ मंगली, निवासी तेजा रहेला, फाजिल्का, और गुरमीत सिंह, निवासी ग्राम मुहार जमशेर, फाजिल्का के रूप में हुई है।

डीजीपी ने कहा कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि हथियारों का यह बड़ा खेप पाकिस्तान से एक विदेशी संस्था के माध्यम से प्राप्त किया गया था और राज्य में आपराधिक गिरोहों द्वारा उपयोग किया जाना था। उन्होंने कहा कि गिरफ्तार आरोपित इन हथियारों को अपने विदेशी हैंडलरों के निर्देश पर आपराधिक समूहों के संचालकों को पहुंचाने का प्रयास कर रहे थे।

डीजीपी ने बताया कि इस मॉड्यूल में शामिल अन्य सदस्यों की पहचान करने तथा तस्करी किए गए हथियारों का पता लगाने के लिए आगे की जांच जारी है।

### राहुल गांधी पर सुरक्षा प्रोटोकॉल तोड़ने का आरोप भाजपा ने उठाए सवाल

**नई दिल्ली।** केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) ने राहुल गांधी पर सुरक्षा प्रोटोकॉल तोड़ने का आरोप लगाया है। इस संबंध में सीआरपीएफ ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकाअर्जुन खरगे को पत्र भी लिखा। राहुल गांधी पर सुरक्षा प्रोटोकॉल तोड़ने को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने सवाल उठाए हैं।

गुरुवार को भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने मीडिया से बातचीत में कहा कि अगर राहुल गांधी विदेश यात्राओं के दौरान बार–बार सुरक्षा प्रोटोकॉल का उल्लंघन करते हैं, तो कुछ सवाल उठते हैं। विदेश यात्राओं के दौरान ऐसा क्या होता है कि उन्हें अपनी ही सुरक्षा पर भरोसा नहीं होता और वे प्रोटोकॉल तोड़ देते हैं? क्या वहां से कोई सामग्री आ रही है? क्या कुछ गुप्त रूप से किया जा रहा है? उन्हें विदेश में ज़्यादा सुरक्षा महसूस होती है। उन्होंने कहा कि अगर कल को कुछ हुआ, तो क्या सुरक्षा एजेंसियों को दोषी ठहराया जाएगा? कांग्रेस को उनसे पूछना चाहिए कि विदेश यात्राओं पर वे कौन सी गुप्त बैठकें करते हैं जिससे सुरक्षा का उल्लंघन होता है?




## पीएम मोदी ने लिया आपदा के हालातों का जायजा

# उराखंड के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के लिए 1200 करोड़ की विीय सहायता

**एजेंसी, देहरादून/ नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को उत्तराखंड की राजधानी देहरादून का दौरा कर हाल ही में बादल फटने, भारी वर्षा और भूस्खलन से हुई तबाही की स्थिति का जायजा लिया और राहत एवं पुनर्वास कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने राज्य के लिए 1200 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता की घोषणा की। प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि प्रधानमंत्री ने देहरादून का दौरा किया और उत्तराखंड में बाढ़ से हुए नुकसान का आकलन करने के लिए समीक्षा बैठक की। प्रधानमंत्री ने आपदा पीड़ितों और राहत कार्यों में जुटे एनडीआरएफ, एसडीआरएफ सेना, राज्य प्रशासन और अन्य संगठनों के कर्मियों से भी मुलाकात की।



प्रधानमंत्री ने इस प्राकृतिक आपदा में जान गंवाने वालों के परिजनों को दो–दो लाख रुपये तथा गंभीर रूप से घायलों को 50–50 हजार रुपये की अनुग्रह राशि देने की भी घोषणा की। उन्होंने यह भी कहा कि हाल की आपदा में अनाथ हुए बच्चों को पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रन योजना के तहत संपूर्ण सहयोग और देखभाल उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे उनकी दीर्घकालिक देखभाल और कल्याण सुनिश्चित होगा।

मोदी ने बैठक में कहा कि पुनर्वास और राहत कार्य बहुआयामी दृष्टिकोण से किए जाएंगे, जिसमें प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत घरों का पुनर्निर्माण, राष्ट्रीय राजमार्गों और विद्यालयों का पुनर्निर्माण, पशुपालन के लिए मिनी किट का वितरण तथा प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से सहायता शामिल होगी। ग्रामीण क्षेत्रों में क्षतिग्रस्त मकानों के पुनर्निर्माण के लिए विशेष परियोजना के अंतर्गत राज्य सरकार द्वारा भेजे गए प्रस्ताव पर प्रधानमंत्री आवास योजना – ग्रामीण के अंतर्गत वित्तीय सहयोग दिया जाएगा।

केंद्र सरकार ने पहले ही अंतर–मंत्रालयी केंद्रीय दलों को उत्तराखंड भेज दिया है, जो नुकसान का आकलन करने के लिए राज्यों का दौरा कर रहे हैं तथा उनकी विस्तृत रिपोर्ट के आधार पर आगे की सहायता पर विचार किया जाएगा।



प्रधानमंत्री ने उत्तराखंड के उन परिवारों से मुलाकात की जो हाल ही में भूस्खलन और बाढ़ सहित प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित हुए हैं। उन्होंने पीड़ित सभी लोगों के प्रति अपनी एकजुटता व्यक्त की और उन परिवारों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त की जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है। उन्होंने तत्काल राहत और प्रतिक्रिया में योगदान देने के लिए एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, सेना, राज्य प्रशासन और अन्य सेवा–उन्मुख संगठनों के कर्मियों की सराहना की।

## बस्तर इन्वेस्टर कनेक्ट में 967 करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव

# नया बस्तर : निवेश, विकास और विश्वास की नई पहचान - मुख्यमंत्री साय

**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)**

बस्तर आज विकास की स्वर्णिम सुबह का प्रतीक बनकर उभर रहा है। जो क्षेत्र कभी उपेक्षा और अभाव की पहचान से जूझता था, वह अब निवेश, अवसर और रोजगार का नया केंद्र बन रहा है। यहाँ हर क्षेत्र–उद्योग, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि और पर्यटन–में समावेशी विकास की गूंज सुनाई दे रही है। यह बदलाव न केवल बस्तर की तस्वीर बदल रहा है, बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ के उज्ज्वल भविष्य की गाथा लिख रहा है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि जापान के टोक्यो, ओसाका और दक्षिण कोरिया के सियोल के बाद इंवेस्टर्स कनेक्ट कार्यक्रम की अगली श्रृंखला के लिए हमने बस्तर संभाग का चुनाव किया और हमें खुशी है कि इतनी जल्दी यह आयोजन हम कर सके। यह बुलेट ट्रेन की रफ्तार का दौर है और इस रफ्तार से कदमताल करते हुए विकसित भारत–विकसित छत्तीसगढ़ का निर्माण करने हमने नई औद्योगिक नीति का निर्माण किया है। हमारी यह नीति यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा दिखाए गए सुशासन के परफार्म, रिफार्म और ट्रांसफार्म के मंत्र पर तैयार की गई है।




### रेल-सड़क परियोजनाओं से आएगा बड़ा बदलाव

बस्तर के विकास को गति देने के लिए सरकार ने 5,200 करोड़ की रेल परियोजनाओं को मंजूरी दी है। इनमें रावघाट–जगदलपुर नई रेल लाइन (3,513.11 करोड़) और केके रेल लाइन (कोत्तवलसा–किरंदुल) के दोहरीकरण जैसे महत्वपूर्ण कार्य शामिल हैं। ये परियोजनाएँ न केवल बस्तर में यात्रा, पर्यटन और व्यापार को नई दिशा देंगी, बल्कि युवाओं के लिए बड़े पैमाने पर रोज़गार और औद्योगिक अवसर भी सृजित करेंगी। इसके साथ ही, बस्तर में 2300 करोड़ की सड़क विकास परियोजनाएँ भी स्वीकृत की गई हैं।

### बड़े सार्वजनिक निवेश से बदलता बस्तर

बस्तर में एनएमडीसी द्वारा 43,000 करोड़ तथा सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल हेतु 200 करोड़ का निवेश किया जा रहा है। ये निवेश बस्तर की आधारभूत संरचना को मजबूती प्रदान कर रहे हैं।

### निजी निवेश और समावेशी विकास

बड़े सार्वजनिक निवेशों के साथ–साथ लगभग 1,000 करोड़ का निजी निवेश भी सेवा क्षेत्र और एमएसएमई में किया जा रहा है। यह विविधीकृत विकास रोजगार के अवसरों को बढ़ाएगा और समावेशी व सतत विकास को सुनिश्चित करेगा। कुल मिलाकर लगभग 52,000 करोड़ की प्रतिबद्धताओं के साथ बस्तर औद्योगिक और सामाजिक–आर्थिक परिवर्तन का नया केंद्र बन रहा है।

### बस्तर को मिला पहला 350 बेड का निजी अस्पताल

जगदलपुर में पहली बार 350 बेड का मल्टी–स्पेशियलिटी निजी अस्पताल और मेडिकल कॉलेज स्थापित होने जा रहा है। इसके लिए रायपुर स्टोन क्लिनिक प्रा. लि. को इनविटेशन टू इन्वेस्ट पत्र जारी किया गया है। 550 करोड़ रुपये के निवेश और 200 रोजगार अवसरों के साथ यह परियोजना बस्तर की स्वास्थ्य सेवाओं को नई ऊँचाई देगी और इसे मेडिकल शिक्षा का केंद्र बनाएगी।

## अब देश के 13 हवाई अड्डों पर मिलेगी 30 सेकंड में इमीग्रेशन सुविधा : अमित शाह

एजेंसी, नई दिल्ली

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से लखनऊ, तिरुवनंतपुरम, त्रिची, कोझिकोड और अमृतसर सहित पांच हवाई अड्डों पर फास्ट ट्रैक इमीग्रेशनङ्कट्रस्टेड ट्रैवलर प्रोग्राम (एफटीआई–टीटीपी) का उद्घाटन किया। इसके साथ ही देश के 13 हवाई अड्डों पर यह सुविधा उपलब्ध हो गई है।



अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'स्पीड, स्केल और स्कोप' के विजन को ध्यान में रखते हुए यह कार्यक्रम प्रवासियों और यात्रियों की सुविधा बढ़ाने के साथ–साथ राष्ट्रीय सुरक्षा को भी मजबूत करेगा। उन्होंने कहा कि अब यात्रियों को लंबी कतारों और मैनुअल जांच से गुजरने की जरूरत नहीं होगी, बल्कि वे सिर्फ 30 सेकंड में इमीग्रेशन क्लीयरेंस प्राप्त कर सकेंगे। गृह मंत्री ने बताया कि यह कार्यक्रम 2024 में दिल्ली से शुरू हुआ था और उसके बाद मुंबई, चेन्नई, कोलकाता, बेंगलुरु, कोचीन और अहमदाबाद को जोड़ा गया था। आज पांच और नए हवाई अड्डे इसमें शामिल होने के बाद कुल 13 हवाई अड्डों पर यह सुविधा शुरू हो चुकी है। उन्होंने कहा कि भविष्य में नवी मुंबई और जेवर हवाई अड्डों को भी इसमें जोड़ा जाएगा।

शाह ने कहा कि अब तक लगभग तीन लाख यात्रियों ने इस पोर्टल पर पंजीकरण किया है, जिनमें से 2.65 लाख यात्रियों ने यात्रा के दौरान इसका उपयोग भी किया है। उन्होंने सुझाव दिया कि पासपोर्ट और ओसीआई कार्ड जारी करते समय ही इस सुविधा से जोड़ने की संभावना तलाशनी चाहिए ताकि यात्रियों को अलग से दस्तावेज या फिंगरप्रिंट देने की आवश्यकता न रहे। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार बनने के बाद से अंतरराष्ट्रीय यात्री यातायात में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। 2014 में विदेश जाने वाले यात्रियों की संख्या 3.54 करोड़ थी, जो 2024 में बढ़कर 6.12 करोड़ हो गई।

## सीपी राधाकृष्णन आज लेंगे उपराष्ट्रपति पद की शपथ



एजेंसी, नई दिल्ली

नव निर्वाचित उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन 12 सितंबर यानि आज शुक्रवार को अपने पद की शपथ लेंगे। राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक औपचारिक समारोह में शपथ ग्रहण होगा।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज सुबह 10 बजे सीपी राधाकृष्णन को शपथ दिलाएंगी। महाराष्ट्र के राज्यपाल और भाजपा के वरिष्ठ नेता सीपी राधाकृष्णन ने 9 सितंबर को उपराष्ट्रपति चुनाव में शानदार जीत हासिल की। उन्हें 452 वोट मिले थे। उपराष्ट्रपति चुनाव में कुल 767 मत डाले गए थे। इनमें से 752 वोट वैध पाए गए, जबकि 15 वोट अमान्य घोषित किए गए।

## गरियाबंद में 10 नक्सलियों के एनकाउंटर की खबर

### 1 करोड़ का इनामी नक्सल कमांडर बालकृष्ण ढेर



गरियाबंद (प्रतिदिन राजधानी)

छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच एनकाउंटर की खबर है। सुरक्षाबलों ने 10 नक्सलियों को एनकाउंटर में ढेर कर दिया है। मारे गए नक्सलियों में खूंखार नक्सली कमांडर मनोज उर्फ मॉडम बालकृष्ण भी शामिल है। बताया जाता है कि नक्सल कमांडर मनोज उर्फ मॉडम बालकृष्ण पर 1 करोड़ का इनाम था।

रायपुर क्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक अमरेश मिश्रा ने इस एनकाउंडर की पुष्टि की है लेकिन ज्यादा विस्तार से जानकारी देने से इनकार किया है। उन्होंने बताया कि गरियाबंद जिले के मैनपुर क्षेत्र में सुरक्षाबलों की नक्सलियों के साथ मुठभेड़ हुई है। इसमें नक्सलियों के बड़े कमांडर के भी मारे गए हैं।

मिश्रा ने बताया कि मैनपुर क्षेत्र के जंगलों में नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना मिलने पर केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की कोबरा बटालियन, विशेष कार्य बल (एसटीएफ) और जिला बल के संयुक्त दल को नक्सल रोधी अभियान के लिए भेजा गया था। उन्होंने बताया कि बृहस्पतिवार सुबह से क्षेत्र में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच से रुक–रुक कर मुठभेड़ जारी है। उन्होंने बताया कि अभियान पूरा होने के बाद इस संबंध में अधिक जानकारी दी जाएगी।

## रायगढ़ में एक ही परिवार के चार लोगों की हत्या

### बदबू आई तो बाड़ी में दफन शव खोदकर निकाला



**रायगढ़, (प्रतिदिन राजधानी)**

रायगढ़ जिले में एक ही परिवार के 4 लोगों की हत्या कर दी गई है। पति–पत्नी और 2 बच्चों को कुल्हाड़ी से मारकर बाड़ी में दफनाया गया। बंद घर से बदबू आने पर इसका पता चला। पुलिस ने चारों शव को बाहर निकाल लिया है। घटना खरसिया थाना क्षेत्र की है।

मृतकों की पहचान पति बुधराम उरांव, पत्नी सोहद्रा, बेटा अरविंद और बेटी शिवांगी उरांव के रूप में हुई है। हत्या किसने और क्यों की है, इसका पता नहीं चल सका है। बुधराम राजमिस्त्री का काम करता था। पुलिस जांच में जुटी हुई है।

फोरेंसिक अधिकारी ने बताया कि सोते हुए हालत में सिर और गले पर कुल्हाड़ी से वार किया गया है। फिर खींचते हुए बाड़ी में ले गए। बाड़ी में गड्ढा खोदकर सड़े हुए पैरा से शवों को ढक दिया गया था। चारों के सिर और गले पर चोट के निशान हैं।

ग्राम ठुसेकेला के राजीव नगर मोहल्ले में बुधराम उरांव का घर पिछले 4 दिनों से बंद पड़ा था। अंदर से तेज बदबू आने की सूचना ग्रामीणों ने पुलिस को दी। जिसके बाद पुलिस की टीम घटना स्थल पर पहुंची। फोरेंसिक एक्सपर्ट और डॉग–स्क्वॉयड की टीम को भी बुलाया गया।

घर के कमरे को खोलने पर अंदर जगह–जगह खून के छींटे दिखाई दिए। जमीन में दफनाने जैसे निशान भी पाए गए। कब्र खोदने पर अंदर से पति–पत्नी और 2 बच्चों के शव बरामद हुए। पुलिस ने घटनास्थल को सुरक्षा घेरे में ले लिया है। फिलहाल मामले की जांच जारी है।

### घर से बाहर थी एक बेटी इसलिए बच गई

स्थानीय महिला भुवनेश्वरी यादव का कहना है कि, घर बंद पड़ा था, आसपास के किसी लड़के ने अंदर देखा तो उसे खून के धब्बे दिखाई दिए। इसके बाद यह खबर पूरे गांव में फैल गई। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस फोरेंसिक एक्सपर्ट टीम और डॉग–स्क्वॉड की टीम जांच कर रही है।

## नेपाल में जेन ज़ी प्रदर्शन.

### मरने वाली संख्या 34 हुई, 1368 घायल

**एजेंसी, काठमांडू**

नेपाल में सत्ताधारी नेताओं के खिलाफ हाल ही में 'जेनरेशन जेड' के हिंसक प्रदर्शनों में देशभर में मरने वालों की संख्या 34 हो गयी है जबकि इन प्रदर्शनों में 1368 लोग घायल हुए हैं।

नेपाल के समाचारपत्र दि हिमालयन टाइम्स ने देश के स्वास्थ्य एवं जनसंख्या मंत्रालय के हवाले से आज यह खबर दी। मंत्रालय के प्रवक्ता डॉ. प्रकाश बुढ़ाथोकी ने बताया कि समूचे देश में इन हिंसक प्रदर्शनों में कम से कम 34 लोगों की मौत हुई है और 1368 लोग घायल हुए हैं। हालांकि ज़्यादातर घायलों को इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई है। उन्होंने कहा कि अब तक कुल 949 लोगों को अस्पताल से छुट्टी दी जा चुकी है।

इस बीच देश के कई क्षेत्रों में विरोध प्रदर्शन जारी रहने की सूचनाओं के कारण स्वास्थ्य एवं जनसंख्या मंत्रालय के अधिकारी अस्पतालों पर नज़र रख रहे हैं और सुरक्षा एजेंसियों के साथ समन्वय कर रहे हैं।

## केंद्रीय रेल मंत्री वैष्णव ने वंदे भारत ट्रेन के अनुरक्षण शेड का किया उद्घाटन

### अमृत भारत स्टेशन के अंतर्गत किए जा रहे पुनर्विकास कार्यों का किया निरीक्षण

एजेंसी, जयपुर

केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव गुरुवार को एक दिवसीय दौरे पर जयपुर पहुंचे। वैष्णव गुरुवार को सुबह स्पेशल ट्रेन से रेवाड़ी–खातीपुरा रेल खंड का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण करते हुए खातीपुरा स्टेशन पहुंचे।

रेल मंत्री ने खातीपुरा स्टेशन में बन रहे ट्रेन मेंटिनेंस शेड के मॉडल का अवलोकन किया । इस दौरान माननीय मंत्री जी के साथ मंजू शर्मा, सांसद/जयपुर और गोपाल शर्मा, विधायक (सिविल लाइंस) भी उपस्थित रहे। मीडिया से वार्ता के दौरान माननीय रेल मंत्री ने खातीपुरा मेंटेनेंस शेड की विस्तृत जानकारी दी ।

रेल मंत्री ने वंदे भारत सहित अन्य ट्रेनों की अनुरक्षण के लिए कोच केयर कंपलेक्स जयपुर में अनुरक्षण सुविधाओं के विस्तार हेतु नवनिर्मित शेड का उद्घाटन किया। उन्होंने शेड में बने 4 टियर प्लेटफॉर्म का निरीक्षण किया तथा यात्री सुविधाओं में वृद्धि के अंतर्गत कोच में किए गए टॉयलेट मॉडीफेशन और ब्रेक वान में किए गए मॉडीफेशन का निरीक्षण किया।



रेल मंत्री ने इसके पश्चात अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत पुनर्विकसित किये जा रहे जयपुर स्टेशन के द्वितीय प्रवेश द्वार का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्य की भव्यता की प्रशंसा की और कहा कि यह पूरे जयपुर के लिए गौरव का बात है कि स्टेशन के सेकंड एंट्री के पुनर्निर्माण का कार्य बहुत तेजी से और सुचारू रूप से चल रहा है। उन्होंने बताया कि शीघ्र ही बीकानेर–दिल्ली और जोधपुर– दिल्ली वंदे भारत ट्रेन का संचालन शुरू किया जा रहा है। साथ ही जैसलमेर और दिल्ली के मध्य भी एक ओवरनाइट ट्रेन का संचालन शीघ्र प्रारंभ किया जा रहा है। इस अवसर पर उन्होंने जयपुर वासियों, मीडिया प्रतिनिधियों और जन प्रतिनिधियों से कहा कि वे आपस में इस बात पर विचार करे कि जयपुर के आसपास के स्टेशनों के नाम में जयपुर शब्द को जोड़ा जाए ।

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.- 06)**
:: आई .एस.बी.टी. चतुर्थ तल, रावणभाठा, रायपुर::
Email ID-rmczone6@gmail.com

पत्र क्र./24198/न.पा.नि./ जोन क्र.–06/2025
रायपुर, दिनांक 11/09/2025
// इश्तिहार //
नामांतरण प्र.क्र. 24198
वार्ड का नाम– 63– ब्रिगेडियर उस्मान वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 63 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपटी आई.डी. RPR455P0021A जो की निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती BABULAL, LEKHRAM, SANTOSH KUMAR, RAVI, UMESH पिता/पति श्री/श्रीमती FIRANTA SAHU के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती HEMIN SAHU पिता/पति श्री/श्रीमती W/O LATE RAVI SAHU ने मृत्यु प्रमाण पत्र सह पत्र शपथ पत्र दान पत्र, हिब्बानामा रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/SAHMATI PATRA/ वंशानुक्रम अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

(जोन कमिश्नर)
जोन क्र. 6
नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.- 06)**
:: आई .एस.बी.टी. चतुर्थ तल, रावणभाठा, रायपुर::
Email ID-rmczone6@gmail.com

पत्र क्र./24226/न.पा.नि./ जोन क्र.–06/2025
रायपुर, दिनांक 11/09/2025
// इश्तिहार //
नामांतरण प्र.क्र. 24226
वार्ड का नाम– 63– ब्रिगेडियर उस्मान वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 63 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपटी आई.डी. RPR455P00021 जो की निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती BABULAL, LEKHRAM, SANTOSH KUMAR, RAVI, UMESH पिता/पति श्री/श्रीमती FIRANTA SAHU के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती BHARTI SAHU पिता/पति श्री/श्रीमती W/O MANNU SAHU ने मृत्यु प्रमाण पत्र सह पत्र शपथ पत्र दान पत्र, हिब्बानामा रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/SAHMATI PATRA/ वंशानुक्रम अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

(जोन कमिश्नर)
जोन क्र. 6
नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.- 06)**
:: आई .एस.बी.टी. चतुर्थ तल, रावणभाठा, रायपुर::
Email ID-rmczone6@gmail.com

पत्र क्र./24196/न.पा.नि./ जोन क्र.–06/2025
रायपुर, दिनांक 11/09/2025
// इश्तिहार //
नामांतरण प्र.क्र. 24196
वार्ड का नाम– 62– शहीद राजीव पांडे वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 62 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपटी आई.डी. RPR654D00110 जो की निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती MRS. HASHMA HUSAIN पिता/पति श्री/श्रीमती ANWAR HUSSAIN के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती SAGEERA BEGUM पिता/पति श्री/श्रीमती W/O MARHUM MOHAMMAD NIYAZUDDIN ने मृत्यु प्रमाण पत्र सह पत्र शपथ पत्र दान पत्र, हिब्बानामा रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/पंजीकृत विक्रय विलेख/ वंशानुक्रम अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

(जोन कमिश्नर)
जोन क्र. 6
नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.- 06)**
:: आई .एस.बी.टी. चतुर्थ तल, रावणभाठा, रायपुर::
Email ID-rmczone6@gmail.com

पत्र क्र./24194/न.पा.नि./ जोन क्र.–06/2025
रायपुर, दिनांक 11/09/2025
// इश्तिहार //
नामांतरण प्र.क्र. 24194
वार्ड का नाम– 63– ब्रिगेडियर उस्मान वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 63 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपटी आई.डी. RPR455M0059A जो की निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती PRABHA DEVI पिता/पति श्री/श्रीमती UDAY RAM BAGHEL के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती 1) UMESH KUMAR JAIN 2) NILESH JAIN पिता/पति श्री/श्रीमती S/O JEEVAN LAL JAIN ने मृत्यु प्रमाण पत्र सह पत्र शपथ पत्र दान पत्र, हिब्बानामा रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/पंजीकृत विक्रय विलेख/ वंशानुक्रम अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

(जोन कमिश्नर)
जोन क्र. 6
नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.- 8)**
मोहबा बाजार, रायपुर
Email ID-rmczone8@gmail.com

पत्र क्र./24236/न.पा.नि./ जोन क्र.-8/2025
रायपुर, दिनांक 07/05/2025
इश्तिहार
नामांतरण प्र.क्र. 24236
वार्ड का नाम - 21- शहीद भगत सिंह वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 21 स्थित भवन /भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. RPR813B00828 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती MANVEER KAUR पिता/पति श्री/श्रीमती SUKHVINDAR SINGH के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती moushmi vishwas पिता/पति श्री/श्रीमती shri samir vishwas ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख/ वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा /प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा /आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

श्रीमती राजेश्वरी पटेल
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रं. 8
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.- 8)**
मोहबा बाजार, रायपुर
Email ID-rmczone8@gmail.com

पत्र क्र./24232/न.पा.नि./ जोन क्र.-8/2025
रायपुर, दिनांक 07/05/2025
इश्तिहार
नामांतरण प्र.क्र. 24232
वार्ड का नाम - 21- शहीद भगत सिंह वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 21 स्थित भवन /भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. RPR813C00323 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती INDRADEV CHOUDHRY पिता/पति श्री/श्रीमती LT. MAHAVEER CHOUDHRY के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती mohammad hashim पिता/पति श्री/श्रीमती abdul khalik ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख/ वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा /प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा /आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

श्रीमती राजेश्वरी पटेल
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रं. 8
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.- 8)**
मोहबा बाजार, रायपुर
Email ID-rmczone8@gmail.com

पत्र क्र./24233/न.पा.नि./ जोन क्र.-8/2025
रायपुर, दिनांक 07/05/2025
इश्तिहार
नामांतरण प्र.क्र. 24233
वार्ड का नाम - 21- शहीद भगत सिंह वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 21 स्थित भवन /भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. RPR813B00883 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती D. KRISHNA VERMA पिता/पति श्री/श्रीमती RANJIT RAJU के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती kailash devi पिता/पति श्री/श्रीमती radheyshayam mahiya ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख/ वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा /प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा /आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

श्रीमती राजेश्वरी पटेल
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रं. 8
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार आरंग, जिला- रायपुर (छ.ग.)**
ईश्तहार
रा.प्र.क्र.–..../ब/121...
ग्राम– मोखला

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक बलीराम पिता श्री सुकालू ग्राम मोखला तहसील आरंग, द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर अपने पुत्री खुशबू के जन्म/ मृत्यु दिनांक 20/12/2006 है, का पंजीयन कराने हेतु पंजीयक जन्म/मृत्यु को आदेश जारी करने मांग किया है, ताकि जन्म/मृत्यु का प्रमाण पत्र आवेदक को प्राप्त हो सके।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति का दावा/आपत्ति हो तो वे इस न्यायालय में दिनांक 25.09.2025 तक आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 11/09/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

तहसीलदार
मुहर आरंग (छ.ग.)

**कार्यालय संपदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,**
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र –01 सिरपुर भवन व्यवसायिक परिसर कबीर नगर रायपुर (छ.ग.)
ई–मेल–eocghbzone1@gmail.com

आम–सूचना

छत्तीसगढ गृह निर्माण मण्डल द्वारा टाटीबंध कालोनी, रायपुर में निर्मित EWS भवन योजना के अतंर्गत, भवन क्रमांक EWS–836, श्रीमती रेनू तिवारी पति श्री दुर्गानंद तिवारी को भाड़ाक्रय / पूर्णमूल्य आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा दिनांक 08/02/2013 को विक्रय विलेख निष्पादित कर लिया गया।

आबंटी उक्त भवन के विक्रय हेतु दिनांक 01/09/2025 को निष्पादित विक्रय इकरारनामा की छायाप्रति प्रस्तुत कर भवन (1) श्री गणेश कुमार दत्ता (2) श्री संतोष कुमार दत्ता दोनो के पिता श्री तारक नाथ दत्ता के नाम से विक्रय करने के लिए विक्रय अनुमति की मांग की हैं।

अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय/ अर्द्धशासकीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आमसूचना प्रकाशन के 15 दिन के अन्दर समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नही की जावेंगी।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र–01
कबीर नगर, रायपुर

**कार्यालय संपदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र –03,**
सेजबहार, रायपुर (छ.ग.)
फोन नं. – 0771–2991574
Email ID:eocghbzone03@gmail.com

आम–सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा कॉलोनी सेजबहार फेस–02, जिला–रायपुर में निर्मित ई.डब्ल्यु.एस. फ्लैट क्रमांक–203, ब्लाक 13 प्रथम तल, श्रीमति एकता पाल पति श्री मिलन कुमार पाल के नाम पर इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 4437 दिनांक 16.09.2019 को स्ववित्तीय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा उक्त फ्लैट का लीजडीड दिनांक 28.07.2021 को निष्पादित करा लिया गया है। वर्तमान में आबंटी श्रीमति एकता पाल पति श्री मिलन कुमार पाल, पता– वार्ड–18 ग्राम – धुसेरा पोस्ट– सिवनी तह.– अभनपुर जिला रायपुर छ.ग. के द्वारा उक्त फ्लैट को क्रेता श्री सुनील बैस पिता श्री द्वारिका बैस पता– धनेली मार्ग, वार्ड–14 ग्राम धुसेरा पोस्ट– सिवनी तह– अभनपुर जिला– रायपुर छ.ग (छ.ग.) के नाम पर विक्रय करने हेतु आवेदन पत्र, शपथ पत्र एवं आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेज के आधार पर उक्त फ्लैट क्रेता श्री सुनील बैस पिता श्री द्वारिका बैस पता– धनेली मार्ग, वार्ड–14 ग्राम– धुसेरा पोस्ट–सिवनी तह.– अभनपुर जिला– रायपुर छ.ग (छ.ग.) के नाम पर विक्रय करने हेतु अनुमति प्रदान किया जाना है।

अतः किसी भी व्यक्ति, शासकीय/अर्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था इत्यादि को उक्त फ्लैट को विक्रय करने हेतु अनुमति प्रदान करने में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा नियत समयावधि पश्चात् आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
प्रक्षेत्र–03, सेजबहार, रायपुर (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार आरंग जिला रायपुर (छ.ग.)**
ईश्तहार
रा.प्र.क्र. ... /ब-121 वर्ष 2024-25
ग्राम- रसनी प.ह.नं. 28

एतद द्वारा सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि, कार्यालय तहसीलदार आरंग जिला रायपुर छ.ग. का पत्र क्रमांक 824/वाचक–01/तह./2025 आरंग दिनांक 25.08.2025 के द्वारा बहुउद्देशीय स्टेडियम निर्माण हेतु ग्राम रसनी प.ह.नं. 28 रा.नि.मं. आरंग में स्थित भूमि खसरा नं. 545 रकबा 3.88 हे. में रकबा 2.00 हे. भूमि प्रस्तावित किया गया था। उक्त आवेदित भूमि पर बीच से मार्ग होने के कारण उसी ग्राम से लगी हुई भूमि खसरा नंबर 394 रकबा 11.57 हे. में से 2.00 हे. भूमि को बहुउद्देशीय स्टेडियम निर्माण हेतु चिन्हांकित किया गया है। उक्त प्रकरण अनुविभागीय अधिकारी (रा) आरंग के माध्यम से जांच प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को दावा/आपत्ति हो तो वे इस न्यायालय में दिनांक 25.09.2025 तक आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जायेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 11.09.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

तहसीलदार
मुहर आरंग (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार आरंग, जिला- रायपुर (छ.ग.)**
ईश्तहार
रा.प्र.क्र.–..../ब/121...
ग्राम– आरंग

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक उत्तरा बाई यादव पिता श्री दीपक यादव ग्राम बैहार तहसील आरंग, द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर अपने पुत्र/पुत्री /पिता/माता/दादा/दादी गायत्री यादव के जन्म/ मृत्यु दिनांक 24/07/2013 है, का पंजीयन कराने हेतु पंजीयक जन्म/मृत्यु को आदेश जारी करने मांग किया है, ताकि जन्म/मृत्यु का प्रमाण पत्र आवेदक को प्राप्त हो सके।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति का दावा/आपत्ति हो तो वे इस न्यायालय में दिनांक 24.09.2025 तक आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 08/09/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

तहसीलदार
मुहर आरंग (छ.ग.)

# एक्सिस बैंक का 'Moves 2025' : भारत के युवाओं को बैंकिंग के भविष्य से जोड़ने की पहल

रायपुर, प्रतिदिन राजधानी

भारत के सबसे बड़े निजी बैंकों में से एक, एक्सिस बैंक ने अपने प्रमुख कैंपस एंगेजमेंट प्रोग्राम 'Moves 2025' के पहले संस्करण के विजेताओं की घोषणा की। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य भारत के सबसे प्रतिभाशाली युवा दिमागों को पहचानना और उन्हें तराशना है। इसमें देशभर के 50 प्रमुख एमबीए और इंजीनियरिंग संस्थानों—जैसे आईआईएम, आईआईटी, इंडियन स्कूल ऑफ बिज़नेस, एक्सएलआरआई और फैकल्टी ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज़—के 21,000 से अधिक छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।




एक्सिस बैंक का अगला बड़ा रणनीतिक कदम विषय पर आधारित इस कार्यक्रम में प्रतिभागियों को तकनीक, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, सस्टेनेबिलिटी, ग्रामीण बैंकिंग और मार्केटिंग जैसे क्षेत्रों में भविष्य की चुनौतियों के समाधान प्रस्तुत करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। कई चरणों—जैसे आकलन, कैंपस–स्तरीय राउंड, सेमी–फ़ाइनल, मेंटरशिप सत्र और ग्रैंड फ़िनाले—के माध्यम से आयोजित इस प्रतियोगिता ने छात्रों की रचनात्मकता, संरचित सोच और नेतृत्व क्षमता को परखा। पुरस्कार, करियर अवसर और वरिष्ठ नेताओं से मार्गदर्शन देकर एक्सिस बैंक ने 'Moves 2025' को अकादमिक जगत और उद्योग जगत के बीच एक अनोखा पुल बना दिया है, जो छात्रों को वास्तविक अनुभव और प्रासंगिक कौशल प्रदान करता है।

इस पहल पर टिप्पणी करते हुए एक्सिस बैंक के ग्रुप एग्जीक्यूटिव और हैड – ह्यूमन रिसोर्सेज, राजकमल वेंपति ने कहा: "Moves 2025 ने विचारों, ऊर्जा और नवाचार की शानदार झलक दिखाई है। भारत के प्रतिभाशाली युवाओं से संवाद करना बेहद प्रेरणादायी रहा, जिनकी साहसी और बहुआयामी सोच हमें बैंकिंग के गतिशील भविष्य पर विश्वास दिलाती है। हम इस प्रतिभा को आगे बढ़ाने और मिलकर सार्थक बदलाव लाने के लिए उत्साहित हैं।

ग्रैंड फ़िनाले में शीर्ष 10 फ़ाइनलिस्ट टीमों ने अपने विचार सीधे एक्सिस बैंक के वरिष्ठ नेताओं की ज्यूरी के सामने प्रस्तुत किए, जिनमें शामिल थे—मुनीश शारदा, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर; नीरज गंभी, ग्रुप एग्जीक्यूटिव & हेड – ट्रेज़री, मार्केट्स और होलसेल बैंकिंग प्रोडक्ट्स; बिपिन सराफ, ग्रुप एग्जीक्यूटिव एवं हैड – भारत बैंकिंग; राजकमल वेंपति, ग्रुप एग्जीक्यूटिव & हेड – ह्यूमन रिसोर्सेज; समीर शेट्टी, ग्रुप एग्जीक्यूटिव – डिजिटल बिज़नेस ट्रांसफ़ॉर्मेशन & स्ट्रेटेजिक प्रोग्राम्स;.विजय मुलबगल, ग्रुप एग्जीक्यूटिव & हेड – होलसेल बैंकिंग कवरेज ग्रुप & सस्टेनेबिलिटी; प्रशांत जोशी, ग्रुप एग्जीक्यूटिव × चीफ क्रेडिट ऑफ़िसर; और प्रणव हरिदासन, एमडी & सीईओ, एक्सिस सिक्योरिटीज।

# दुर्गा स्थापना एवं झांकी प्रदर्शन को लेकर प्रशासनिक बैठक संपन्न

धमतरी, प्रतिदिन राजधानी

दुर्गा विसर्जन एवं झांकी प्रदर्शन की तैयारियों को लेकर नगर पुलिस अधीक्षक अभिषेक चतुर्वेदी और अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) पीयूष तिवारी की अध्यक्षता में 11 सितंबर को नगर के दुर्गा पंडाल समितियों के पदाधिकारियों और प्रतिनिधियों की बैठक संपन्न हुई।

अधिकारियों ने कहा कि सभी कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण और शांतिपूर्ण माहौल में सफ़लतापूर्वक संपन्न हों, इसके लिए समितियां निर्धारित समय का पालन करें और प्रशासन का सहयोग करें। बैठक में बताया गया कि एक अक्टूबर की रात्रि को नगर के मुख्य मार्गों से भव्य झांकी निकाली जाएगी, जबकि एक एवं दो अक्टूबर को दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन किया जाएगा।

इस दौरान नगर निगम, पुलिस प्रशासन और जिला प्रशासन की



संयुक्त टीम व्यवस्था की कमान संभालेगी। प्रशासन ने विसर्जन स्थलों पर आवश्यक तैयारियां की हैं जिनमें प्रकाश व्यवस्था, माइक सेट, पेयजल, साफ़–सफ़ाई, टेबल–कुर्सी, सीसीटीवी कैमरे और सुरक्षा के इंतजाम शामिल होंगे। प्रतिमाओं के सुरक्षित विसर्जन के लिए रूद्री और महादेव घाट पर क्रेन की सुविधा भी उपलब्ध कराई जा रही है। बैठक में अधिकारियों ने समितियों से अपील की कि वे अनुशासन और सहयोग बनाए रखें। उन्होंने कहा कि दुर्गा विसर्जन और झांकी का आयोजन न केवल धार्मिक आस्था से जुड़ा है बल्कि सामाजिक सौहार्द का भी संदेश देता है।

# संभागायुक्त ने निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज, जिला अस्पताल एवं आईटी कोरबा में संचालित मेडिकल कॉलेज का किया निरीक्षण

कोरबा, प्रतिदिन राजधानी

बिलासपुर संभागायुक्त सुनील जैन ने आज कोरबा के ग्राम भुलसीडीह में निर्माणाधीन शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, आईटी कोरबा में संचालित मेडिकल कॉलेज एवं जिला अस्पताल का का निरीक्षण किया। उन्होंने भुलसीडीह में निर्माणाधीन चिकित्सा महाविद्यालय के निर्माण स्थल में एकेडमिक ब्लॉक, गर्ल्स हॉस्टल, बालक हॉस्टल, इंटर्न बालक/इंटर्न कन्या हॉस्टल, डायनिंग एरिया का निरीक्षण किया।

संभागायुक्त ने मेडिकल कॉलेज निर्माण कार्य में प्रगति लाने एवं निर्धारित समयावधि में पूर्ण करने के निर्देश दिए साथ ही गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया। इस दौरान संभागायुक्त






श्री जैन ने वर्तमान में आई टी कॉलेज कोरबा में वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में संचालित चिकित्सा महाविद्यालय का निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने छात्र – छात्राओं के संचालित कक्षाओं का अवलोकन कर छात्र हित में आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

संभागायुक्त श्री जैन ने जिला अस्पताल का निरीक्षण कर मरीजों को दी जा रही सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने ओपीडी , पुरुष व महिला वार्ड, स्टोर रूम , हमर लैब, ब्लड बैंक तथा विभिन्न चिकित्सकीय उपकरणों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने भर्ती मरीजों से भेंटकर स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने साफ सफ़ाई पर विशेष ध्यान देने एवं सभी स्वास्थ्य अधिकारियों को समय पर उपस्थित रहकर आमजनों को स्वास्थ्य लाभ दिलाने के निर्देश



# निर्वेद ने जीता गोल्ड




प्रतिदिन राजधानी, रायपुर

रायपुर के निर्वेद कश्यप ने वाराणसी में आयोजित छटवीं नेशनल थाईबाक्सिंग चैम्पियनशिप 2025 में 40 किलो वेट केटेगरी में गोल्ड मेडल प्राप्त किया। थाईबाक्सिंग इंडिया, उत्तर प्रदेश ओलंपिक एशोसियशन द्वारा रिकोगनाईज एवं थाईबॉक्सिंग इंडिया फेडेरेशन द्वारा सेंक्शन रहा । निर्वेद कश्यप शिवोम विद्यापीठ में कक्षा 9 का छात्र है।

# आरसीएम का 100 दिवसीय राष्ट्रव्यापी 'रूपांतरण यात्रा'

## जमीनी स्तर पर जन–आधारित उद्यमिता के 25 वर्ष पूर्ण

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारत की अग्रणी डायरेक्ट सेलिंग कंपनी आरसीएम ने अपनी 25वीं वर्षगांठ के अवसर पर 100 दिवसीय राष्ट्रव्यापी रूपांतरण यात्रा की शुभारंभ करने जा रही है। यह 17,000 किलोमीटर लंबी यात्रा देशभर के गाँवों और शहरों से होकर गुजरेगी और 25 भव्य आयोजनों के माध्यम से स्वास्थ्य, सेवा और संस्कार का संदेश फैलाएगी।

स्वास्थ्य के क्षेत्र में यह यात्रा डायबिटीज़, हाई ब्लड प्रेशर, थायरॉइड और कोलेस्ट्रॉल जैसी जीवनशैली संबंधी बीमारियों के प्रति जागरूकता फैलाएगी और ऐसे उत्पादों को बढ़ावा देगी जो इन्हें रोकने में सहायक हैं। सेवा के क्षेत्र में यह यात्रा समाज के विभिन्न वर्गों को स्वावलंबन और उद्यमिता से जोड़कर सशक्त बनाते हुए उन्हें राष्ट्र, समाज और पर्यावरण की सेवा के लिए प्रेरित करेगी। संस्कार के क्षेत्र में यह यात्रा लोगों को नैतिकता और मूल्यों पर आधारित जीवन जीने के लिए प्रोत्साहित करेगी।

साल 2000 में एकमात्र टेक्सटाइल उत्पाद से शुरू होकर आज आरसीएम 400 से अधिक उत्पादों के साथ 2,400 करोड़ रुपये के उद्यम में विकसित हो चुकी है, जिसे 20 लाख से अधिक सक्रिय एसोसिएट बायर्स का सहयोग प्राप्त है। इसका वितरण नेटवर्क आज 10,000 से ज़्यादा स्टोर्स के साथ मजबूती से खड़ा हैं। इस कंपनी ने यह उपलब्धि बिना किसी वेंचर कैपिटल या बाहरी निवेश के, केवल अपने एसोसिएट्स बायर्स और उपभोक्ताओं के विश्वास व समर्थन से हासिल की है।

यात्रा के दौरान, आरसीएम के 25 वर्षों के जश्न के तहत, भीलवाड़ा, सूरत, कोच्चि, गुवाहाटी, पटना और दिल्ली में छह विशेष सिल्वर जुबली सेलिब्रेशन आयोजित किए जाएंगे। प्रत्येक शहर में प्रसिद्ध हस्तियाँ कार्यक्रम का हिस्सा बनेंगी और रूपांतरण यात्रा के संदेश को अपनी आवाज़ देंगी। इनमें प्रसिद्ध अभिनेता और कवि आशुतोष राणा; सम्मानित अभिनेता, पद्मश्री मनोज जोशी; राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता, आशीष विद्यार्थी; अर्जुन पुरस्कार विजेता, पूर्व भारतीय फुटबालर, पद्मश्री भाईचुंग भूटिया; भोजपुरी अभिनेता और सांसद रवि किशन; और प्रसिद्ध अभिनेता, पद्मविभूषण अनुपम खेर शामिल रहेंगे। इसके साथ ही जीवनशैली पर आधारित कार्यशालाएँ, महिला उद्यमिता सत्र, स्वास्थ्य जागरूकता शिविर और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी यात्रा के दौरान आयोजित किए जाएँगे।

यात्रा का मुख्य आकर्षण विशेष रूप से तैयार किया गया आरसीएम होगा, जो भारत की एकता और सांस्कृतिक विविधता का प्रतीक के रूप में गहरे नीले रंग में सुसज्जित होगा। दोनों ओर सुनहरे–नारंगी और नीले रंग में बने भव्य मोर आकृतियाँ, भारत के मानचित्र और अन्य कलाकृतियों के साथ अंकित होंगी। रथ पर लिखा होगा, गाँव–गाँव, शहर–शहर, आरसीएम की चली लहर।

आरसीएम के चेयरमैन तिलोक चंद छाबड़ा के अनुसार – यह यात्रा सिर्फ 25 वर्षों की उपलब्धियों का उत्सव नहीं, बल्कि भविष्य का रोडमैप भी है। हमारा सपना है कि हर भारतीय स्वस्थ, आत्मनिर्भर और मूल्यों से परिपूर्ण जीवन जिए।

एमडी डायरेक्टर सौरभ छाबड़ा के अनुसार यह यात्रा देशभर के युवाओं, महिलाओं और नागरिकों को उनका जीवन बदलने का अवसर देगी। उन्होंने जोड़ कि आरसीएम केवल एक व्यापार नहीं, बल्कि एक जन–अभियान है।

सीईओ मनोज कुमार के अनुसार – एफ़एमसीजी और स्वास्थ्य सम्बन्धी प्रॉडक्ट से लेकर फैशन और लाइफ़स्टाइल तक, आरसीएम के प्रॉडक्ट्स गर्व से 'मेड इन इंडिया' है और उच्च मानकों का पालन करते हुए बनाए जाते है। रूपांतरण यात्रा के माध्यम से हम करोड़ों लोगों तक पहुँच कर उन्हें सशक्त बनाना चाहते हैं, व आरसीएम द्वारा पहले से बनाए गए सकारात्मक प्रभाव को और आगे बढ़ाते हुए स्वस्थ भारत के निर्माण में योगदान देना चाहते हैं।

रूपांतरण यात्रा के दौरान आरसीएम सेवा के तहत होने वाली आरसीएम की सामाजिक पहलों को भी प्रदर्शित किया जाएगा। आरसीएम सेवा के अंतर्गत 30,000 से अधिक रक्तदाताओं का नेटवर्क तैयार किया गया है। इसके अंतर्गत स्वास्थ्य जागरूकता अभियान, नशामुक्ति कार्यक्रम और राष्ट्रीय स्तर पर मासिक धर्म स्वच्छता अभियान भी आयोजित किए गए

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता**
**लोक निर्माण विभाग धमतरी संभाग धमतरी (छ.ग.)**
Email ID - ee.dhamtari@nic.in

क्रमांक 5798/NIT–17/2025–2026/ व.ले.लि. दिनांक 05/09/2025

// निविदा आमंत्रण सूचना //
प्रथम आमंत्रण

1. निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :– 25/09/2025 अपरान्ह 5.30 बजे तक
2. ठेकेदार द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि :– 03/10/2025 अपरान्ह 5.30 बजे तक
3. निविदा खोलने की तिथि – 06/10/2025 पूर्वान्ह 11.30 बजे

| एनआईटी क्र. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) अमानत राशि (रू. में) / बैंक सालवेंसी |
|---|---|---|
| 17 T0068 | पीजी कालेज धमतरी के कन्या छात्रावास भवन में अहाता की उचाई बढाने का निर्माण कार्य ल 252 मीटर प्रथम आमंत्रण | 6.62<br>5000.00<br>300000.00 |
| 17 T0069 | शासकीय महाविद्यालय भवन आमदी में पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य ल 142 मीटर प्रथम आमंत्रण | 10.00<br>7500.00<br>300000.00 |

1. प्रत्येक निविदा प्रपत्र का मूल्य रू. 750.00 7
2. प्रत्येक कार्यों का निविदा की श्रेणी द से अ श्रेणी के लिये है
3. एनआईटी क्र. T0068, T0069 समयावधि 3 माह वर्षा ऋतु सहित।
4. टीप EMD के साथ क्लास C D हेतु अनेक्जर 2, 3 में प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
5. निविदा संबंधी शर्तें विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। जिसका अवलोकन कार्यालयीन समय में संभागीय कार्यालय में देखी जा सकता है।

कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग धमतरी संभाग
धमतरी (छ.ग.)

G-252603403/3

# वित्त मंत्री चौधरी ने पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के प्रचार-प्रसार रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**रायपुर ( प्रतिदिन राजधानी )**

यह योजना बिजली उपभोक्ता से ऊर्जा दाता बनने का अवसर प्रदान करती है- वित्त मंत्री चौधरी




रथ जिले के शहरों और गांवों में भ्रमण कर लोगों को योजना से मिलने वाले लाभों की देगा जानकारी वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी ने आज सर्किट हाउस परिसर में प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के प्रचार-प्रसार रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रथ जिले के शहरों और गांवों में भ्रमण कर लोगों को योजना की जानकारी देगा और इसके लाभों से अवगत कराएगा। इस अवसर पर विधायक एवं सरगुजा आदिवासी विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष मती गोमती साय, विधायक मती रायमुनी भगत, जिला पंचायत अध्यक्ष सालिक साय, कृष्ण कुमार राय, ओम प्रकाश सिन्हा, कलेक्टर रोहित व्यास, अधीक्षण यंत्री के वी मैथ्यू , कार्यपालन यंत्री जशपुर विनोद पंडित, कार्यपालन यंत्री कुनकुरी एस. पी. मरकाम , कार्यपालन यंत्री परियोजना मकेश्वर साय सहित जनप्रतिनिधिगण और अधिकारी मौजूद रहे। इस अवसर पर वित्त मंत्री चौधरी ने कहा कि यह योजना उपभोक्ताओं को बिजली उपभोक्ता से ऊर्जा दाता बनने का अवसर प्रदान करती है। इस योजना से न केवल उपभोक्ताओं के बिजली बिल में भारी बचत होगी, बल्कि सौर ऊर्जा के उपयोग से पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा।

इस योजना के अंतर्गत 01 से 03 किलोवाट तक रूफटॉप सोलर पैनल स्थापित कर हर महीने 100 से 360 यूनिट तक बिजली उत्पादन किया जा सकता है। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत 01 किलोवाट सोलर प्लांट लगाने पर केंद्र सरकार की तरफ से 30 हजार तो राज्य सरकार की तरफ से 15 हजार की सब्सिडी मिलती है। इसी तरह 02 किलोवाट सोलर प्लांट लगाने पर केंद्र सरकार की तरफ से 60 हजार तो राज्य सरकार की तरफ से 30 हजार की सब्सिडी और 03 किलोवाट सोलर प्लांट लगाने पर केंद्र सरकार की तरफ से 78 हजार तो राज्य सरकार की तरफ से 30 हजार की सब्सिडी मिलती है। इस योजना अंतर्गत सोलर प्लांट लगाने वाले उपभोक्ताओं को बैंक के द्वारा 6 प्रतिशत ब्याज दर पर आसान किस्तों में 10 वर्षों के लिए ऋण की सुविधा दी गई है। पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का लाभ लेने के लिए उपभोक्ता योजना का लाभ लेने के लिए उपभोक्ता https://pmsuryaghar.gov.in, पीएम सूर्यघर मोबाइल ऐप, सीएसपीडीसीएल वेबसाइट, मोर बिजली ऐप अथवा टोल फ्री नंबर 1912 पर कॉल कर आवेदन कर सकते हैं। इसके अलावा, इच्छुक उपभोक्ता नजदीकी सीएसपीडीसीएल कार्यालय से भी संपर्क कर सकते हैं।

# 24 चिकित्सा अधिकारियों के साथ 01 विशेषज्ञ चिकित्सक के संविदा नियुक्ति आदेश जारी

**रायपुर ( प्रतिदिन राजधानी )**

ग्रामीण और शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों तथा जिला अस्पतालों को मिले नए चिकित्सा अधिकारी व विशेषज्ञ चिकित्सक मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने व स्वास्थ्य सेवाओं की प्रदायगी हेतु पर्याप्त मानव संसाधन की उपलब्धता सुनिश्चित करते हुए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत संविदा पदों पर विशेषज्ञ चिकित्सक व चिकित्सा अधिकारियों की नियुक्ति की गई है।

> ⇨ मुख्यमंत्री की पहल पर प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने चिकित्सा अधिकारियों के संविदा नियुक्ति आदेश जारी, स्वास्थ्य मंत्री के निर्देश पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन ने जारी किया आदेश

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने बताया कि प्रदेश के विभिन्न जिलों में 01 विशेषज्ञ चिकित्सक सहित 24 चिकित्सा अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, छत्तीसगढ़ द्वारा आज इन नवीन संविदा चिकित्सा अधिकारियों की पदस्थापना के आदेश जारी किए गए हैं। इन डॉक्टरों को संबंधित जिले के विभिन्न ग्रामीण और शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों तथा जिला चिकित्सालयों में पदस्थ किया गया है। नवीन संविदा चिकित्सा अधिकारी की पदस्थापना से त्वरित इलाज में तेजी आएगी और चिकित्सा सुविधाओं को बढ़ावा मिलेगा।

विशेषज्ञ चिकित्सक (संविदा) के जारी आदेश में डॉ. विकास कुमार साहू को जिला अस्पताल धमतरी में पदस्थापना की गई है।

जिलों हेतु चिकित्सा अधिकारी(संविदा) के जारी आदेश में डॉ आकाश नागदेव, डॉ जयंती लाल दारियो, डॉ. प्रशांत सिंह, डॉ विशाल पत्रे, डॉ अदिति मारिया लाकर, डॉ भाविका टंडन, डॉ मेनका दांडेकर, डॉ वर्षा कुमारी, डॉ जयालक्ष्मी बिंझवार, डॉ नीतू नन्द, डॉ विनीता मिर्झा, डॉ बी. दिव्यांशी, डॉ निशा पैकरा, डॉ अल्का कुजूर, डॉ जॉन कुजूर, डॉ. संगीता कंवर, डॉ हीना कश्यप, डॉ शायल पटेल, डॉ नीरज कुमार गंगराले, डॉ प्रवीन कुमार, डॉ आशुतोष, डॉ दीप्ति जतवार, डॉ दीपाली भूआर्य, डॉ झरना रानी मारकोले को प्रदेश के विभिन्न जिलों में पदस्थ किया गया है ।स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने बताया कि प्रदेश के विभिन्न जिलों में 01 विशेषज्ञ चिकित्सक सहित 24 चिकित्सा अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, छत्तीसगढ़ द्वारा आज पदस्थापना के आदेश जारी किए गए हैं। इन डॉक्टरों को संबंधित जिले के विभिन्न ग्रामीण और शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों तथा जिला चिकित्सालयों में पदस्थ किया गया है। नवीन संविदा चिकित्सा अधिकारी की पदस्थापना से त्वरित इलाज में तेजी आएगी और चिकित्सा सुविधाओं को बढ़ावा मिलेगा।

# दावड़ा विश्वविद्यालय को शिक्षा क्षेत्र में उत्कृष्टता सम्मान, छात्रों ने भी बटोरे अवार्ड

**रायपुर ( प्रतिदिन राजधानी )**

रायपुर - Visionaries of Chhattisgarh (Rajat Jayanti) कार्यक्रम में दावड़ा विश्वविद्यालय ने एक और उपलब्धि अपने नाम की। विश्वविद्यालय की महानिदेशक डा. चार्मी दावड़ा को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता सम्मान (E&cellence Award in the field of Education) से सम्मानित किया गया। इसी अवसर पर विश्वविद्यालय के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने भी अपनी उपलब्धियों से संस्थान का गौरव बढ़ाया। किशन मंडावी (बीसीए, तृतीय सेमेस्टर) ने घुड़सवारी में प्रथम स्थान, आशीष कुमार शर्मा (एम.एससी., प्रथम सेमेस्टर, योग) ने शूटिंग में प्रथम स्थान, और पायल साहू (बी.एससी. फैशन डिजाइनिंग, तृतीय सेमेस्टर) ने शैक्षणिक उपलब्धि में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त कई अन्य छात्रों को भी विभिन्न क्षेत्रों में सम्मानित किया गया तथा उन्हें छत्तीसगढ़ विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष एवं इस आयोजन के मुख्य अतिथि डॉ. रमन सिंह से मिलने का अवसर प्राप्त हुआ।




अपने संबोधन में डॉ. रमन सिंह ने छत्तीसगढ़ की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा छत्तीसगढ़ ने 25 वर्षों की यात्रा में हर क्षेत्र में उत्कृष्टता हासिल की है चाहे वह शिक्षा हो, स्वास्थ्य, खेल, कृषि या औद्योगिक विकास। यह राज्य आज देश में प्रगति का एक आदर्श उदाहरण बन चुका है और युवाओं की ऊर्जा तथा प्रतिभा इसमें सबसे बड़ी शक्ति है। इस अवसर पर महानिदेशक डा. चार्मी दावड़ा ने कहा यह सम्मान पूरे दावड़ा विश्वविद्यालय परिवार की मेहनत और प्रतिबद्धता का परिणाम है। हमारा उद्देश्य छात्रों को न केवल शिक्षा में बल्कि खेल और अन्य सह-पाठयक्रम गतिविधियों में भी उत्कृष्टता की ओर अग्रसर करना है।

# बाढ़ प्रभावितों को भारतीय किसान यूनियन ने बाँटी राहत सामग्री




**रायपुर ( प्रतिदिन राजधानी )**

बस्तर संभाग में लगातार हो रही भारी बारिश और बाढ़ के कारण बस्तर, दंतेवाड़ा, सुकमा और बीजापुर जिलों के कई ग्राम बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। इस प्राकृतिक आपदा से पीड़ित महिलाओं एवं बच्चों की दैनिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) छत्तीसगढ़ की ओर से राहत सामग्री का वितरण किया गया।

राहत सामग्री में पहनने के लिए कपड़े, चादरें, बेडशीट तथा खाने की सुखी वस्तुएँ शामिल थीं। इन सामग्रियों को प्रभावित परिवारों तक पहुँचाकर उन्हें तात्कालिक सहयोग प्रदान किया गया।

इस अवसर पर भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश प्रभारी प्रवीन क्रांति, प्रदेश अध्यक्ष संजय पंत, प्रदेश उपाध्यक्ष कृष्णा नरवाल, प्रदेश सह सचिव कमल कुशवाह, प्रदेश महासचिव तेजराम विद्रोही, बस्तर संभाग अध्यक्ष शिवा स्वर्णकार, कार्यकारिणी सदस्य सुरेंदर शर्मा, तथा दंतेवाड़ा जिले के कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।

भारतीय किसान यूनियन ने कहा कि प्राकृतिक आपदा की इस घड़ी में संगठन हमेशा किसानों और आम जनता के साथ खड़ा है और आगे भी ज़रूरत पड़ने पर हर संभव मदद करेगा।

# एमआईसी सदस्यो, वार्ड पार्षद, अधिकारियों सहित किया सडक का निरीक्षण

**रायपुर ( प्रतिदिन राजधानी )**

संध्या नगर पालिक निगम रायपुर की महापौर श्रीमती मीनल चौबे ने राजधानी शहर रायपुर के भाठागांव चौक से दतरेंगा मोड तक 15 वें वित्त आयोग मद से 3 करोड 45 लाख रू. की लागत से प्रस्तावित नई सडक के निर्माण एवं विकास के कार्य को लेकर स्थल निरीक्षण किया एवं अधिकारियो को नई सडक का निर्माण व विकास तय समय सीमा के भीतर सतत मॉनिटरिंग कर गुणवत्ता सहित जनहित में जनसुविधा हेतु प्राथमिकता से करवाने के निर्देश दिये। महापौर श्रीमती मीनल चौबे ने निर्देशित किया कि सडक निर्माण के पूर्व भाठागांव चौक के पास राईजिंगमेन पाईप लाईन में आये लीकेज की मरम्मत और आवश्यक सुधार का कार्य अतिशीघ्र कार्य को पूर्ण करवाये ताकि पाईप लाईन मरम्मत के बाद नागरिको को व्यवस्थित जलापूर्ति हो सके।



# निगम जोन 8 ने वार्ड 1 में स्वीकृति विपरीत / बिना अनुमति अवैध निर्माण को हटाया

**रायपुर ( प्रतिदिन राजधानी )**

रायपुर नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त विश्वदीप के निर्देशानुसार नगर निगम जोन 8 नगर निवेश विभाग द्वारा जोन 8 जोन कमिश्नर मती राजेश्वरी पटेल के मार्गनिर्देशन में रायपुर नगर निगम जोन 8 अंतर्गत वार्ड वीर सावरकर नगर वार्ड क्रमांक 1के क्षेत्र में स्वीकृति के विपरीत/बिना अनुमति किये निवेश विभाग के सहायक अभियंता फरहाज फारूखी और उप अभियंता लोचन प्रसाद चौहान की उपस्थिति में स्वीकृति विपरीत /बिना अनुमति अवैध निर्माण को स्थल पर तोड़ा गया एवं भविष्य में स्वीकृति लेकर नियमानुसार निर्माण करवाने की कड़ी हिदायत सम्बंधित निर्माणकर्ता को नगर निगम जोन 8 नगर निवेश विभाग की ओर से दी गयी.

# बैंक ऑफ बड़ौदा ने ऋण सुरक्षा बीमा का किया भुगतान

**दारासिंह सलूजा को दिया गया 89 लाख 96 हज़ार चार सौ ग्यारह का चेक**

**रायपुर ( प्रतिदिन राजधानी )**

,बैंक ऑफ़ बड़ौदा तिलदा शाखा जिला रायपुर द्वारा पंकज सलूजा 89 लाख 96 हज़ार चार सौ ग्यारह रुपए का ऋण सुविधा प्रदान की गई थी,जिसे शाखा द्वारा अपने टाईअप पार्टनर निवा बूपा हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी से ऋण सुरक्षा पॉलिसी करवाया गया था। पॉलिसी धारक की हृदयघात से आकस्मिक निधन होने पर ऋण स्वीकृत राशि 89,96,411 रुपए निवा बुपा हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी द्वारा दावा स्वीकृत किया गया। बैंक ऑफ़ बड़ौदा के उप महाप्रबंधक(व्यवसाय विकास), रायपुर अंचल, भरतकुमार चावड़ा,उप क्षेत्रीय प्रमुख एवं सहायक महाप्रबंधक,रायपुर क्षेत्र प्रदीप कुमार यादव एवं निवा बुपा के आंचलिक अधिकारी चैन सिंह विश्वकर्मा द्वारा दिवंगत पंकज सलूजा के पिता दारासिंह सलूजा को89 लाख 96 हज़ार चार सौ ग्यारह रुपएकी चेक राशि प्रदान की गई ।




भरतकुमार चावड़ा,उप महाप्रबंधक(व्यवसाय विकास), रायपुर अंचल ने इस अवसर पर कहा कि प्रत्येक ऋण के साथ बीमा सुरक्षा अनिवार्य होनी चाहिए, ताकि हमारे ग्राहक किसी भी आपातकालीन या विकट परिस्थिति में आर्थिक रूप से सुरक्षित और आत्मनिर्भर बने रहें। यह न केवल उनके परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करता है, बल्कि वित्तीय प्रणाली में स्थिरता भी लाता है।

दारासिंह सलूजा ने बैंक ऑफ बड़ौदा के इस योगदान की सराहना की।

# हिंद युग्म उत्सव 2025 का आयोजन 20 - 21 सितंबर को दीनदयाल ऑडिटोरियम रायपुर में




**रायपुर ( प्रतिदिन राजधानी )**

देशभर से आएंगे लगभग 100 लेखक और साहित्यकार आयोजन के केंद्र में होंगे सुप्रसिद्ध साहित्यकार विनोद कुमार शुक्ल मानव कौल, राहगीर, फैजल मलिक, परितोष त्रिपाठी, दिव्य प्रकाश दुबे, नीलोत्पल मृणाल को सुनने का मिलेगा अवसर राजधानी रायपुर में साहित्य प्रेमियों के लिए दो दिवसीय हिंद युग्म उत्सव 2025 का आयोजन होने जा रहा है। इस आयोजन के माध्यम से छत्तीसगढ़ पहली बार इस अनोखे साहित्यिक उत्सव का साक्षी बनेगा। आगामी 20 और 21 सितंबर को पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम, रायपुर में कहानियों, कविताओं, संगीत और कला का संगम देखने को मिलेगा।

यह आयोजन कई मायनों में विशेष होगा। इसमें देशभर के प्रसिद्ध साहित्यकारों और लेखकों को सुनने और उनसे मिलने का अवसर मिलेगा। मानव कौल, राहगीर, 'पंचायत' फेम फैजल मलिक, परितोष त्रिपाठी और नीलोत्पल मृणाल जैसे लोकप्रिय साहित्यकार एवं कलाकार भी इसमें शामिल होंगे। हिंद युग्म उत्सव 2025 सुप्रसिद्ध साहित्यकार विनोद कुमार शुक्ल को केंद्र में रखकर आयोजित किया जा रहा है। इस दौरान शुक्ल जी की कविताओं की नाट्य प्रस्तुतियाँ होंगी तथा उन पर केंद्रित एक डॉक्यूमेंट्री का प्रदर्शन भी किया जाएगा।

इसके अलावा उत्सव में साहित्य प्रेमियों के लिए किताबों की दुनिया और इसके नए ट्रेंड्स पर परिचर्चाएँ, लेखकों से मुलाक़ात, सिने-अभिनेताओं और सिनेमा विशेषज्ञों से संवाद, 'हिन्दवी' का विशेष कैंपस-कविता कार्यक्रम, ओपन माइक छत्तीसगढ़ ङ्क मंच खुला है के अंतर्गत 200 से अधिक नई प्रतिभाओं की प्रस्तुतियाँ, संगीतमय संध्या, स्टैंड-अप कॉमेडी, बच्चों और बड़ों के लिए टेराकोटा एवं पेंटिंग कार्यशालाएँ आयोजित होंगी। देशभर के प्रमुख प्रकाशकों की किताबों की प्रदर्शनी और बिक्री के स्टॉल लगाए जाएंगे। साथ ही आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस पर विशेष सत्र, नई किताबों का लोकार्पण, आगामी पुस्तकों के कवर रिलीज़, स्टोरीटेलिंग और लाइव सिंगिंग जैसे कई महत्वपूर्ण सत्र भी होंगे।

उत्सव में छत्तीसगढ़ की संस्कृति की झलक भी देखने को मिलेगी। इसमें राज्य के लोकनृत्य, लोकगायन और लोककलाओं का प्रदर्शन किया जाएगा। छत्तीसगढ़ के कलाकारों द्वारा बनाई गई पेंटिंग, मूर्तियाँ, क्राफ्ट प्रदर्शित की जाएंगी। साथ ही राज्य के पारंपरिक व्यंजन, हैंडलूम और हैंडीक्राफ्ट के स्टॉल भी लगाए जाएंगे। गौरतलब है कि हिंद युग्म उत्सव देश का एकमात्र घुमंतू साहित्य उत्सव है, जो हर वर्ष देश के अलग-अलग शहरों में आयोजित किया जाता है। इसका चौथा संस्करण 20 और 21 सितंबर 2025 को रायपुर में आयोजित होगा। इससे पूर्व इसके तीन संस्करण क्रमशः बाड़मेर, वाराणसी और भोपाल में आयोजित किए जा चुके हैं। यह उत्सव लेखन, कला, साहित्य और किताबों की दुनिया के नए रुझानों पर बातचीत का अवसर प्रदान करता है और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से किताबों का उत्सव मनाता है।

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे इंदौर से राष्ट्रीय शुभारंभ**

# 17 से 2 अक्टूबर तक चलेगा स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान

**रायपुर ( प्रतिदिन राजधानी )**

महिलाओं के स्वास्थ्य और सशक्तिकरण को केंद्र में रखते हुए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक देशव्यापी स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान शुरू करने जा रहा है। इस अभियान का समापन गांधी जयंती पर होगा। इसका राष्ट्रीय शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इंदौर (मध्यप्रदेश) से करेंगे। यह अभियान महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा मनाए जा रहे पोषण माह के साथ मिलकर चलाया जाएगा, ताकि मातृ, किशोरी और बाल पोषण पर व्यापक असर डाला जा सके।

**अभियान के प्रमुख कार्यक्रम**

स्वास्थ्य जांच शिविर- महिलाओं के लिए उच्च रक्तचाप, मधुमेह, मुख कैंसर, स्तन कैंसर, गर्भाशय ग्रीवा कैंसर, एनीमिया, टीबी और सिकल सेल रोग की जांच। साथ ही स्त्री रोग विशेषज्ञ, नेत्र, ईएनटी, त्वचा, मानसिक स्वास्थ्य एवं दंत विशेषज्ञ जैसी सेवाएँ। मातृ एवं शिशु देखभाल- गर्भवती महिलाओं की प्रसवपूर्व जांच (हृष्ट), परामर्श और बच्चों का टीकाकरण। जागरूकता अभियान- किशोरियों व महिलाओं के लिए मासिक धर्म स्वच्छता और पोषण संबंधी सत्र, रसोई तेल की खपत में कमी को बढ़ावा, पोषण परामर्श व वेलनेस सत्र।

निक्षय मित्र अभियान- टीबी मरीजों को सहयोग देने के लिए जोड़ा जाएगा। स्वास्थ्य जांच उच्च रक्तचाप, मधुमेह, मुख और सिकल सेल रोग की जांच। साथ ही स्त्री रोग विशेषज्ञ, नेत्र, ईएनटी, त्वचा, मानसिक स्वास्थ्य एवं दंत विशेषज्ञ जैसी सेवाएँ। मातृ एवं शिशु देखभाल- गर्भवती महिलाओं की प्रसवपूर्व जांच (हृष्ट), परामर्श और बच्चों का टीकाकरण। जागरूकता अभियान- किशोरियों व महिलाओं के लिए मासिक धर्म स्वच्छता और पोषण संबंधी सत्र, रसोई तेल की खपत में कमी को बढ़ावा, पोषण परामर्श व वेलनेस सत्र।

रक्तदान शिविर- 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक विशेष रक्तदान अभियान, 1 अक्टूबर को राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस पर 1 लाख यूनिट रक्त संग्रह का लक्ष्य।

निजी अस्पतालों की भागीदारी निजी स्वास्थ्य संस्थान भी महिलाओं के लिए स्वास्थ्य शिविर आयोजित करेंगे।

**राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों की भूमिका**

स्वास्थ्य मंत्रालय ने सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से इस अभियान को जनआंदोलन के रूप में सफल बनाने का आह्वान किया है। राज्यों से अपेक्षा की गई है कि वे स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन आयुष्मान आरोग्य मंदिरों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, जिला अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों में करें।

भारत सरकार की स्वास्थ्य सचिव मती पुण्य सलिला वास्तव ने कहा कि यह अभियान महिलाओं के स्वास्थ्य और पोषण को सुदृढ़ करने का एक महत्वपूर्ण अवसर है, जिससे परिवार और समाज दोनों सशक्त होंगे।

सम्पादकीय

## राधाकृष्णन से उम्मीदें

इसमें दो राय नहीं कि भारत के पंद्रहवें उपराष्ट्रपति के रूप में सीपी राधाकृष्णन का चुनाव विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र की संवैधानिक यात्रा में निरंतरता और परिवर्तन, दोनों का ही प्रतीक है। सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन यानी राजग के उम्मीदवार के के रूप में उन्होंने विपक्ष के साझा उम्मीदवार बी सुदर्शन रेड्डी को 152 मतों के बड़े अंतर से हराया। यह जीत राजग सरकार की विधायी शक्ति और संगठनात्मक अनुशासन को भी रेखांकित करती है। निस्संदेह, भाजपा के लिये, सीपी राधाकृष्णन का चयन एक रणनीतिक कदम ही है। तमिलनाडु के एक अनुभवी नेता, जिनकी आरएसएस में गहरी जड़ें रही हैं, ने पार्टी में महत्वपूर्ण नेतृत्वकारी भूमिकाएं भी निभाई हैं। वे पार्टी से दो बार लोकसभा के लिये सांसद चुने गए। राज्यपाल पद से उन्हें उपराष्ट्रपति पद के लिये पदोन्नत करके, एनडीए ने न केवल उनकी निष्ठा और अनुभव को पुरस्कार दिया है, बल्कि राष्ट्रीय राजनीति में एक दक्षिण भारत के चेहरे को प्रतिष्ठा देकर अपने दूरगामी इरादों को भी जाहिर कर दिया है। जिसका एक सिरा भाजपा के दक्षिण भारत में अपना प्रभाव बढ़ाने के रूप में पार्टी की एक व्यापक महत्वाकांक्षा से भी जुड़ता है। उस महत्वपूर्ण राजनीतिक क्षेत्र में जहां उसे पारंपरिक रूप से चुनावी पैठ बनाने के लिए अब भी संघर्ष करना पड़ता है। उल्लेखनीय है कि सीपी राधाकृष्णन को राजग के उपराष्ट्रपति पद के लिये उम्मीदवार बनाने के निर्णय ने सबको चौंकाया था। वहीं दूसरी ओर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह निर्णय उनकी राजनीतिक स्मृति की विरासत को भी दर्शाता है। पार्टी के उन नेताओं का सम्मान करना, जिनकी पार्टी के कठिन वर्षों के दौरान की दृढ़ता ने आज की मजबूत भाजपा के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया। वहीं उनका चुना जाना विपक्ष के राजग का सशक्त विकृप बनाने के संघर्ष को भी उजागर करता है। उप राष्ट्रपति पद के चुनाव में हार का अंतर न केवल राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की ताकत को दर्शाता है बल्कि वहीं दूसरी ओर विपक्ष की फूट और क्रॉस-वोटिंग को भी दर्शाता है। बहरहाल, सीपी राधाकृष्णन का उप राष्ट्रपति पद के लिये चुना जाना विपक्ष के लिये एक सबक जैसा भी है। जो उसे याद दिलाता है कि प्रतीकात्मक मुकाबले एक सुसंगत रणनीति का विकृप नहीं हो सकते। निर्विवाद रूप से उपराष्ट्रपति का पद केवल औपचारिक व्यक्ति से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है। वे सांविधानिक पद सोपान में दूसरे सबसे ऊंचे पद पर तो आसीन होते ही हैं, राज्यसभा के पदेन सभापति के रूप में उनकी जिम्मेदारियां भी महत्वपूर्ण होती हैं। राज्यसभा के पदेन सभापति के रूप में उन्हें उच्च सदन में अकसर होने वाले हंगामेदार वाद-विवादों का भी शालीनतापूर्वक निपटारा करना होगा।

# विपक्ष की नकारात्मक राजनीति और राष्ट्र-विरोधी विमर्श पर राष्ट्रवाद की जीत ने कई संदेश दिये

**उपराष्ट्रपति चुनाव के परिणाम ने भारतीय राजनीति में कई नये संकेत दिए हैं। भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाले एनडीए के उम्मीदवार सी.पी. राधाकृष्णन ने विपक्षी खेमे के साझा प्रत्याशी और पूर्व न्यायाधीश बी. सुदर्शन रेड्डी को मात देकर देश के 15वें उपराष्ट्रपति पद पर विजय हासिल की। यह विजय कई मायनों में खास है क्योंकि 452 बनाम 300 वोट का अंतर केवल एक चुनावी आँकड़ा नहीं है, बल्कि राष्ट्रीय राजनीति की नयी दिशा की ओर इशारा करता है।**

नीरज कुमार दुबे।




विपक्ष ने दावा किया था कि उसके सभी 315 सांसद मतदान में उपस्थित रहे और पूरा खेमे ने एकजुटता दिखायी। लेकिन नतीजे में विपक्ष 15 वोट पीछे रह गया और उतने ही वोट अमान्य घोषित हुए। इसका सीधा अर्थ यह है कि विपक्षी खेमे में या तो क्रॉस वोटिंग हुई या जानबूझकर अमान्य मत डाले गये। यही घटना विपक्षी गठबंधन की एकता पर गहरे सवाल खड़े करती है। दरअसल, इस परिणाम ने विपक्षी दलों की आंतरिक असहमति और पारस्परिक अविश्वास को उजागर कर दिया है।

**राष्ट्रवादियों की जीत के मायने :** उधर, राधाकृष्णन ने अपनी जीत को राष्ट्रवादियों की जीत बताया है। इसका सकारात्मक अर्थ यह है कि एनडीए की राजनीति केवल चुनावी अंकगणित तक सीमित नहीं है, बल्कि वह राष्ट्रवादी विचारधारा को जनता और सांसदों के बीच एक व्यापक स्वीकृति दिलाने में सफल रहा है। देखा जाये तो हाल के वर्षों में विपक्ष ने अपनी राजनीति का केन्द्र सत्ता विरोध तक सीमित कर दिया है। स्वस्थ लोकतांत्रिक विमर्श की जगह आरोप-प्रत्यारोप, नकारात्मक प्रचार और देश की संवैधानिक संस्थाओं को कठघरे में खड़ा करने की परंपरा बनती जा रही है। संसद से लेकर न्यायपालिका और चुनाव आयोग तक, विपक्ष की ओर से लगातार यह प्रयास देखा गया है कि जनता के मन में इन संस्थानों के प्रति अविश्वास पैदा किया जाए। यही कारण है कि उपराष्ट्रपति चुनाव केवल एक पद के लिए मतदान नहीं था, बल्कि यह उस नकारात्मक राजनीति और राष्ट्र-विरोधी विमर्श के खिलाफ एक जनादेश की तरह सामने आया। सी.पी. राधाकृष्णन की ऐतिहासिक जीत ने स्पष्ट कर दिया है कि देश की राजनीति में राष्ट्रवाद की विचारधारा ही जनता के विश्वास की धुरी है। विपक्ष भले ही इसे संख्या का खेल बताने का प्रयास करे, लेकिन तथ्य यह है कि क्रॉस वोटिंग और विपक्षी खेमे में बिखराव ने उनकी एकता की पोल खोल दी। यह संदेश दूर तक गया है कि जब बात राष्ट्रहित और स्थिरता की आती है तो विपक्षी दलों के भीतर भी कई लोग एनडीए के साथ खड़े होना पसंद करते हैं। यह जीत विपक्ष द्वारा रची जा रही उस नकारात्मक छवि को भी ध्वस्त करती है जिसमें संवैधानिक पदों को मात्र राजनीतिक उपकरण के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा था। राधाकृष्णन ने इसे राष्ट्रवाद की जीत कहा है और इसमें गहरा संदेश छिपा है। दरअसल, यह जीत उन लोगों के लिए आश्वस्ति है जो मानते हैं कि लोकतंत्र में विरोध ज़रूरी है लेकिन विरोध की आड़ में देश की संस्थाओं को कमजोर करना आत्मघाती है। देखा जाये तो उपराष्ट्रपति चुनाव में राष्ट्रवादियों की जीत विपक्ष की नकारात्मक राजनीति पर करारा जवाब है।

**तमिलनाडु की राजनीति पर क्या असर होगा :** इसके अलावा, उपराष्ट्रपति पद पर सीपी राधाकृष्णन की जीत का गहरा असर तमिलनाडु की राजनीति पर भी पड़ने वाला है। तमिलनाडु लंबे समय से द्रविड़ राजनीति का गढ़ रहा है, जहां भाजपा अब तक सीमित प्रभाव ही बना पाई है। लेकिन राधाकृष्णन जैसे वरिष्ठ और लोकप्रिय नेता का इस संवैधानिक पद तक पहुँचना भाजपा और एनडीए के लिए एक मनोबलवर्धक उपलब्धि है। सबसे पहले, यह जीत भाजपा को तमिलनाडु में राजनीतिक स्वीकार्यता दिलाती है। अब भाजपा केवल बाहरी ताकत नहीं, बल्कि तमिलनाडु से जुड़ा चेहरा रखने वाली राष्ट्रीय पार्टी के रूप में उभरेगी। राधाकृष्णन की साफ-सुथरी छवि और जमीनी पकड़ भाजपा को उन मतदाताओं के बीच पहुँचाने में मदद करेगी जो अब तक द्रविड़ पार्टियों के बीच उलझे रहे। जब तमिलनाडु के मतदाता देखेंगे कि उनके ही राज्य से आया एक नेता राष्ट्रीय राजनीति में इतना बड़ा पद हासिल कर रहा है, तो उन्हें भाजपा की प्रासंगिकता का अहसास होगा। यह विजय यह भी संदेश देती है कि भाजपा केवल उत्तर भारत की पार्टी नहीं है। दक्षिण भारत में भी भाजपा का राजनीतिक विस्तार संभव है। राधाकृष्णन की जीत से एनडीए को स्थानीय सहयोगी दलों के साथ तालमेल मजबूत करने में मदद मिलेगी और आगामी विधानसभा चुनावों में भाजपा का वोट शेयर बढ़ाने का आधार बनेगा। देखा जाये तो तमिलनाडु में भाजपा की सबसे बड़ी चुनौती डीएमके और एआईएडीएमके जैसी स्थापित द्रविड़ पार्टियां रही हैं। लेकिन उपराष्ट्रपति चुनाव ने दिखा दिया कि भाजपा अब किनारे की खिलाड़ी नहीं रही, बल्कि उसकी जड़ें मजबूत हो रही हैं। यह जीत भाजपा-एनडीए कार्यकर्ताओं को जोश से भर देगी और जनता के बीच यह संदेश जाएगा कि अगर राष्ट्रीय स्तर पर तमिलनाडु का नेता इतना बड़ा पद हासिल कर सकता है तो राज्य की राजनीति में भी भाजपा का भविष्य सुरक्षित है। राधाकृष्णन की जीत भाजपा और एनडीए के लिए तमिलनाडु विधानसभा चुनावों का मनोवैज्ञानिक और राजनीतिक पूंजी बनकर सामने आएगी, जो दक्षिण में पार्टी के विस्तार की दिशा में निर्णायक कदम साबित हो सकती है।

**क्षेत्रीय दलों ने क्या संदेश दिया :** इसके अलावा, इस चुनाव में क्षेत्रीय दलों का रुख भी महत्वपूर्ण रहा। आंध्र प्रदेश की वाईएसआर कांग्रेस पार्टी ने एनडीए उम्मीदवार का समर्थन किया, ओडिशा की बीजेडी और तेलंगाना की बीआरएस ने मतदान से अनुपस्थित रहकर अप्रत्यक्ष रूप से एनडीए की मदद की। यह स्थिति साफ़ दिखाती है कि राष्ट्रीय राजनीति में एनडीए की पकड़ मज़बूत हो रही है।

## प्रकृति की नाराजगी को नहीं समझा तो मानव अस्तित्व खतरे में

ललित गर्ग।

प्रकृति अपनी उदारता में जितनी समृद्ध है, अपनी प्रतिशोधी प्रवृत्ति में उतनी ही कठोर है। जब तक मनुष्य उसके साथ तालमेल में रहता है, तब तक वह जीवन को वरदान देती है, जल, जंगल और जमीन के रूप में। लेकिन जैसे ही मनुष्य अपनी स्वार्थपूर्ण महत्वाकांक्षाओं और तथाकथित आधुनिक विकास की अंधी दौड़ में प्रकृति की उपेक्षा करने लगता है, यही प्रकृति विनाश का रूप धारण कर लेती है। आज पूरे भारत में जो बाढ़, जल प्रलय और मौसम के अनियंत्रित बदलाव के दृश्य दिखाई दे रहे हैं, वे केवल प्राकृतिक आपदा नहीं हैं, बल्कि हमारी गलतियों का सीधा परिणाम हैं। प्रकृति के इस रौद्र रूप के पीछे महज संयोग या 'कुदरत की नाराज़गी' को जिम्मेदार ठहराना पर्याप्त नहीं है। यह आपदाएं सीधे-सीधे जलवायु परिवर्तन, वनों की अंधाधुंध कटाई और अनियंत्रित विकास मॉडल का परिणाम हैं। पहाड़ों का पारिस्थितिकी तंत्र अत्यंत संवेदनशील होता है, लेकिन नीतिनिर्माताओं ने पहाड़ों के विकास को मैदानी मॉडल पर ढालने की कोशिश की। बड़े-बड़े होटल, अव्यवस्थित सड़कें, बांध, खनन और निर्माण ने पहाड़ों की नाजुक संरचना को हिला दिया। जब जंगल काटे जाते हैं तो वर्षा का पानी भूमि में समाने के बजाय सीधे तेज धाराओं के रूप में बहने लगता है। यही बाढ़ और भूस्खलन का बड़ा कारण बनता है, इसी से भारी तबाही का मंजर देखने को मिल रहा है, देश के बड़े हिस्से में जन-जीवन अस्त-व्यस्त है, लाखों हेक्टेयर फसलें जनमग्न है, जान-माल का नुकसान भी बड़ा हुआ है, भारी आर्थिक नुकसान ने घना अंधेरा बिखेर दिया है। चारों ओर चिन्ताओं एवं परेशानियों के बादल मंडरा रहे हैं।



**आज की बाढ़ और जल प्रलय केवल पानी का उफान नहीं, बल्कि हमारी गलतियों का आईना है। यह प्रकृति का प्रतिशोध है, उसकी चेतावनी है कि यदि अब भी नहीं चेते तो भविष्य और भी विकराल होगा। महात्मा गांधी ने कहा था-प्रकृति हर किसी की आवश्यकता पूरी कर सकती है, लेकिन किसी के लालच को नहीं। यही सच्चाई है। यदि हमने संतुलन नहीं सीखा, तो यह विनाशकारी दृश्य आने वाले वर्षों में और भयावह होंगे। लेकिन यदि हमने चेतावनी को अवसर माना, तो प्रकृति फिर से मां की तरह हमें संभाल लेगी।**

जीवनदायी पानी जब अपने विकराल रूप में सामने आता है तो उसका प्रकोप कितना घातक और विनाशकारी हो सकता है, यह इस वर्ष की मूसलाधार मानसूनी बारिश एवं बादल फटने की घटनाओं ने एक बार फिर सिद्ध कर दिया है। सामान्यत: जल जीवन का आधार है, लेकिन जब वही जल अपनी मर्यादा तोड़कर प्रलयंकारी रूप में आता है तो घर, खेत, सड़क, पुल, मंदिर-मस्जिद और मानवीय जीवन तक बहाकर ले जाता है। उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर और पूर्वोत्तर के पहाड़ी राज्य इस समय प्रकृति के ऐसे ही कहर का दंश झेल रहे हैं। बादल फटने की अप्रत्याशित घटनाएं, पहाड़ों से टूटते हिमखंड, अचानक बहते मलबे और बेकाबू नदियों का सैलाब-ये सब मिलकर भयावह परिदृश्य खड़ा कर रहे हैं। वनों की कटाई ने न केवल भूमि की जलधारण क्षमता घटाई है, बल्कि स्थानीय जलवायु चक्र को भी प्रभावित किया है। ग्लोबल वार्मिंग के कारण तापमान बढ़ा है, जिससे पहाड़ी इलाकों में ग्लेशियर तेजी से पिघल रहे हैं और अप्रत्याशित समय पर अत्यधिक वर्षा हो रही है। यही कारण है कि बादल फटने जैसी घटनाएं पहले की तुलना में कई गुना बढ़ गई हैं। पहाड़ों की बस्तियां, जो कभी प्राकृतिक संतुलन में जीती थीं, अब मानवजनित गतिविधियों की मार झेल रही हैं। दरअसल, समस्या का मूल यह है कि हमने विकास की परिभाषा को केवल कंक्रीट और मशीनों से जोड़ दिया है। पर्यावरणीय संतुलन और पारिस्थितिकीय संवेदनशीलता को दरकिनार कर योजनाएं बनाई गईं। इसी का परिणाम है कि जब आपदा आती है तो न तो हमारी चेतावनी प्रणाली पर्याप्त साबित होती है और न ही प्रशासन की तैयारियां। सर्वोच्च न्यायालय में हिमाचल सरकार ने यह स्वीकार भी किया है कि अब तक अपनाए गए उपाय अपर्याप्त हैं।

## आर्थिक कायापलट करने वाली पहल, माइक्रोचिप सिर्फ एक इलेक्ट्रॉनिक पुर्जा नहीं, बल्कि पूरी अर्थव्यवस्था की धड़कन

डॉ. सुरजीत सिंह।

अमेरिका द्वारा लगाए गए अतिरिक्त टैरिफ से उबरने का प्रयास करती भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए डिजिटल डायमंड ने एक बड़ी उम्मीद जगाते हुए विदेशी निवेशकों का ध्यान भी अपनी तरफ खींचा है। हाल में आयोजित हुए सेमीकान इंडिया 2025 सम्मेलन में इलेक्ट्रानिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने पूरी तरह स्वदेशी 32-बिट माइक्रो चिप प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भेंट की। इसे मात्र 30 महीनों में तैयार कर सेमीकंडक्टर आत्मनिर्भरता की दिशा में बड़ी उपलब्धि हासिल की है। आधुनिक गाड़ियां अब पूरी तरह इलेक्ट्रानिक सिस्टम पर आधारित हैं, खासकर इलेक्ट्रिक वाहनों में बैटरी मैनेजमेंट, सेंसर और नेविगेशन के लिए चिप बेहद जरूरी हैं। स्वास्थ्य क्षेत्र में काम आने वाली कई तरह की अत्याधुनिक मशीनों जैसे एमआरआइ, सीटी स्कैन आदि में भी चिप की जरूरत होती है। बड़े पावर प्लांट्स, 5जी नेटवर्क, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और क्लाउड सर्विसेज सब सेमीकंडक्टर की बदौलत ही चलते हैं। भारत प्रतिवर्ष 20 से 25 अरब डालर से ज्यादा के सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रानिक चिप आयात करता है। आने वाले वर्षों में ये तस्वीर बदल सकती है, क्योंकि नए मिशन के तहत भारत खुद अपने सेमीकंडक्टर बना सकता है। भारत का मकसद सिर्फ घरेलू जरूरतें ही पूरी करना नहीं है, बल्कि दुनिया के सेमीकंडक्टर बाजार में अपनी बड़ी हिस्सेदारी बनाना भी है। 2023 में भारत का सेमीकंडक्टर बाजार 38 अरब डालर था, जो वित्त वर्ष 2024-25 में बढ़कर 40 से 50 अरब डालर का हो गया। 2030 तक यह बाजार एक ट्रिलियन (लाख करोड़) डालर से भी ज्यादा का हो जाएगा। यदि भारत इसमें से पांच से 10 प्रतिशत की हिस्सेदारी भी हासिल करता है तो देश की जीडीपी दो से तीन प्रतिशत तक बढ़ सकती है। इससे भारत के पांच ट्रिलियन डालर इकोनमी बनने में तेजी आएगी। सेमीकंडक्टर के चार नए प्रोजेक्ट लांच हो चुके हैं, जबकि प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के सहयोग से छह प्रोजेक्ट लांच होने के क्रम में हैं। भारत आज ताइवान, कोरिया, अमेरिका, चीन आदि देशों की महारत को चुनौती देने के लिए तैयार है। वैश्विक स्तर पर ताइवान का योगदान 66 प्रतिशत, 17 प्रतिशत दक्षिण कोरिया एवं आठ प्रतिशत योगदान चीन का है। माइक्रोचिप बनाने के लिए अत्याधुनिक प्लांट में हजारों इंजीनियर, तकनीशियन और आपरेटरों की आवश्यकता होती है। चिप निर्माण में सिलिकान वेफर, रसायन, विशेष गैसें और पैकेजिंग सामग्री का उपयोग होता है। इनकी आपूर्ति और प्रबंधन के लिए देशभर में छोटे-बड़े उद्योग और कंपनियां जुड़ेंगी, जिससे अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर करोड़ों की संख्या में उत्पन्न होंगे।



**आज की दुनिया में माइक्रोचिप सिर्फ एक इलेक्ट्रानिक पुर्जा नहीं, बल्कि पूरी अर्थव्यवस्था की धड़कन है। मोबाइल, लैपटाप, आटोमोबाइल, रक्षा उपकरण, मेडिकल मशीनें हर जगह चिप्स की आवश्यकता है। बिना इनके हमारे रोजमर्रा के गैजेट्स और मशीनें अधूरी हैं। स्मार्टफोन, लैपटाप, टीवी, स्मार्टवाच, इंटरनेट की गति आदि सभी सेमीकंडक्टर पर चलते हैं।**

भारत पहले से ही आइटी और चिप डिजाइन में दुनिया का एक मजबूत केंद्र है। चिप डिजाइन, टेस्टिंग और साफ्टवेयर इंजीनियरिंग के क्षेत्र में लाखों उच्च कौशल वाले रोजगार उपलब्ध होंगे। माइक्रोचिप उद्योग से जुड़े परिवहन, गोदाम, सुरक्षा, सफाई और तकनीकी सेवाओं जैसे क्षेत्रों में भी बड़ी संख्या में लोगों को रोजगार मिलेगा। सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री के बाजार पर प्रभुत्व स्थापित करने के लिए आवश्यक है कि सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री के लिए विशेष कोर्स, प्रशिक्षण केंद्र और अनुसंधान संस्थान विकसित किए जाएं।

बॉलीवुड समाचार

## दिल्ली हाई कोर्ट ने ऐश्वर्या राय के पक्ष में सुनाया फैसला



बॉलीवुड अभिनेत्री ऐश्वर्या राय ने दिल्ली हाई कोर्ट में एक याचिका दायर की थी, जिसमें उन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के माध्यम से उनके व्यक्तित्व अधिकारों के उल्लंघन और फर्जी वेबसाइटों द्वारा उनके नाम और छवि के दुरुपयोग पर रोक लगाने की मांग की। ऐश्वर्या के वकील ने बताया कि अभिनेत्री की छवि का गलत इस्तेमाल किया जा रहा है। अब दिल्ली हाई कोर्ट ने ऐश्वर्या के पक्ष में फैसला सुनाया है।

### ऐश्वर्या की लोकप्रियता से फायदा नहीं उठा पाएंगे वेबसाइटें

दिल्ली हाई कोर्ट ने ऐश्वर्या के व्यक्तित्व अधिकारों की रक्षा करते हुए कहा कि किसी भी व्यक्ति के नाम, छवि या व्यक्तिगत गुणों का बिना अनुमति इस्तेमाल करना उनकी निजता और सम्मानजनक जीवन के अधिकार का उल्लंघन है। न्यायमूर्ति तेजस करिया ने इस मामले में अंतरिम आदेश जारी करते हुए विभिन्न संस्थाओं को निर्देश दिया है कि वे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डीपफेक, फेस मॉर्फिंग या अन्य किसी तकनीक का इस्तेमाल कर अभिनेत्री की पहचान का दुरुपयोग न करें।

### अदालत ने क्या कहा?

अदालत ने साफ कहा कि इस तरह का दुरुपयोग न केवल ऐश्वर्या को आर्थिक नुकसान पहुंचाता है, बल्कि उनकी गरिमा, प्रतिष्ठा और साख पर भी गहरी चोट करता है। कोर्ट ने कहा, व्यक्तित्व अधिकारों में यह शामिल है कि व्यक्ति अपनी छवि, नाम, समानता या अन्य गुणों का व्यावसायिक शोषण करने की अनुमति देगा या नहीं। बता दें कि हाल ही में ऐश्वर्या के पति और अभिनेता अभिषेक बच्चन ने भी दिल्ली हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था।

# अपने एक आंख के अंधेपन को अपनी ताकत बनाया मजाक में कहता था- मैं कहीं भी मार सकता हूं : राणा दग्गुबाती

अपनी सीरीज राणा नायडू सीजन 2 के लिए चर्चा बटोर चुके राणा दग्गुबाती बाहुबली के भल्लालदेव के किरदार के रूप में लोकप्रिय रहे हैं। अभिनेता ही नहीं निर्माता और डिस्ट्रीब्यूटर के रूप में वे सिनेमा की बारीकियों को भी खूब जानते हैं।

### बॉक्स ऑफिस इस वक्त काफी अनिश्चित दौर से गुजर रहा है आपका क्या कहना है?

मुझे लगता है, बॉक्स ऑफिस एक न्यूट्रल चीज है। यह फिल्म के अच्छे या बुरे होने पर निर्भर करता है। बॉक्स ऑफिस का समय के साथ कोई रिलेशन नहीं होता। कांतारा, एनीमेशन फिल्म महावतार नरसिम्हा और कई इंडिपेंडेंट तमिल-तेलुगू फिल्मों ने भी बहुत अच्छा बिजनेस किया। जैसे कांतारा 15 करोड़ की फिल्म थी, मगर उसने 500 करोड़ का बिजनेस किया था। सिनेमा में अच्छा-बुरा दौर चलता रहता है। दर्शकों को वैरायटी चाहिए होती है, मगर मेकर्स की प्रॉब्लम ये है कि अगर एक्शन या लव स्टोरी चल गई, तो वे लगातार उसी तरह की फिल्म बनाने में लग जाते हैं। मगर इंडिपेंडेटंट फिल्मों की लागत बड़ी फिल्मों की तुलना में कम होती है, तो बॉक्स ऑफिस पर इनके सर्वाव करने के चांसेज ज्यादा होते हैं।

### स्टार्स अगर अपनी फीस कम करें, तो फिल्म के बजट को कंट्रोल में लाया जा सकता है?

स्टार्स की फीस का सवाल पूरी तरह पर्सनल चॉइस है। अगर उनकी फीस ज्यादा लगती है, तो मेकर्स न्यूकमर्स के साथ फिल्म बना सकते हैं। हर कोई अपनी वैल्यू की कीमत मांगता है और कई प्रोड्यूसर उसे देने को तैयार भी होते हैं। असल मसला भरोसे का है। क्या आप नए डायरेक्टर्स या नए चेहरों पर दांव लगाने को तैयार हैं? बहुत कम लोग ऐसा करते हैं। जबकि दूसरी इंडस्ट्रीज़ में देखें तो नानी, विजय देवरकोंडा जैसे एक्टर्स नए डायरेक्टर्स के साथ काम करते हैं और तरुण भास्कर जैसे फिल्ममेकर्स ने पहली ही फिल्म में खुद को साबित किया। सलमान दुलकर ने भी नए डायरेक्टर सेल्वा के साथ काम किया। यहां यही कमी है कि लोग एक-दूसरे पर यकीन नहीं करते। आखिरकार, फिल्म को उसकी कहानी और मेरिट पर तौला जाना चाहिए। अगर ऐसा हो, तो बजट, स्टार फीस और बाकी समस्याएं खुद सुलझ जाएंगी।

### वो दौर कैसा था, जब आपको एक आंख से दिखाई नहीं देता था? आप कई तरह की सर्जरी से भी गुजरे?

हर इंसान की जिंदगी में मुश्किलें आती हैं, लेकिन वही चुनौतियां इंसान को मजबूत बनाती हैं। मेरे लिए उस कठिन दौर में सबसे बड़ा सहारा मेरा परिवार और सिनेमा रहा। विज़ुअली इंपेयर्ड होने की कमी को ही मैंने अपनी ताकत बना लिया। पढ़ाई, डिबेट, ड्रामा, हर जगह अच्छा करता था, और स्टेज परफॉर्मेंस के वक्त मुझे ऑडियंस दिखती ही नहीं थी, तो स्टेज फ़ियर का सवाल ही नहीं था। एक्शन सीन के दौरान भी मैं बिंदास परफॉर्म करता हूं। मेरे को-स्टार्स को ही ध्यान रखना पड़ता है कि मुझे कम दिखाई देता है। मैं तो बस जोरदार एक्शन करता जाता हूं और पहले ही सबको चेता देता हूं, सावधान रहना, मैं कहीं से भी मार सकता हूं! (जोर से ठहाका लगाते हैं)

### साबर बोंडा जैसी एलजीबीटीक्यू कम्युनिटी की मराठी फिल्म से जुड़ने का क्या कारण रहा?

दर्शकों को हमेशा नया कंटेंट चाहिए, लेकिन पिछले दस सालों में ऐसे सिनेमा को वो प्लेटफॉर्म नहीं मिला जिसकी जरूरत थी। कुछ फिल्में ओटीटी या इंटरनेशनल फेस्टिवल्स तक तो पहुंचती हैं, मगर आम दर्शक तक नहीं। जैसे निर्देशक रोहन कानावड़े की यह फिल्म सनडांस फिल्म फेस्टिवल में विजेता साबित होने वाली दक्षिण एशिया की पहली फिल्म थी। पहले श्याम बेनेगल, के. विश्वनाथ, के. बालाचंदर जैसे फिल्मकार सामाजिक मुद्दों की आवाज हुआ करते थे।



### आप मानते हैं, बीते सालों में रीजनल सिनेमा की ताकत बढ़ी है?

मैं खुद तेलुगू सिनेमा से हूं, तो मुझे तो हमेशा लगता है कि रीजनल सिनेमा ही असली ताकत है। पहली बार मुंबई आया, तो देखा कि यहां ज्यादातर लोग इंग्लिश में बात करते हैं, जबकि तेलुगू में हम अपनी भाषा में ही बातचीत करते हैं। मद्रास जाएंगे तो लोग तमिल में बात करेंगे। यानी हर जगह की अपनी बोली, अपना कल्चर है। यही तो इंडिया की असली विविधता है। यहां पर ज्यादातर फिल्ममेकर्स अंग्रेजी में बात करते हैं, तो मुझे लगा कि ये रीजनल सिनेमा की धारा के विपरीत है। रीजनल सिनेमा उसी विविधता और लोकल खुशबू को स्क्रीन पर लाता है।

सप्रे स्कूल का स्पीच एंड हियरिंग थेरेपी सेंटर देश में नंबर वन बनाने का लक्ष्य- बृजमोहन

# बाल कल्याण परिषद की आम सभा संपन्न सांसद बृजमोहन ने किया नए लोगो का विमोचन

**रायपुर ( प्रतिदिन राजधानी )**

परिषद की ऑडिट रिपोर्ट एवं बजट पर चर्चा, पूर्व पदाधिकारियों और गोल्ड मेडलिस्ट रंजीता कोरेटी का सम्मान छत्तीसगढ़ राज्य बाल कल्याण परिषद् के अध्यक्ष एवं सांसद बृजमोहन अग्रवाल की अध्यक्षता में गुरुवार को परिषद की आम सभा की बैठक संपन्न हुई।

इस अवसर पर परिषद के नए लोगो का विमोचन किया गया।

सभा को संबोधित करते हुए अग्रवाल ने कहा कि, परिषद के कार्यों को और अधिक प्रभावी एवं परिणाममूलक बनाना हमारी प्राथमिकता है। सप्रे स्कूल में संचालित स्पीच एंड हियरिंग थेरेपी सेंटर को देश में नंबर वन बनाना हमारा लक्ष्य है। राज्य सरकार द्वारा नवा रायपुर में इसके लिए जमीन आवंटित की जा चुकी है, शीघ्र ही वहां नए भवन का निर्माण प्रारंभ होगा। हमको ज्यादा से ज्यादा लोगों और व्यावसायिक संगठनों को भी जोड़ना पड़ेगा, जिससे परिषद को पर्याप्त फंड मिल सके।



बैठक में महासचिव चंद्रेश शाह ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया तथा कोषाध्यक्ष मती इंदिरा जैन ने लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। इस दौरान परिषद एवं अधीनस्थ संस्थाओं की वित्तीय वर्ष 2024-25 की ऑडिट रिपोर्ट्स का अनुमोदन, वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट का अवलोकन एवं चर्चा तथा वार्षिक आम सभा 2025 के आयोजन पर विचार-विमर्श किया गया। आम सभा में परिषद से जुड़े पूर्व पदाधिकारियों को भी सम्मानित किया गया, जो वर्तमान में विभिन्न निगम-मंडलों में दायित्व निभा रहे हैं। इनमें नि:सक्तजन वित्त एवं विकास निगम अध्यक्ष लोकेश कावड़िया, लौह शिल्पकार विकास बोर्ड अध्यक्ष प्रफुल्ल विश्वकर्मा, छत्तीसगढ़ राज्य वक्फ बोर्ड अध्यक्ष डॉ. सलीम राज, अल्पसंख्यक आयोग अध्यक्ष अमरजीत सिंह छाबड़ा, छत्तीसगढ़ स्काउट्स एंड गाइड्स के राज्य मुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव सहित सुभाष अग्रवाल एवं राजेश अग्रवाल शामिल रहे। इसके साथ ही, सब जूनियर एंड कैडेट चैंपियनशिप 2025 में गोल्ड मेडल जीतकर प्रदेश का नाम रोशन करने वाली कोंडागांव बालिका गृह की सु रंजीता कोरेटी को विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में चंद्रेश शाह, अशोक त्रिपाठी, मती इंदिरा जैन सहित प्रदेश भर से परिषद के पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



## 43 व्यापारियो को नवीन मार्केट पुनर्विकास योजना की जानकारी दी गई

**रायपुर ( प्रतिदिन राजधानी )**

नगर पालिक निगम रायपुर की महापौर श्रीमती मीनल चौबे के निर्देश पर नगर निगम रायपुर मुख्यालय महात्मा गांधी सदन के तृतीय तल सभाकक्ष में राजधानी शहर के नवीन मार्केट क्षेत्र के संबंधित 43 व्यापारियो को बुलवाकर उन्हें नगर निगम रायपुर द्वारा प्रस्तावित नवीन मार्केट पुनर्विकास योजना की जानकारी दी गई।

महापौर श्रीमती मीनल चौबे ने कहा कि सन 1973 में नवीन मार्केट भवन का निर्माण किया गया था जो रायपुर शहर के मुख्य व्यवसायिक क्षेत्र जयस्तंभ चौक और शारदा चौक के समीप स्थित एक महत्वपूर्ण व्यवसायिक परिसर है। समय के साथ इस परिसर विकसित किये जाने की योजना है। परिसर का कुल क्षेत्रफल 4.62 एकड है। नवीन मार्केट भवन के पीछे की रिक्त भूमि तथा पुराने स्कूल को शामिल करते हुए नई परियोजना तैयार करने कार्य किया जायेगा। नवीन मार्केट परियोजना के विकास से आस पास स्थित महत्वपूर्ण स्थल जैसे तात्यापारा, कंकाली पारा, आजाद चौक, सदर बाजार, मालवीय रोड जैसे लगभग 4. 52 वर्ग कि.मी. का क्षेत्रफल नये बहुउद्देशीय व्यापारिक परिसर से उन्नत हो सकेगा। इसीलिए नगर निगम रायपुर द्वारा रायपुर शहर के मध्य भाग को आर्थिक सामाजिक व पर्यावरण की दृष्टि से सुलभ बनाने नवीन मार्केट पुनर्विकास योजना तैयार की जा रही है। इस हेतु कंसल्टेंट का चयन कर परियोजना तैयार की जायेगी। रायपुर नगर पालिक निगम द्वारा नवीन मार्केट पुनर्विकास परियोजना हेतु अनुदान केन्द्र सरकार छत्तीसगढ़ शासन एवं अन्य रेवेन्यु शेयरिंग मॉडल अंतर्गत लाया जाना प्रस्तावित किया जा रहा है।

## रायपुर रेलवे स्टेशन पर यू.टी.एस. टिकटिंग (अनारक्षित टिकट काउंटर) को रेलवे आरक्षण केंद्र में शिट किया

**रायपुर ( प्रतिदिन राजधानी )**

रायपुर स्टेशन पर यात्रियों को अनारक्षित टिकट रेलवे आरक्षण केंद्र में स्थानांतरित अनारक्षित टिकट काउंटर से मिलेंगे यात्रियों की सुविधा के लिए रायपुर मंडल के रायपुर रेलवे स्टेशन पर दिनांक 11 सितंबर 2025 से यू.टी.एस. टिकटिंग (अनारक्षित टिकट काउंटर) को रेलवे आरक्षण केंद्र में शिफ्ट किया गया है। रेलवे आरक्षण केंद्र बिल्डिंग में अब यात्री आरक्षित एवं अनारक्षित टिकट दोनों की सुविधा एक ही बिल्डिंग में पा सकेंगे। जिन यात्रियों को अनारक्षित टिकट काउंटर से टिकट लेना है वह लोग रेलवे आरक्षण केंद्र बिल्डिंग से अनारक्षित टिकट ले सकेंगे। वहां पर सुबह 04 काउंटर शाम को 05 काउंटर एवं रात को 03 काउंटर पर अनारक्षित टिकट मिलेंगे। जिन यात्रियों को ऑटोमेटिक टिकट वेंडिंग मशीन (एटीवीएम) एवं मोबाइल अनारक्षित टिकट सुविधा से टिकट लेना हैं वह यात्री गेट नंबर 2 के प्रवेश द्वार पर स्थित 04 एटीवीएम एवं मोबाइल अनारक्षित टिकट सुविधा से अनारक्षित टिकट प्राप्त कर सकेंगे। यात्रियों के पास अनारक्षित (जनरल) टिकट लेने के लिए अनेक विकल्प की सुविधा (1) आरक्षण केंद्र में संचालित अनारक्षित टिकट काउंटर (2) एटीवीएम मशीन (ऑटोमेटिक टिकट वेंडिंग मशीन) (3) यू टी एस ऑन मोबाइल के माध्यम से स्वयं अपना टिकट बनाने की सुविधा। (4) शहर में विभिन्न स्थानों पर स्थित यात्री टिकट सुविधा केंद्र। (5) जनसाधारण टिकट बुकिंग केंद्र (6) आकस्मिक भीड़ बढ़ने पर मोबाइल टिकट की सुविधा।

## रायपुर रेल मंडल के द्वारा केंद्रीय कार्यालय के कर्मचारियों के लिए स्पंदन प्रतियोगिता



**रायपुर ( प्रतिदिन राजधानी )**

दिनांक 12 सितंबर 2025 शुक्रवार को उल्लास रेल अधिकारी क्लब ङ्कक्र कॉलोनी रायपुर में केंद्रीय कार्यालय के कर्मचारियों के लिए एकल फिल्मी गीत प्रतियोगिता स्पंदन का आयोजन किया गया है। आप सब की उपरोक्त कार्यक्रम कवरेज हेतु उपस्थिति सुबह 9.30 बजे सादर प्रार्थनीय है।

## 1914 पशुओं को गौठानों में भेजा

**रायपुर ( प्रतिदिन राजधानी )**

उच्च न्यायालय के आदेश के परिपालन में छत्तीसगढ़ शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग और रायपुर जिला प्रशासन द्वारा दिए गए दिशा-निर्देशो के अनुरूप नगर पालिक निगम रायपुर की महापौर श्रीमती मीनल चौबे और स्वास्थ्य विभाग अध्यक्ष श्रीमती गायत्री सुनील चंद्राकर और आयुक्त श्री विश्वदीप के निर्देशानुसार रायपुर नगर पालिक निगम क्षेत्र अंतर्गत सभी 10 जोनों के स्वास्थ्य विभाग की के पर आवारा पशुओं की धरपकड़ कर उन्हें गौठानों में काउकेचर वाहन से भेजे जाने की कार्यवाही तेज गति से सतत निरंतर प्रगति पर है इस क्रम में आज दिनांक 10 सितम्बर 2025 को नगर पालिक निगम रायपुर द्वारा 42 आवारा पशुओं की विभिन्न सड़क मार्गो से धरपकड़ कर उन्हें काऊकैचर वाहन की सहायता से गौठानों में भेजा गया।

## शिक्षक सम्मान समारोह मे शामिल हुए विधायक अनुज शर्मा

**रायपुर ( प्रतिदिन राजधानी )**

आज विधानसभा के नगर पंचायत खरोरा में शिक्षक सम्मान समारोह में शामिल हुए विधायक अनुज शर्मा7 इस सम्मान समारोह में लगभग 200 से अधिक शिक्षकों को शाल, श्रीफल,स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया7 इस अवसर पर विधायक अनुज ने गुरुजनों को प्रणाम करते हुए कहा कि गुरु ही वे दीपस्तंभ हैं, जिनके ज्ञान, मार्गदर्शन और मूल्यों से जीवन की दिशा तय होती है। शिक्षक केवल पाठ्यक्रम तक सीमित नहीं रहते, वे समाज में नई चेतना जगाने का कार्य करते हैं। हमारे शिक्षकगण विकसित भारत के संकल्प पूर्ति में एक महत्वपूर्ण कड़ी है, जो अपने ज्ञान और निस्स्वार्थ भाव से समाज को एक नई दिशा और हमारी आने वाली पीढ़ियों के उज्ज्वल भविष्य की नींव को मजबूत बनाने में अतुलनीय भूमिका निभा रहे हैं। एक शिक्षक का धैर्य, समर्पण, और प्रेम ही वह शक्ति है जो एक सामान्य छात्र को असाधारण बनाती है। ऐसे ही एक सभ्य व शिक्षित समाज के निर्माण में अहम भूमिका निभाने वाले हमारे धरसींवा विधानसभा के शिक्षकों का अभिनंदन



एवं आभार व्यक्त करने हेतु यह समारोह का आयोजन किया गया है, हमारा सौभाग्य हैं कि हम ऐसे गुरुजनों का सम्मान कर रहे हैं जो धरसींवा विधानसभा के उज्वल भविष्य और विकसित भारत बनाने में अपना अहम भूमिका निभा रहे हैं7 हमारी डबल इंजन की भाजपा सरकार शिक्षा के क्षेत्र में ऐतिहासिक काम कर रही है।

## शासकीय कर्मचारी संघ द्वारा अधीनस्थ लेखा सेवा में पद बढ़ाने हेतु सरकार को सौंपा ज्ञापन

**रायपुर ( प्रतिदिन राजधानी )**

छत्तीसगढ़ प्रदेश कोषालय शासकीय कर्मचारी संघ के प्रांतीय प्रवक्ता रूपेंद्र साहू ने बताया कि वर्ष 2014 से अधीनस्थ लेखा सेवा पदोन्नति एवं परीक्षा के लिए कोषालय लिपिक के पद को शासन द्वारा कम कर दिया गया है जबकि पूर्व में कोषालय लिपिक के लिए पद अधिक था अन्य विभागों में पदोन्नति एवं परीक्षा के पद अधिक है जिसके लिए संगठन द्वारा कई बार शासन को ज्ञापन दिया गया लेकिन आज तक कर्मचारी हित में आदेश जारी नहीं किया गया, और ना ही इस संबंध में शासन द्वारा कोई ठोस पहल की जा रही है पूर्व में चरणबद्ध तरीके से माह अगस्त 2023 से काली पट्टी लगाकर



छत्तीसगढ़ शासन द्वारा रजिस्टर्ड | पं. क्र. 6118 | स्थापना वर्ष : 26.07.2016

छत्तीसगढ़ प्रदेश कोषालयीन शासकीय कर्मचारी संघ

इन्द्रावती कोषालय, लॉबी-5, द्वितीय तल, इन्द्रावती भवन, नया रायपुर (छ.ग.) पिन कोड : 492002

ईमेल -cgstgeu@gmail.com

प्रांताध्यक्ष डॉ. जितेन्द्र सिंह ठाकुर मो.: 98261-11424

प्रांतीय महामंत्री दीपक देवांगन मो.: 98263-65212

संरक्षक शशिकांत झा, चवनप्रकाश साहू; कार्यकारी प्रांताध्यक्ष हरीश कंवर; उप प्रांताध्यक्ष अरूण चौरिया; प्रांतीय सचिव एस.पी. केशरी; प्रांतीय कोषाध्यक्ष रामाधार साहू; प्रांतीय संगठन सचिव वीरेन्द्र सिंह राठौर; प्रांतीय प्रचार सचिव द्वारिका वस्त्रकार; प्रांतीय प्रवक्ता रूपेन्द्र कुमार साहू; संभागीय अध्यक्ष जी. आर. बसोने, मन्नू लाल यादव, शंकर सिंह, ज्ञानूराम भारद्वाज, अखलाख हुसैन

क्रमांक 30 | दिनांक 11/09/2025

// प्रेस विज्ञप्ति //

छत्तीसगढ़ प्रदेश कोषालयीन शासकीय कर्मचारी संघ द्वारा अधीनस्थ लेखा सेवा में पद बढाने हेतु सरकार को सौपा ज्ञापन मांग पूरी न होने की स्थिति में आंदोलन की चेतावनी

रायपुरः- छत्तीसगढ़ प्रदेश कोषालयीन शासकीय कर्मचारी संघ के प्रांतीय प्रवक्ता रूपेन्द्र कुमार साहू कि ने बताया वर्ष 2014 में अधीनस्थ लेखा सेवा पदोन्नति एवं परीक्षा के लिए कोषालयीन लिपिकों के पद को शासन द्वारा कम कर दिया गया है जबकि पूर्व में कोषालयीन लिपिकों के लिए पद अधिक था । अन्य विभागों में पदोन्नति एवं परीक्षा के पद अधिक है । जिसके लिए संगठन द्वारा कई बार शासन को ज्ञापन दिया गया है लेकिन आज तक दिनांक तक कर्मचारी हित में आदेश जारी नही किया गया, और न ही इस संबंध में शासन द्वारा कोई ठोस पहल कि जा रहा है । पूर्व में चरणबद्ध तरीके से माह अगस्त 2023 में काली पट्टी लगाकर, जिला स्तर, संभागीय स्तर एवं प्रदेश स्तर पर मुख्यमंत्री निवास घेराव किया दिनांक 13.09.2023 को सचिव स्तर पर पदाधिकारी द्वारा चर्चा की गई, जिसमें अधीनस्थ लेखा सेवा में पद हेतु सहमति दिया गया था लेकिन आज दिनांक तक कार्यवाही नही किया गया है जिससे कर्मचारियों में आक्रोश व्याप्त हो रहा है उक्त मांग के लिए प्रदेश के समस्त जिला अध्यक्ष एवं संभागीय अध्यक्षों द्वारा पूर्व में भी शासन से पत्राचार किया गया है लेकिन आज तक कार्यवाही अपेक्षित है

उक्त के परिपालन में एक सूत्रीय मांग को लेकर संगठन द्वारा जिला अध्यक्ष एवं संभागीय अध्यक्ष द्वारा ज्ञापन दिया जा रहा है यदि 15 दिवस के भीतर मांग पूरी न किया गया, तो संगठन चरणबद्ध तरीके से आंदोलन के लिए बाध्य होगें ।

दीपक देवांगन प्रांतीय महामंत्री

सह सचिव - भरतलाल सुर्यवंशी, चंन्द्रशेखर साहू, सुनील शर्मा, त्रिभुवन ठाकुर, केशराम सिन्हा, अनुराग सोनी

सह संगठन सचिव - राजेन्द्र कुमार देहारी, अनिल सिन्हा, संजय गौड़, अजय साहू, डी.एस. चन्द्रा, सी.एस. समरथ

जिला स्तर संभाग स्तर एवं प्रदेश स्तर पर मुख्यमंत्री निवास घेराव किया दिनांक 13 सितंबर 2023 को सचिव स्तर पर पदाधिकारी द्वारा चर्चा की गई जिसमें अधीनस्थ लेखा सेवा में पद बढ़ाने हेतु सहमति दिया गया था लेकिन आज दिनांक तक कार्यवाही नहीं किया गया है जिससे कर्मचारियों में आक्रोश प्राप्त हो रहा है

उक्त मांग के लिए प्रदेश के समस्त जिला अध्यक्ष एवं संभागीय अध्यक्ष द्वारा कई बार पत्राचार किया गया लेकिन आज दिनांक तक कार्यवाही अपेक्षित है उक्त परिपालन में एक सूत्री मांग को लेकर संगठन द्वारा जिला अध्यक्ष एवं संबंधित अध्यक्ष द्वारा ज्ञापन दिया जा रहा है यदि 15 दिवस के भीतर मांग पूरी न किया जाए तो संगठन चरणबद्ध तरीके से आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा छत्तीसगढ़ प्रदेश कोषालय शासकीय कर्मचारी संघ द्वारा अधीनस्थ लेखा सेवा में पद बढ़ाने हेतु सरकार को सोपा ज्ञापन मांग पूरी न होने की स्थिति में आंदोलन की चेतावनी

लोधी वृन्दावन धाम अमृतवाणी कथा के साथ समाज को सम्बोधित करेगी

## वार्षिकोत्सव एवम रजत जयंती वर्ष में विशेष अतिथि होगी कथावाचक दीदी ममता किशोरी

**रायपुर ( प्रतिदिन राजधानी )**

कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंलिोधेशवरधाम के सम्मेलन में मुख्य अतिथि होंगे अखिल भारतीय लोधी-लोधा-लोध महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवम एटा उत्तर प्रदेश के विधायक विपिन कुमार वर्मा ...।

* वार्षिकोत्सव एवम रजत जयंती वर्ष में विशेष अतिथि होगी कथावाचक दीदी ममता किशोरी लोधी वृन्दावन धाम अमृतवाणी कथा के साथ समाज को सम्बोधित करेगी। ...।

** युवक - युवती परिचय सम्मेलन में स्मारिका प्रकाशन करेगा लोधेशवरधाम लोधी क्षत्रिय समाज रायपुर छत्तीसगढ के पदाधिकारीगण.........।

प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी लोधेशवरधाम लोधी क्षत्रिय समाज रायपुर छत्तीसगढ एवज अखिल भारतीय लोधी-लोधा-लोध राष्ट्रीय महासभा नई दिल्ली



के तत्वावधान में दीपावली मिलन समारोह, वार्षिक सम्मेलन, युवक - युवती परिचय सम्मेलन एवम स्मारिका विमोचन समारोह दिन रविवार 9 नवंबर 2025 को आयोजित किया गया है। रजत जयंती वर्ष का यह सभी कार्यक्रम टोल प्लाजा के पास कुम्हारी लोधेशवरधाम में होगा। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अखिल भारतीय लोधी-लोधा-लोध महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय श्री विपिन कुमार वर्मा विधायक एवम सभापति उत्तर प्रदेश शासन (राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त) होंगे। उल्लेखनीय है कि इस वर्ष रजत जयंती वर्ष मनाया जा रहा है। इसे और यादगार बनाने के लिए वृन्दावन धाम से अमृतवाणी कथावाचक एवम शिवपुराण वाचक दीदी ममता किशोरी लोधी के मुखारविंद से आध्यात्मिकता के साथ-साथ समाज को ज्ञानवर्धक बातो से सम्बोधित करेगी। इस अवसर पर परिचय सम्मेलन भी आयोजित है जिसमे देशभर से लोधी-लोधा-लोध समाज के विवाह योग्य युवक- युवती अधिक संख्या मे शामिल होंगे। इस दौरान स्मारिका का प्रकाशन किया जायेगा। प्रकाशन के लिए बायोडाटा छपाई हेतु रंगीन फोटोग्राफ के साथ शीघ्रता के साथ भेजिए। इस कार्यक्रम में अखिल भारतीय लोधी-लोधा-लोध राष्ट्रीय महासभा के सभी पदाधिकारीगण एवम सदस्यगण के अलावा लोधी बाहुल्य क्षेत्र से अधिक संख्या मे जनप्रतिनिधिगण, समाजिक माता बहने के अलावा स्वजातीय बंधूओं की उपस्थिति रहेगी। गौरतलब है कि लोधेशवरधाम में भवन निर्माण कार्य किया जाना है। स्वाईल टेस्ट के पश्चात छत्तीसगढ के वरिष्ठ वास्तुविद और आटोकैट डिज़ाइनर से नक्शा तैयार कराया जा रहा है। तकनीकी प्रक्रिया को पूर्ण कर कार्य शीघ्र शुभारंभ किया जायेगा। लोधेशवरधाम लोधी क्षत्रिय समाज रायपुर छत्तीसगढ और अखिल भारतीय लोधी-लोधा-लोध राष्ट्रीय महासभा के रिवाज पर आधारित विचार,के साथ - साथ अमर शहीद वीरांगना अवंतीबाई लोधी एवम स्वामी ब्रह्मानंद लोधी जीवनगाथा पर आधारित लेख के अलावा शुभकामना संदेश भी प्रदान कर सकते है।

## 13 को 4 पानी टंकियों के क्षेत्रों में जलप्रदाय नहीं होगा

**रायपुर ( प्रतिदिन राजधानी )**

150 एमएलडी फिल्टरप्लांट के रॉ वाटर 1400 एम एम व्यास की एच.एस. राईजिंग पाईप लाईन में भाठागांव चौक के पास लीकेज की मरम्मत हेतु 10 घण्टे का शटडाउन लिया जाना है, इस कारण 13 सितम्बर 2025 को सुबह 150 एमएलडी प्लांट से भरने वाली 28 पानी टंकियों और नया 80 एमएलडी प्लांट से भरने वाली 4 पानी टंकियों के क्षेत्रों में जलप्रदाय नहीं होगा, दिनांक 13 सितम्बर को शाम से जलप्रदाय नियमित रूप से होगा0

नगर पालिक निगम रायपुर के जल कार्य विभाग के कार्यपालन अभियंता ( फिल्टरप्लांट ) श्री नर सिंह फरेन्द्र ने जानकारी दी है कि 150 एमएलडी फिल्टरप्लांट के रॉ वाटर 1400 एमएम व्यास की एच.एस. राईजिंग पाईप लाईन में भाठागांव चौक के पास लीकेज की मरम्मत हेतु 10 घंटे का शटडाउन दिनांक 12 सितम्बर 2025 शुक्रवार को रात्रि में लिया जाना है। उक्त मरम्मत कार्य करने के कारण 150 एम.एल.डी. फिल्टरप्लांट से भरने वाली टंकियों भाठागांव, चंगोराभाठा, कुशालपुर, डी.डी. नगर, ईदगाहभाठा, सरोना, टाटीबंध, कोटा, कबीर नगर, जरवाय, गोगांव, मठपुरैना, लालपुर, अमलीडीह, अवंति विहार, मण्डी, मोवा, सडडू, दलदल सिवनी, रामनगर, कचना, आमासिवनी, देवपुरी, बोरियाखुर्द, जोरा, भनपुरी नया, रायपुरा, कुकुरबेड़ा एवं नया 80 एम.एल.डी. प्लांट से भरने वाली टंकियों बैरन बाजार नया, देवेन्द्र नगर नया, संजय नगर एवं मोतीबाग टंकी से दिनांक 12 सितम्बर 2025 को शाम जलप्रदाय होने के पश्चात् दिनांक 13 सितम्बर 2025 को सुबह जलप्रदाय नही होगा। दिनांक 13 सितम्बर 2025 को शाम से जलप्रदाय नियमित रूप से होगा।

कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय, रायपुर

## पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय में दो दिवसीय पुस्तक मेला आयोजित

**रायपुर ( प्रतिदिन राजधानी )**

छत्तीसगढ़ राज्य की रजत जयंती के उपलक्ष्य में, कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय पुस्तकालय एवम संदर्भ संग्रहालय %% प्रज्ञा ॐ में दो दिवसीय पुस्तक मेले का शुभारंभ हुआ। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों के बीच पठन-पाठन की संस्कृति को बढ़ावा देना है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व प्रशासनिक अधिकारी, कवि एवम साहित्यकार डॉ. संजय अलंग जी उपस्थित रहे।

अपने उद्बोधन में डॉ. अलंग ने विद्यार्थियों को पुस्तकों के महत्व से अवगत कराया और उन्हें ज्ञान की दुनिया में गोता लगाने के लिए प्रोत्साहित किया।




उन्होंने कहा कि किताबें सिर्फ जानकारी का भंडार नहीं, बल्कि जीवन को दिशा देने वाली मार्गदर्शक होती हैं।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति श्री महादेव कावरे और कुलसचिव श्री सुनील कुमार शर्मा भी मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुलपति श्री कावरे ने छात्रों को संबोधित किया और ऐसे आयोजनों की सराहना की। इस आयोजन के संयोजक जनसंचार विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. राजेंद्र मोहंती थे।

उद्घाटन समारोह के बाद, अतिथियों और विद्यार्थियों ने परिसर में वृक्षारोपण किया, जिसके साथ ही कार्यक्रम का समापन हुआ।

इस अवसर पर विभागाध्यक्ष श्री पंकज नयन पाण्डेय, विभागाध्यक्ष डॉ आशुतोष मांडवी, विभागाध्यक्ष श्री शैलेंद्र खंडेलवाल एवं विभागाध्यक्ष डॉ नृपेंद्र शर्मा भी उपस्थिति रहे अतिथि व्याख्याता सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे 7

## आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत निजी अस्पतालों में उपचार-मरीजों को लगातार मिल रही है निःशुल्क एवं गुणवाापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएँ

**रायपुर ( प्रतिदिन राजधानी )**

आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत पंजीकृत निजी अस्पतालों द्वारा आयुष्मान कार्डधारक मरीजों का उपचार लगातार किया जा रहा है। वर्तमान में प्रतिदिन लगभग 1,600ङ्क1,700 दावे प्रस्तुत किए जा रहे हैं, जिनकी राशि प्रतिदिन 4 करोड़ रुपये से अधिक है।

वित्तीय वर्ष 2025ङ्क26 में राज्य सरकार द्वारा अब तक रु. 375 करोड़ जारी किए जा चुके हैं। इस राशि से जुलाई 2025 तक के लगभग रु. 280 करोड़ के दावे भुगतान कर दिए गए हैं। इसके अतिरिक्त, केंद्र सरकार से रु. 130 करोड़ इस सप्ताह प्राप्त होने की संभावना है, जिससे निरंतर अस्पतालों के दावे भी भुगतान किये जाएंगे।

स्वास्थ्य विभाग लगातार इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (ढ्ढरू) के साथ परामर्श कर रहा है और सभी पंजीकृत अस्पताल लाभार्थियों को सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। कोई भी गरीब अथवा कमजोर वर्ग का परिवार आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत निश्शुल्क उपचार से वंचित न हो, यह सुनिश्चित किया गया है। सभी पैनल में शामिल अस्पतालों को निर्देशित किया गया है कि मान्य आयुष्मान कार्डधारकों को कैशलेस उपचार उपलब्ध कराएं और किसी भी प्रकार का शुल्क न लें।

स्वास्थ्य विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक योजना के नियमों का उल्लंघन करने वाले 118 अस्पतालों के विरुद्ध कार्रवाई की जा चुकी है, जिसमें 24 अस्पतालों का डी-एम्पैनलमेंट तथा 11 अस्पतालों का निलंबन शामिल है। भविष्य में भी नियमों का उल्लंघन करने वाले अस्पतालों पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

राज्य सरकार पूर्णतः प्रतिबद्ध है कि इस महत्वाकांक्षी योजना का लाभ प्रत्येक नागरिक तक पहुंचे और उन्हें गुणवत्तापूर्ण उपचार बिना किसी आर्थिक बोझ के प्राप्त हो।

# कृत्रिम पैर मिलने से दिव्यांगों को मिली जीने की नई राह

**जगदलपुर, प्रतिदिन राजधानी**

छात्रा पुलम सहित कलावती, देवा और प्रभु को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मौजूदगी में मिले जयपुर कृत्रिम पैर शासन की एक छोटी सी मदद से दिव्यांगों के जीने की राह आसान हो गई है। इससे दैनिक कार्यों के संपादन में उन्हें बड़ी सहूलियत हो सकेगी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज जगदलपुर प्रवास के दौरान ऐसे ही दिव्यांगजनों से मिलकर उनका दर्द साझा किया।



समाज कल्याण विभाग और महावीर विकलांग सहायता समिति के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम आड़ावाल में सहायक उपकरण वितरण समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्यमंत्री साय ने दिव्यांगों को जयपुर कृत्रिम पैर एवं हाथ, ट्रायसिकल और अन्य सहायक उपकरण वितरित किए गए। इस दौरान ग्राम साडगुड़ से कक्षा 6वीं की छात्रा कु. पुलम बघेल जो पैर से दिव्यांग है, को जयपुर कृत्रिम पैर वितरित किया गया। कु. पुलम के पिता धर बघेल ने बताया कि 5 साल की आयु में बेटी का बायां पैर साइकल में फंस जाने के कारण उसमें सेप्टिक हो गया। यहां तक कि बच्ची का पैर कटवाना पड़ गया। उन्होंने बताया कि आज मुख्यमंत्री के समक्ष कृत्रिम पैर मिलने से बिटिया का जीवन आसान हो जाएगा। कृत्रिम पैर मिलने से उसे चलने फिरने, कहीं आने जाने में दिक्कत नहीं होगी। साथ ही वह खुद से अपने कामों को निष्पादित करने में सक्षम होगी। इसी तरह तोकापाल ब्लॉक के ग्राम कुरेंगा से आई 23 वर्षीया कु. कलावती मंडावी ने बताया कि जब वह कक्षा आठवीं में अध्ययनरत थीं।

तभी उनका बायां पैर करेंट की चपेट में आ गया था और इस घटना से उन्हें अपना पैर खोना पड़ा। मजदूरी करके जीवन चलाने वाली मां देवती बाई के लिए यह दोहरी मार थी। आज कलावती से मिलकर मुख्यमंत्री ने चर्चा की तथा हालचाल जाना। दिव्यांग कलावती ने बताया कि कृत्रिम पैर मिलने से अब उनका जीवन बेहद सुगम और सुविधापूर्ण हो जाएगा।

यहां पहुंचे राजू नाग के 07 वर्षीय बेटे देवा को भी समाज कल्याण विभाग और समिति के द्वारा कृत्रिम पैर प्रदान किया गया।



# बस्तर दशहरा: बारसी उतारनी रस्म के साथ रथ निर्माण शुरु

**जगदलपुर, प्रतिदिन राजधानी**

विश्व प्रसिद्ध बस्तर दशहरा के तीसरे प्रमुख अनुष्ठान बारसी उतारनी रस्म आज विधि-विधान के साथ संपन्न हुई। यह रस्म 75 दिनों तक चलने वाले इस अनूठे त्योहार में रथ निर्माण की शुरुआत का प्रतीक है। बस्तर के ऐतिहासिक दशहरा में इस रस्म का विशेष महत्व है, जिसमें रथ बनाने के लिए उपयोग होने वाले पारंपरिक औजारों जैसे बारसी, कुल्हाड़ी, हथौड़ा आदि की पूजा की जाती है।

स्थानीय कारीगरों और समुदाय के लोगों ने इस पारंपरिक रस्म में उत्साहपूर्वक भाग लिया। पूजा के बाद रथ निर्माण की प्रक्रिया शुरू की गई। इस वर्ष चार छक्के के फूल रथ का निर्माण किया जाएगा। इस रथ पर आरूढ़ होकर मां दंतेश्वरी द्वारा बुधवार 24 सितंबर तृतीया तिथि से सोमवार 29 सितम्बर सप्तमी तिथि तक प्रतिदिन नव निर्मित फूल रथ जात्रा और डेरी गढ़ाई जैसी शुरुआती का प्रतीक है। बस्तर दशहरा, जो अपनी सांस्कृतिक और आदिवासी परंपराओं के लिए जाना जाता है, न केवल स्थानीय लोगों बल्कि देश-विदेश के पर्यटकों को भी आकर्षित करता है। बारसी उतारनी के सफल समापन के साथ ही अब त्योहार के अगले चरणों की तैयारियां जोरों पर हैं।

# आयुर्वेद एवं योग का दैनिक जीवन में महत्व विषय पर कार्यशाला आयुष विभाग नारायणपुर का आयोजन

**नारायणपुर, प्रतिदिन राजधानी**

- संचालनालय आयुष छत्तीसगढ़ एवं कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाई के निर्देशानुसार आयुर्वेद अधिकारी डॉ. सत्येन्द्र नाग के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के अंतर्गत हर दिन हर घर आयुर्वेद अभियान के तहत आयुष विभाग नारायणपुर द्वारा कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय बांग्लापारा में एक विशेष स्वास्थ्य एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में डॉ. बीना खोबरागड़े के नेतृत्व में चिकित्सक दल द्वारा विद्यार्थियों एवं शालेय स्टाफ को आयुर्वेद एवं योग के प्रति जागरूक किया गया।

शिविर में विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी गई। जिसके अंतर्गत आयुर्वेद का परिचय एवं दैनिक जीवन में इसका महत्व, योग एवं प्राणायाम का महत्व, दिनचर्या, एवं ऋतुचार्य की जानकारी, आहार-विहार, छात्राओं को मासिक धर्म संबंधित समस्या बचाव, रक्ताल्पता (एनीमिया) की जानकारी एवं बचाव, घरेलू औषधियों की पहचान एवं उनके प्रयोग की विधि बताई गई।कार्यक्रम में कुल 192 छात्राओं ने भाग लेकर लाभ प्राप्त किया।



इस अवसर पर प्राचार्य कोता गार्डी बताया कि यह शिविर विद्यार्थियों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक सराहनीय प्रयास है। शिविर में चिकित्सक डॉ राधारानी डे, टिम्पेश्वरी बेरसिया, अर्चना नाग का सक्रिय योगदान रहा।कार्यक्रम में शिक्षक सुशीला गुरु, जमुना सोनवानी, हरिप्रिया एवं समस्त शालेय स्टाफ उपस्थित थे।

# कचरा फेंकने पर 25 हजार का जुर्माना

**जगदलपुर, प्रतिदिन राजधानी**

एयरपोर्ट रोड किनारे एक वाहन चालक द्वारा बिना अनुमति कचरा खाली किया जा रहा था। मौके पर मौजूद बोधघाट थाना प्रभारी ने तत्परता दिखाते हुए वाहन को जब्त किया। इसके साथ ही निगम की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए वाहन मालिक पर 25,000 का आर्थिक दंड (फाइन) लगाया।



नगर निगम ने यह भी स्पष्ट किया है कि भविष्य में यदि कोई नागरिक, व्यापारी या वाहन संचालक निर्धारित स्थल एवं प्रक्रिया का पालन किए बिना कचरा फेंकता हुआ पकड़ा जाता है, तो उसके विरुद्ध इसी प्रकार की कठोर कार्रवाई की जाएगी।

महापौर संजय पांडे ने कहा - जगदलपुर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने में प्रत्येक नागरिक की भागीदारी आवश्यक है। स्वच्छता को जन आंदोलन का रूप देने के लिए सभी का सहयोग अनिवार्य है। स्वच्छ जगदलपुर, स्वस्थ जगदलपुर की दिशा में नगर निगम लगातार काम कर रहा है। हम सभी चाहते हैं कि आने वाली पीढ़ियों को एक स्वच्छ और सुंदर शहर मिले। इसके लिए नागरिकों का सहयोग सबसे अहम है। कोई भी व्यक्ति यदि शहर को गंदा करने का प्रयास करेगा तो उस पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## न्यायालय जाने वाले मार्ग की स्थिति पर मांगी विस्तृत रिपोर्ट

कोण्डागांव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने जनपद पंचायत केशकाल से व्यवहार न्यायालय केशकाल जाने वाले मुख्य मार्ग की स्थिति पर विस्तृत प्रतिवेदन मांगा है। इस संबंध में अधिवक्ता संघ कोण्डागांव से कहा गया है कि मार्ग की वर्तमान स्थिति, निर्माण कार्य, सुरक्षा मानकों तथा अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी प्रस्तुत अगस्त को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जिला प्रशासन को जानकारी उपलब्ध कराने हेतु निर्देश दिए गए थे, जिसके बाद अब अधिवक्ता संघ से भी विस्तृत रिपोर्ट मांगी गई है। पत्र में स्पष्ट किया गया है कि राष्ट्रीय राजमार्ग से न्यायालय जाने वाले मार्ग पर गड्ढे, दरारें और जोखिमपूर्ण खाइयों की स्थिति के चलते यात्रियों को परेशानी हो रही है। साथ ही यह भी जांचा जाएगा कि इस मार्ग पर निर्धारित सुरक्षा मानकों के अनुसार कार्य हुआ है या नहीं।

# रजत महोत्सव पर बिटिया सम्मान कार्यक्रम





**जगदलपुर, प्रतिदिन राजधानी**

छत्तीसगढ़ के रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा श्यामा प्रसाद मुखर्जी सभागार टाउन हॉल में भव्य बिटिया सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव तथा महापौर संजय पांडे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर बालिकाओं के सशक्तिकरण और समाज में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण आयोजन किए गए।

कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुई। बाल विवाह के प्रति समाज में चेतना फैलाने के उद्देश्य से नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया, जिसने उपस्थित जनसमूह का ध्यान खींचा। साथ ही स्वास्थ्य जांच शिविर और विभागीय प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया, जहां मुख्य अतिथि किरण देव और महापौर संजय पांडे ने स्टॉल का अवलोकन किया और महिलाओं से संवाद किया।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना को मजबूती से लागू करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा, हमारी बिटियां आज हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही हैं। बाल विवाह न केवल एक सामाजिक कुरीति, बल्कि एक कानूनी अपराध है, जो समाज के उज्ज्वल भविष्य के लिए बाधक है। उन्होंने बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ बनाने का संकल्प भी लिया।

महापौर संजय पांडे ने विभाग को इस महत्वपूर्ण पहल पर बधाई दी और कहा, नारी शक्ति राष्ट्र की शक्ति है। आज देश की प्रत्येक बेटी हर क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बना रही है। इस अवसर पर दसवीं और बारहवीं कक्षा की मेधावी छात्राओं को सम्मानित किया गया, जिससे उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। कार्यक्रम में निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन, एमआईसी सदस्य निर्मल पानीग्राही, सुरेश गुप्ता, त्रिवेणी रंधारी, श्वेता बघेल, पार्षद आशा साहू, महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी मनोज कुमार, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय बसाक, ज्योति बाला आदि उपस्थित रहे।

# छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव-लोहंडीगुड़ा में रक्तदान शिविर

**जगदलपुर, प्रतिदिन राजधानी**

राज्य के रजत महोत्सव के उपलक्ष्य में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लोहंडीगुड़ा में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य राज्य की 25वीं वर्षगांठ मनाना और जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करना था।



शिविर में स्थानीय लोगों, स्वास्थ्य कर्मियों और स्वयंसेवकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। रक्तदान के इस पुनीत कार्य में लोगों ने उत्साहपूर्वक सहयोग दिया। यह शिविर न केवल राज्य के रजत महोत्सव का हिस्सा था, बल्कि यह एक सामाजिक जिम्मेदारी भी थी, जिसका पालन करना सभी का कर्तव्य है। स्थानीय प्रशासन ने सभी रक्तदाताओं का आभार व्यक्त किया और कहा कि उनके इस योगदान से कई लोगों की जान बचाई जा सकेगी। इस तरह के आयोजनों से समुदाय में परोपकार की भावना बढ़ती है और स्वास्थ्य सेवाएँ भी मजबूत होती हैं।

------

## जीएसटी में बदलाव से आम जनता को बड़ी राहत - मालवीय

**जगदलपुर, प्रतिदिन राजधानी**

केंद्र सरकार द्वारा वस्तु एवं सेवा कर जीएसटी में हाल ही में किए गए संशोधनों से आम जनता और कारोबारियों दोनों को लाभ मिलेगा। इस बदलाव का असर रोज़मर्रा की ज़रूरतों की वस्तुओं की कीमतों में कमी से लेकर बाज़ार की गतिविधियों में बढ़ोतरी के रूप में दिखाई देगा।



भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक एवं कर सलाहकार विपिन मालवीय ने बताया कि इस टैक्स राहत से खपत में वृद्धि होगी और बाज़ार में मांग का ग्राफ ऊपर जाएगा। साथ ही, छोटे कारोबारियों के लिए टैक्स प्रक्रिया सरल होने से व्यापार में सुगमता आएगी। खुदरा और थोक बाज़ार में बिक्री में तेजी आने की संभावना है।

# 9 सूत्रीय मांगों पर कृषि अफसरों ने किया काली पट्टी बांधकर काम





**कोंडागांव,, प्रतिदिन राजधानी**

छत्तीसगढ़ कृषि स्नातक शासकीय कृषि अधिकारी प्रांतीय संघ के तत्वावधान में जिला कोंडागांव सभी ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी एवं कृषि विकास अधिकारी 9 सूत्रीय मांगों को लेकर 8-9 सितंबर को काली पट्टी बांध कर ड्यूटी किए। उक्त सभी मांगों को लेकर चरणबद्ध सांकेतिक आंदोलन पर जाने की तैयारी में हैं। 9 सूत्रीय मांगों में ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारीयों का वेतनमान संशोधन (4300ग्रेड पे) ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारीयों एवं कृषि विकास अधिकारीयों के कार्य क्षेत्र का पुनर्निर्धारण। ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी का मासिक स्थायी भत्ता में वृद्धि कर रु. 2500 करने हेतु। विभागीय कार्यों को संपादन करने हेतु ग्रामीण विकास अधिकारियों एवं कृषि विकास अधिकारियों को मोबाइल, इंटरनेट, लैपटॉप, स्टेशनरी आदि हेतु संसाधन भत्ता। विभागीय अमले की कमी के कारण अतिरिक्त प्रभार दिए जाने की स्थिति में सम्मानजनक अतिरिक्त क्षेत्र भत्ता।

ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी पदनाम को संशोधित कर मध्यप्रदेश शासन की तर्ज पर कृषि विस्तार अधिकारी करने हेतु। ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारीयों एवं कृषि विकास अधिकारियों की की ड्यूटी गैर विभागीय कार्यों से मुक्त रखा जाये। आदान सामग्री का भंडारण सेवा सहकारी समितियों में करने एवं अनुदान राशि के भुगतान हेतु डीबीटी प्रणाली लागू करने के संबंध में। ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी से कृषि विकास अधिकारी के पद पर विगत कई वर्षों से लंबित पदोन्नति प्रक्रिया तत्काल प्रारंभ करने हेतु।

## संभाग स्तरीय प्रशिक्षण 12 को

**जगदलपुर, प्रतिदिन राजधानी**

छत्तीसगढ़ अंजोर विजन 2047 तथा डिस्ट्रिक्ट इंडिकेटर फ्रेमवर्क के संबंध में जिला स्तरीय उन्मुखीकरण, सतत विकास लक्ष्य संकेतकों की गणना विधियों तथा सतत विकास लक्ष्य डैशबोर्ड में अद्यतन डाटा एंट्री करने के संबंध में एक दिवसीय संभाग स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 12 सितम्बर 2025 दिन शुक्रवार को सुबह 10 बजे से इंदिरा गाँधी कृषि महाविद्यालय परिसर कुम्हरावण्ड के ऑडिटोरियम हॉल में आयोजित किया गया है। प्रशिक्षण राज्य नीति आयोग, छत्तीसगढ़ के टीम द्वारा प्रदान किया जाएगा।

छत्तीसगढ़ अंजोर विजन 2047 तथा डिस्ट्रिक्ट इंडिकेटर फ्रेमवर्क के संबंध में जिला स्तरीय उन्मुखीकरण, सतत विकास लक्ष्य संकेतकों की गणना विधियों तथा सतत विकास लक्ष्य डैशबोर्ड में अद्यतन डाटा एंट्री करने के संबंध में एक दिवसीय संभाग स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 12 सितम्बर 2025 दिन शुक्रवार को सुबह 10 बजे से इंदिरा गाँधी कृषि महाविद्यालय परिसर कुम्हरावण्ड के ऑडिटोरियम करने के संबंध में एक दिवसीय संभाग स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 12 सितम्बर 2025 दिन शुक्रवार को सुबह 10 बजे से इंदिरा गाँधी कृषि महाविद्यालय परिसर कुम्हरावण्ड के ऑडिटोरियम हॉल में आयोजित किया गया है। प्रशिक्षण राज्य नीति आयोग, छत्तीसगढ़ के टीम द्वारा प्रदान किया जाएगा।

# राज्य स्तर सब-जूनियर व कैडेट जूडो स्पर्धा में भाग लेने बस्तर की टीम रवाना



**जगदलपुर, प्रतिदिन राजधानी**

छत्तीसगढ़ प्रदेश जूडो संघ के तत्वावधान में बिलासपुर जिला जूडो संघ द्वारा आयोजित 25वीं राज्य स्तरीय सब जूनियर एवं कैडेट जूडो प्रतियोगिता (बालक-बालिका) में भाग लेने के लिए बस्तर की टीम आज रवाना हो गई। यह प्रतियोगिता 13 और 14 सितंबर को खेल परिसर सकरी रोड, सरकंडा, बिलासपुर में संपन्न होगी।

प्रदेश जूडो संघ के सचिव शंभुराम सोनी ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रदेश के पंजीकृत जूडो खिलाड़ी एवं अधिकारी भाग ले सकते हैं। सब-जूनियर वर्ग के लिए 12 से 15 वर्ष के मध्य जन्मे खिलाड़ी (वर्ष 2011, 2012, 2013) और कैडेट वर्ग के लिए 15 से 18 वर्ष के मध्य जन्मे खिलाड़ी (वर्ष 2008, 2009, 2010) प्रतिभाग कर सकते हैं। सभी प्रतिभागियों को पंजीयन के समय अपने जन्म प्रमाण पत्र, अध्ययनरत शाला के प्राचार्य का प्रमाण पत्र, आधार कार्ड और सरकारी अस्पताल से प्राप्त ए.वी.टी. प्रस्तुत करना आवश्यक है।

प्रदेश जूडो संघ के अध्यक्ष अरुण द्विवेदी ने बताया कि राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में चयनित खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर राज्य का प्रतिनिधित्व करते हैं। उन्होंने कहा कि आज राज्य के अनेक खिलाड़ी राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर छत्तीसगढ़ का नाम रोशन कर रहे हैं। बस्तर से कुल 26 सदस्यीय टीम - जिसमें 22 खिलाड़ी और 4 अधिकारी शामिल हैं ङ्क राष्ट्रीय प्रतिनिधित्व की तैयारी के साथ बिलासपुर के लिए रवाना हुई है।



# उस्ताद को सलाम व सर्व समाज मिलन समारोह

**कोण्डागांव, प्रतिदिन राजधानी**

ऑल मुस्लिम वेलफेयर फाउंडेशन की ओर से 1500 साला जश्ने ईद मिलादुन्नबी एवं शिक्षक दिवस के अवसर पर सोमवार को अजहरी भवन में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 'उस्ताद को सलाम' कार्यक्रम रखा गया, जिसमें जिले के शिक्षकों का सम्मान किया गया। सम्मान समारोह में जिलेभर से शिक्षक, सामाजिक कार्यकर्ता और आम नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। ऑल मुस्लिम वेलफेयर फाउंडेशन के प्रदेश उपाध्यक्ष हाजी वसीम अहमद विशेष रूप से मौजूद रहे।

कार्यक्रम के दूसरे चरण में अंजुमन इस्लामिया कमेटी के तत्वावधान में सर्व समाज मिलन विभिन्न समाजों के प्रमुखों एवं पदाधिकारियों को शाल और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। समाज प्रमुखों ने इस पहल को सौहार्द, भाईचारे और आपसी एकता को मजबूत करने वाला कदम बताया।

## टेबल टेनिस चैंपियनशिप 19 से

**कोण्डागांव, प्रतिदिन राजधानी**

द्वितीय छत्तीसगढ़ राज्य टेबल टेनिस चैंपियनशिप का आयोजन कोंडागांव में जिला टेबल टेनिस संघ कोंडागांव के तत्वावधान में 19 से 21 सितंबर तक श्री पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय कोंडागांव के सभागार में आयोजित की जा रही है। इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ राज्य के लगभग 200 खिलाड़ी प्रतिदिनअपने खेल हुनर का प्रदर्शन करेंगे। यह प्रतियोगिता कोंडागांव में पहली बार आयोजित की जा रही है इसको लेकर खिलाड़ियों में काफी उत्साह देखा जा रहा है। प्रतियोगिता में प्रवेश लेने की अंतिम तिथि 12 सितंबर है इसके पश्चात एंट्री मान्य नहीं होगी। नगर के खेल प्रेमियों एवं नागरिकों से अनुरोध करते हैं कि इस आयोजन को सफल बनाने के लिए अधिक से अधिक सहयोग करें।

# यातायात पुलिस ने कॉलेज में दी सड़क सुरक्षा की सीख







**बचेली, प्रतिदिन राजधानी**

जिला पुलिस अधीक्षक गौरव राय के निर्देशन में यातायात पुलिस एवं महिला सेल टीम ने एनएमडीसी डीएवी पॉलिटेक्निक कॉलेज जावांगा में सड़क सुरक्षा पर जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यक्रम 8 सितंबर को आयोजित हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं और शिक्षकगण शामिल रहे। कार्यशाला में यातायात प्रभारी प्रहलाद कुमार साहू, सहायक उप निरीक्षक जितेंद्र त्रिपाठी एवं महिला सेल प्रभारी आशा सिंह ने सड़क सुरक्षा, साइबर सुरक्षा और महिला सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर छात्रों को जागरूक किया। यातायात प्रभारी साहू ने विद्यार्थियों को यातायात नियमों के महत्व को समझाते हुए नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई। उन्होंने 'राहगीर योजना' की जानकारी भी साझा की, जिसके तहत दुर्घटना पीड़ितों की मदद करने वालों का नाम गोपनीय रखा जाएगा और उन्हें सम्मानित भी किया जाएगा। महिला सेल प्रभारी आशा सिंह ने साइबर सुरक्षा और ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाव की जानकारी दी।



# अण्डर ट्रायल रिव्यू कमेटी व मॉनिटरिंग सेल की बैठक

**कोण्डागांव, प्रतिदिन राजधानी**

कल प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश /अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव किरण चतुर्वेदी की अध्यक्षता में जिला नारायणपुर हेतु गठित अण्डर ट्रायल रिव्यू कमेटी एवं मॉनिटरिंग सेल की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में न्यायिक हिरासत में बंद विचाराधीन बंदियों के मामलों की समीक्षा करना था, जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि ऐसे बंदियों को उनके कानूनी अधिकारों के अनुसार शीघ्र न्याय मिल सके। बैठक में विशेष रूप से ऐसे मामलों पर ध्यान केन्द्रित किया गया, जिनमें आरोपी अधिक समय से न्यायिक हिरासत में हैं या जहां जमानत संभव है तथा 13 सितंबर को आयोजित करने के संबंध में चर्चा की गई।

उक्त बैठक में अतिरिक्त पुलिस मजिस्ट्रेट नारायणपुर कु प्रतिभा मरकाम, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कोण्डागांव श्रीमती रेश्मा बैरागी पटेल तथा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव कु0 गायत्री साय, उपस्थित थे।

# भारत-पाक मैच रोकने की मांग, सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की याचिका

## कहा- यह सिर्फ एक मैच है; एशिया कप में 14 सितंबर को खेला जाएगा मुकाबला

नई दिल्ली।

भारत-पाकिस्तान के बीच 14 सितंबर को होने वाले क्रिकेट मैच पर रोक लगाने की मांग वाली याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई से इनकार कर दिया है। कोर्ट से याचिका पर तत्काल सुनवाई की मांग की गई थी। हालांकि, न्यायमूर्ति जेके माहेश्वरी और न्यायमूर्ति विजय बिश्नोई की पीठ ने इस मामले की सुनवाई करने से इनकार कर दिया और कहा कि यह सिर्फ एक मैच है।

### 21 अगस्त को सरकार ने मंजूरी दे दी थी

भारत सरकार 21 अगस्त को भारत-पाक मैच कराने की अनुमति दे दी थी। सरकार ने कहा- मल्टीनेशनल टूर्नामेंट में पाकिस्तान से खेलने पर रोक नहीं है। दोनों देशों में द्विपक्षीय सीरीज नहीं होगी।

### भारत-पाकिस्तान मैच पर विवाद क्यों?

पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत-पाकिस्तान रिश्ते तनावपूर्ण हैं। भारत ने ऑपरेशन सिंदूर चलाकर आतंकी ठिकाने तबाह किए। जवाब में पाकिस्तान ने ड्रोन अटैक किया। भारत ने भी जवाबी कार्रवाई की। फिलहाल, सीजफायर लागू है।

**क्या पहलगाम टेरर अटैक के बाद रिश्ते बिगड़े हैं :** नहीं, इससे पहले भी भारत और पाकिस्तान के रिश्ते खराब रहे हैं। 2019 में आतंकवादियों पुलवामा में सीआरपीएफ के काफिले पर हमला किया। इससे 40 सैनिक शहीद हो गए। जवाब में भारत ने बालाकोट एयर स्ट्राइक की और आतंकी ठिकानों को तबाह किया था।

**भारत-पाकिस्तान क्रिकेट संबंध कब खराब हुए :** 26 नवंबर 2008 को 10 आतंकवादियों ने मुंबई के ताज होटल, ओबेरॉय ट्राइडेंट और नरीमन पॉइंट जैसे कई इलाकों में फायरिंग की थी। इससे 166 लोग मारे गए थे। इस घटना के बाद भारत ने पाकिस्तान के साथ क्रिकेट संबंध खत्म कर दिए। तब से दोनों टीमें आईसीसी और एसीसी इवेंट में ही खेलते हैं।




### भारत-पाकिस्तान के 3 मुकाबले हो सकते हैं

- **पहला मैच :** 14 सितंबर को दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में खेला जाएगा।
- **दूसरा मैच :** एशिया कप में लीग स्टेज के बाद सुपर-4 राउंड होगा। भारत-पाकिस्तान के सुपर-4 राउंड में पहुंचने पर 21 सितंबर को भारत-पाकिस्तान की दूसरी भिड़ंत हो सकती है।
- **तीसरा मैच :** अगर दोनों टीमें फाइनल में पहुंचती हैं, तो 28 सितंबर को भारत-पाकिस्तान के बीच एशिया कप में तीसरा मुकाबला खेला जाएगा।

# एक मैच बाद ही इंग्लैंड छोड़कर अपने देश लौटेगा अफ्रीकी गेंदबाज, कप्तान ने बताई वजह




नई दिल्ली।

इंग्लैंड दौरे पर गई दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम के लिए इंजरी एक बड़ी समस्या के रूप में उभरी है। कार्डिफ में बुधवार को खेले गए पहले टी20 मैच से पहले दक्षिण अफ्रीका के बाएं हाथ के स्पिनर केशव महाराज चोटिल हो गए। अभ्यास के दौरान उनके ग्रोइन में चोट लग गई। इंग्लैंड के खिलाफ पहले टी20 में जीत के बाद दक्षिण अफ्रीका के कप्तान एडन मार्करम ने कहा, महाराज पहले टी20 में खेलने वाले थे, लेकिन आखिरी समय में उनकी जगह कॉर्बिन बॉश को टीम में शामिल किया गया। दक्षिण अफ्रीका को लुंगी एंगिडी के रूप में दूसरा झटका लगा। दाएं हाथ का यह स्टार तेज गेंदबाज दाहिनी हैमस्ट्रिंग में खिंचाव के कारण आधिकारिक तौर पर इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज से बाहर हो गया है। एंगिडी दक्षिण अफ्रीका लौट जाएंगे। लुंगी एंगिडी के विकल्प के रूप में बाएं हाथ के तेज गेंदबाज नांद्रे बर्गर को टीम में शामिल किया गया है। बर्गर दूसरे टी20 से पहले टीम से जुड़ जाएंगे। इससे पहले दिग्गज बल्लेबाज डेविड मिलर भी टी20 सीरीज से बाहर हो गए थे। मिलर दं हड्रेड के दौरान इंजर्ड हो गए थे। मिलर के रिप्लेसमेंट के रूप में किसी बल्लेबाज के नाम की घोषणा नहीं की गई है।

### बुरी तरह हार गई इंग्लैंड

इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका के बीच खेला गया मैच बारिश से बुरी तरह प्रभावित रहा। इंग्लैंड ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया था। पहले बल्लेबाजी करते हुए दक्षिण अफ्रीका ने 7.5 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 97 रन बनाए थे कि बारिश आ गई। लंबे इंतजार के बावजूद बारिश के नहीं रुकने पर डकवर्थ लुईस नियम के तहत इंग्लैंड को जीत के लिए 5 ओवर में 69 रन का लक्ष्य दिया गया। इंग्लैंड 5 ओवर में 5 विकेट पर 54 रन बना सकी और 14 रन से मैच हार गई।

# सा.अफ्रीका ने इंग्लैंड को टी-20 में डकवर्थ-लुइस नियम से हराया, सीरीज में 1-0 की बढ़त, मार्करम ने बनाए 28 रन

नई दिल्ली।

साउथ अफ्रीका ने इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की टी-20 सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली। कार्डिफ में खेले गए पहले मुकाबले में साउथ अफ्रीका ने इंग्लैंड को डकवर्थ-लुईस नियम के आधार पर 14 रन से हरा दिया। बारिश की वजह से मैच निर्धारित समय 6.30 बजे से ढाई घंटे देरी से शुरू हुआ। जिसकी वजह से ओवर को कम करके पहले 9 ओवर कर दिया गया। साउथ अफ्रीका की पारी में 7 गेंद शेष रहते फिर बारिश आ गई, जिससे उनकी पारी 7.5 ओवर में समाप्त हो गई। उस समय अफ्रीका ने 5 विकेट के नुकसान पर 97 रन बना लिए थे। इसके बाद इंग्लैंड को डकवर्थ-लुईस नियम के तहत 5 ओवर में 69 रन का टारगेट मिला। इंग्लैंड 5 विकेट के नुकसान पर 54 रन ही बना सकी।




**एडेन मार्करम ने 28 रन बनाए :** साउथ अफ्रीका ने कप्तान एडेन मार्करम के 28 रनों (14 गेंद, 2 चौके, 2 छक्के) की मदद से मजबूत शुरुआत की। मार्करम ने लुआन-ड्रे प्रिटोरियस के साथ दूसरे विकेट के लिए 32 रनों की साझेदारी की। इसके बाद डेवाल्ड ब्रेविस और डेवोन फरेरा ने 15 गेंदों में 36 रनों की साझेदारी की। उन्होंने लियाम डॉसन के खिलाफ नो-लुक छक्का और फिर साइटस्क्रीन पर छक्का जड़ा। हालांकि, सैम करन की धीमी गेंद पर वह तीसरे फील्डर को कैच दे बैठे।

**इंग्लैंड नहीं बना सका 69 रन :** 69 रनों के टारगेट का पीछा करने उतरी इंग्लैंड को 13.8 प्रति ओवर की रनरेट से रन बनाने थे। फिल सॉल्ट और हैरी ब्रूक दोनों शून्य पर आउट हो गए, जिससे इंग्लैंड की शुरुआत खराब रही। जोस बटलर ने 11 गेंदों में 25 रनों की तेज पारी खेली, लेकिन उन्हें दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाजों के खिलाफ साथ नहीं मिला।

**साउथ अफ्रीका के लिए यानसन और बॉश ने दो-दो विकेट लिए :** कगिसो रबाडा और मार्को यानसन ने शानदार वापसी की। रबाडा ने पहली ही गेंद पर फिल सॉल्ट को आउट किया, हालांकि बटलर ने उनके ओवर में चौका और छक्का जड़ा। यानसन ने भी जैकब बेथेल को आउट किया और फिर बटलर को कैच कराकर मैच को दक्षिण अफ्रीका के पक्ष में पक्का कर दिया। कॉर्बिन बॉश ने भी दो विकेट लिए।

# एथलेटिक बिलबाओ के डिफेंडर येरे अल्वारेज ने मांगी माफी, डोपिंग टेस्ट में पाए गए थे पॉजिटिव

नई दिल्ली।



एथलेटिक बिलबाओ के डिफेंडर येरे अल्वारेज ने एक प्रतिबंधित दवा के लिए डोपिंग टेस्ट में पॉजिटिव पाए जाने के बाद जिम्मेदारी स्वीकार करते हुए माफी मांगी है। इस मामले में उन्हें यूईएफए द्वारा 10 महीने के लिए निलंबित कर दिया गया है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, 30 वर्षीय येरे को कैरेनोन के लिए पॉजिटिव पाए जाने के बाद निलंबित किया गया था। उनके शरीर में कैरेनोन नामक प्रतिबंधित पदार्थ पाया गया। यह एक ऐसा पदार्थ है, जिसे अक्सर ड्रग्स छिपाने के लिए इस्तेमाल किया जाता है। यह दवा उस उपचार में मौजूद थी, जो उन्हें दो बार कैंसर से उबरने के बाद बालों के झड़ने की समस्या से जूझने के दौरान दिया गया था। मई में यूरोपा लीग सेमीफाइनल में मैनचेस्टर यूनाइटेड से 3-0 की हार के बाद 30 वर्षीय खिलाड़ी का कैरेनोन के लिए परीक्षण पॉजिटिव आया था। येरे ने बताया कि वह 2022 से इस उपचार के लिए दवा ले रहे थे और उन्होंने क्लब के साथ इसकी पूरी जानकारी साझा की थी। उनकी प्रेमिका भी इसी तरह का उपचार ले रही थीं। हालांकि, यूरोपा लीग सेमीफाइनल के पहले चरण से एक हफ्ते पहले उनकी दवाइयां खत्म हो गई थीं। उन्होंने कहा, मैंने अपनी पार्टनर की गोली लेने का फैसला किया, यह सोचकर कि इसका प्रभाव बिल्कुल वैसा ही होगा। मुझे नहीं पता था कि इसमें एक अलग पदार्थ है और यह प्रतिबंधित है। येरे ने कहा, मैं एथलेटिक प्रशंसकों और अपने साथियों से माफी मांगना चाहता हूं। ये महीने मेरे लिए जटिल रहे हैं। मैं सभी से माफी मांगता हूं। मैं इस स्थिति से गुजर रहा हूं, लेकिन इसमें आप सभी शामिल हैं। उन्होंने यह भी घोषणा की है कि वह 2 अप्रैल, 2026, तक खेलने में सक्षम होने तक अपनी सैलरी छोड़ रहे हैं। येरे ने 10 महीने के निलंबन को स्वीकार किया, जो पिछले साल टेनिस खिलाड़ी जैनिक सिनर को डोपिंग टेस्ट में पॉजिटिव पाए जाने पर मिले तीन महीने के निलंबन से काफी लंबा है। उन्होंने कहा, मुझे 10 महीने का निलंबन उचित लगता है। यह मेरी गलती थी, जिसे मैंने शुरू से स्वीकार किया है। येरे ने 2 जून को अस्थायी निलंबन स्वीकार किया था और सजा को उसी तारीख से लागू किया गया है। वह 2 अप्रैल, 2026 से फिर से खेल सकेंगे और 2 फरवरी, 2026 से प्रशिक्षण सत्रों में शामिल हो सकेंगे।

# भारत के खिलाफ सीरीज से पहले ऑस्ट्रेलिया को बड़ा झटका चोट चलते बाहर हुए आरोन हार्डी

नई दिल्ली।

ऑस्ट्रेलिया ए को भारत के अपने दौरे से पहले एक और झटका लगा है। ऑलराउंडर आरोन हार्डी कंधे की चोट के कारण बाहर हो गए हैं। हार्डी को पिछले शुक्रवार को ट्रेंनिंग सेशन के दौरान बाएं कंधे में चोट लग गई और उनके लगभग एक महीने तक मैदान से बाहर रहने की उम्मीद है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि हार्डी आने वाले हफ्तों में पर्थ में रिहैब पूरा करेंगे और शेफ़ील्ड शील्ड सीजन की शुरुआत में वापसी कर सकते हैं। भारत के खिलाफ सीरीज से पहले ऑस्ट्रेलिया ए को ये तीसरा झटका है। इससे पहले लांस मॉरिस और कैलम विडलर बाहर हो चुके हैं।

### ऑलराउंडर विल सदरलैंड को बुलाया गया

ऑलराउंडर विल सदरलैंड को कानपुर में होने वाले तीन 50 ओवर के मैचों के लिए पहले ऑस्ट्रेलिया ए टीम में शामिल किया गया था। अब उन्हें 23 सितंबर से लखनऊ में शुरू होने वाले दूसरे लाल गेंद वाले मैच के लिए बुलाया गया है। सदरलैंड ए सीरीज में यॉर्कशायर के लिए टी20 ब्लास्ट में खेल रहे हैं, जहां उन्होंने 58 के सर्वोच्च स्कोर के साथ 208 रन बनाए और अपने 12 मैचों में 10 विकेट लिए। 25 वर्षीय इस खिलाड़ी ने अपने काउंटी कार्यकाल के दौरान दो प्रथम श्रेणी मैच भी खेले हैं।

### दो साल से ऑस्ट्रेलिया की सीनियर टीम में हार्डी

वहीं, हार्डी पिछले दो वर्षों से ऑस्ट्रेलिया की सीनियर सफ़ेद गेंद वाली टीमों में लगातार मौजूद रहे हैं। उन्होंने 15 एकदिवसीय और 16 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। जुलाई में वेस्टइंडीज के खिलाफ टी20 सीरीज में, जिसे ऑस्ट्रेलिया ने 5-0 से जीता था, उन्होंने 23 रन और नाबाद 28 रन बनाकर योगदान दिया, साथ ही दो मैचों में तीन विकेट भी लिए। उन्होंने पिछले महीने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दो वनडे और एक टी20 मैच भी खेला था।

### इंग्लैंड लायंस के खिलाफ जिताया था मैच

दाएं हाथ के इस ऑलराउंडर ने पिछले गर्मियों के सीज़न में क्वाड चोट के कारण कुछ समय के लिए खेल नहीं पाया था, लेकिन फरवरी में वापसी की और ऑस्ट्रेलिया ए को इंग्लैंड लायंस के खिलाफ दूसरी पारी में तीन विकेट लेकर पारी से जीत दिलाने में मदद की। इस तरह वह एक बार फिर चोटिल हो गए हैं।

# विमेंस वनडे वर्ल्डकप के अंपायर्स-रेफरी का ऐलान

## पहली बार सभी महिलाएं होंगी, मैच ऑफिशियल्स पैनल में चार भारतीय शामिल

नई दिल्ली।

इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने विमेंस वनडे वर्ल्डकप कप के लिए 18 मैच ऑफिशियल्स (14 अंपायर और चार रेफरी) नियुक्त किए गए हैं। टूर्नामेंट के 52 साल के इतिहास में पहली बार सभी मैच ऑफिशियल्स और अंपायर महिलाएं होंगी। इससे पहले, पिछले दो टी-20 वर्ल्डकप कप और 2022 में खेले गए कॉमनवेल्थ गेम्स में ऐसा हुआ था। विमेंस वनडे वर्ल्डकप कप 30 सितंबर से भारत और श्रीलंका में खेला जाएगा। टूर्नामेंट का पहला मैच गुवाहाटी में भारत और श्रीलंका के बीच होगा। अंपायर्स लॉरेन एजेनबैग, कैंडेस ला बोर्डे, किम कॉटन, सारा दंबनेवाना, शतिरा जाकिर जेसी, केरिन क्लास्टे, एन जननी, निमाली परेरा, क्लेयर पोलोसेक, वृंदा राठी, सू रेडफर्न, एलोइस शेरिडन, गायत्री वेणुगोपालन, जैकलीन विलियम्स। मैच रेफरी ट्रुडी एंडरसन, शैंड्रे फ्रिट्ज, जीएस लक्ष्मी, मिशेल परेरा।



**अंपायरिंग पैनल में तीन भारतीय :** अंपायरिंग पैनल में पूर्व भारतीय खिलाड़ी वृंदा राठी, एन जननी और गायत्री वेणुगोपालन को भी जगह मिली है। पूर्व भारतीय क्रिकेटर और पहली महिला मैच रेफरी जीएस लक्ष्मी मैच रेफरी पैनल का हिस्सा होंगी। इस पैनल में चार मेंबर्स हैं। आईसीसी अध्यक्ष जय शाह ने कहा, मैच ऑफिशियल्स पैनल में सभी महिलाओं का होना महिला क्रिकेट में एक ऐतिहासिक कदम है और इससे सफलता के नए आयाम गढ़ते दिख सकते हैं। उन्होंने आगे कहा, ये बस एक उपलब्धि नहीं है बल्कि ये भी दिखाता है कि आईसीसी क्रिकेट में समानता के अधिकार को कैसे बढ़ावा दे रहा है।

**वर्ल्डकप कप की प्राइज मनी पुरुषों से ज्यादा :** टूर्नामेंट की प्राइज मनी पुरुषों से ज्यादा हो गई है। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने 1 सितंबर को इसका ऐलान किया। इसके अनुसार, विमेंस वनडे वर्ल्डकप कप 2025 में कुल 13.88 मिलियन डालर (करीब 122 करोड़ रुपए) की इनामी राशि बांटी जाएगी।

# सूर्यकुमार यादव ने टी-20 में रचा इतिहास, रोहित-विराट और धोनी समेत सभी कप्तानों को पीछे छोड़ बने नंबर-1

नई दिल्ली।

एशिया कप 2025 के भारत ने दुबई में अपने पहले मैच में संयुक्त अरब अमीरात (संयुक्त अरब अमीरात) के खिलाफ 9 विकेट से शानदार जीत दर्ज की है। कुलदीप यादव की शानदार स्पिन गेंदबाजी ने मेजबान टीम को 13.1 ओवर में सिर्फ 57 रन पर ढेर कर दिया और फिर भारत ने महज 4.3 ओवर में लक्ष्य हासिल कर इतिहास रच दिया। भारत ने 93 गेंद शेष रहते ये जीत दर्ज की है, जो एशिया कप टी20 की सबसे बड़ी जीत है। वहीं, टी20 इंटरनेशनल में गेंद शेष रहने के लिहाज से इंग्लैंड के बाद ये दूसरी सबसे बड़ी जीत है। इस जीत के साथ सूर्यकुमार यादव ने भी टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है।

### सूर्या का फैसला निर्णायक रहा

मैच की बात करें टॉस जीतकर भारत के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला किया। उनका ये फैसला निर्णायक साबित हुआ, क्योंकि दुबई की पिच पर यूएई की पारी की शुरुआत ठीक-ठाक रही, लेकिन उसके बाद पूरी टीम ताश के पत्तों की तरह 13.1 ओवर में महज 57 रन पर ढेर हो गई। टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में ये यूएई का सबसे कम स्कोर है।

# वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप 2025 में भारत के तीन मेडल पक्के

## जैस्मिन लैम्बोरिया, नूपुर श्योराण और पूजा रानी सेमीफाइनल में पहुंची

नई दिल्ली।

भारत की महिला बॉक्सरों ने वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए देश के लिए तीन मेडल पक्के कर लिए हैं। जैस्मिन लैम्बोरिया (57 किग्रा) और नूपुर श्योराण (+80 किग्रा) और पूजा रानी (80 किग्रा) ने सेमीफाइनल में जगह बनाकर कम से कम ब्रॉन्ज मेडल सुनिश्चित कर दिया है। हालांकि, दो बार की वर्ल्ड चैंपियन निखत जरीन को तुर्की की स्टार बॉक्सर बुसे नाज काकिरोग्लू के हाथों क्वार्टरफाइनल में हार का सामना करना पड़ा। निखत का अभियान खत्म भारत की स्टार बॉक्सर निखत जरीन (51 किग्रा) को तुर्की की बुसे नाज काकिरोग्लु के खिलाफ हार झेलनी पड़ी।

# भारत-पाकिस्तान एशिया कप मैच की टिकट बिक्री कम : सिंगल टिकट फॉर्मेट शुरु करने पर भी नहीं बिक रहे, रोहित-विराट की गैरमौजूदगी वजह

नई दिल्ली।

एशिया कप के सबसे बड़े मुकाबले भारत-पाकिस्तान मैच के टिकट, सिंगल टिकट फॉर्मेट लागू किए जाने के बाद भी, नहीं बिक पा रहे हैं। भारत और पाकिस्तान के बीच यह हाई-वोल्टेज मैच 14 सितंबर को खेला जाना है। मुकाबले में अब सिर्फ तीन दिन शेष हैं, लेकिन ऊपरी और टॉप-टियर स्टैंड्स के टिकट अभी भी उपलब्ध हैं। इससे पहले आयोजक भारत-पाकिस्तान मैच की टिकटें पैकेज के रूप में बेच रहे थे। यानी, इस मैच को देखने के लिए प्रशंसकों को कुल सात मुकाबलों की टिकटें एक साथ खरीदनी पड़ती थीं। हालांकि, टिकटों की कम बिक्री को देखते हुए आयोजकों ने इसमें बदलाव कर सिंगल टिकट फॉर्मेट शुरू किया ताकि प्रशंसकों को सुविधा हो। लेकिन इसके बावजूद टिकटों की बिक्री में कोई विशेष बढ़ोतरी नहीं हुई है। एमिरेट्स क्रिकेट के एक अधिकारी ने एएनआई को बताया कि,हम खुद हैरान हैं कि भारत-पाकिस्तान मैच के लिए टिकट बिक्री इतनी धीमी क्यों है। अभी तक निचले स्टैंड्स की सीटें ही बिकी हैं, जबकि ऊपरी और टॉप टियर स्टैंड्स पर टिकट उपलब्ध हैं। चैंपियंस ट्रॉफी में इसी मैच के लिए टिकटों की बिक्री इतनी तेज थी कि हमने दो बार (दोपहर 2 बजे और शाम 4 बजे) टिकट खिड़की खोली और 4 मिनट से भी कम समय में सारे टिकट बिक गए थे। लेकिन इस बार जोश काफी फीका है। शायद इसकी वजह रोहित शर्मा और विराट कोहली की गैरमौजूदगी है।

### स्टार खिलाड़ियों की गैरमौजूदगी

कई रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि रोहित शर्मा और विराट कोहली के नहीं होने से मैच का रोमांच कम हो गया है। दोनों खिलाड़ियों ने पिछले साल दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी-20 वर्ल्डकप कप जीतने के बाद इस फॉर्मेट से संन्यास ले लिया था।

### टिकटों की कीमत बढ़ी

टिकटिंग पोर्टल्स पर मौजूद पैकेज करीब 2.57 लाख रुपए दो सीटों के लिए रखा गया है, जिसमें सीटिंग, अनलिमिटेड खाना-पीना, पार्किंग पास, वीआईपी क्लब/लाउंज, प्राइवेट एंट्रेंस और रेस्ट रूम जैसी सुविधाएं शामिल हैं। ऐसे ही रॉयल बॉक्स 2.30 लाख, स्काई बॉक्स ईस्ट 1.67 लाख, प्लैटिनम 75 हजार, ग्रैंड लाउंज 41 हजार, पैविलियन वेस्ट 28 हजार और सबसे सस्ता जनरल ईस्ट भी करीब 10 हजार रुपये दो सीटों के लिए है। इसी वजह से फैंस को टिकट लेना महंगा पड़ रहा है।

### पाकिस्तान की टीम में भी स्टार पावर की कमी

कुछ रिपोर्ट्स के अनुसार पाकिस्तान की ओर से भी बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान जैसे बड़े खिलाड़ी टीम में शामिल नहीं हैं, जिससे दोनों ओर से स्टार आकर्षण घट गया है।

### सोशल मीडिया पर बॉयकॉट मुहिम का असर

अप्रैल 2025 में पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत-पाकिस्तान के बीच राजनीतिक तनाव बढ़ा है, जिससे भारतीय प्रशंसकों का उत्साह प्रभावित हुआ है। सोशल मीडिया पर कई प्रशंसक बॉयकॉट की मांग कर रहे हैं और कह रहे हैं कि भारत को इस टूर्नामेंट से हट जाना चाहिए।



### एशिया कप में तीन बार भारत-पाक के भिड़ने की उम्मीद

एशिया कप में भारत-पाक एक ही ग्रुप में है। दोनों के ग्रुप लीग मैच 14 सितंबर के अलावा भी टूर्नामेंट में दो बार और भिड़ने की उम्मीद है। भारत और पाकिस्तान ने अगर सुपर-4 स्टेज में जगह बनाई तो दोनों टीमें फिर एक बार 21 सितंबर को आमने-सामने होंगी। टूर्नामेंट का फाइनल 28 सितंबर को खेला जाएगा। भारत और पाकिस्तान ने सुपर-4 स्टेज में टॉप किया तो दोनों के बीच टूर्नामेंट में तीसरा मुकाबला भी हो सकता है।

## प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र अजगरबहार को मिला राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण पत्र



**कोरबा।** कलेक्टर अजीत वसंत के मार्गदर्शन में, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले के नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध करायी जा रही है। गुणवत्ता पूर्ण स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने के लिए कोरबा विकासखण्ड के अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र (आयुष्मान आरोग्य मंदिर) अजगरबहार को राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण पत्र (एनक्यूएएस) प्राप्त हुआ है। भारत सरकार राष्ट्रीय गुणवत्ता टीम के द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र (आयुष्मान आरोग्य मंदिर) अजगरबहार में दिनांक 11 एवं 12 अगस्त को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र अजगरबहार के 6 विभागों में दी रही सुविधाओं तथा उनके रखरखाव की गुणवत्ता का मानकों पर निरीक्षण किया गया जिसमें समस्त मानदंडों पर 92.04 प्रतिशत अंकों के साथ संस्था द्वारा दी जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं को राष्ट्रीय गुणवत्ता मानकों के अनुरूप घोषित कर राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण पत्र दिया गया। कलेक्टर अजीत वसंत, तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र आयुष्मान आरोग्य मंदिर) अजगरबहार को राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण पत्र प्राप्त होने पर कोरबा विकासखण्ड के खण्ड चिकित्सा अधिकारी, अजगरबहार के अधिकारीयों एवं कर्मचारियों तथा जिला स्तरीय टीम को बधाई दी है।

## चोरी के तीन मोटरसाइकिल के साथ दो आरोपित गिरफ्तार

**सूरजपुर।** डीआईजी व एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने पुलिस अधिकारियों को चोरी, नकबजनी के मामलों पर अंकुश लगाने एवं चोरी की वारदात को अंजाम देने वालों की पतासाजी कर उन्हें पकड़ने के सख्त निर्देश दिए थे। इसी परिप्रेक्ष्य में आज गुरूवार को चौकी बसदेई पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि रेलवे फाटक के पास चोरी के दो मोटरसाइकिल बेचने के फिराक में दो व्यक्ति ग्राहक की तलाश कर रहे हैं। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची जहां घेराबंदी कर विकास देवांगन उम्र 22 वर्ष ग्राम घुसा थाना झिलमिली वर्तमान निवासी ग्राम मसीरा जोड़ा सरई एवं रितेश कुमार सारथी उम्र 22 वर्ष निवासी भटठापारा थाना सूरजपुर को दो मोटरसाइकिल सहित पकड़ा जिनसे मोटर सायकलों के दस्तावेज की मांग किए जाने पर कोई कागजात प्रस्तुत नहीं किए।

पूछताछ पर दोनों ने बताया कि, जयनगर थाना क्षेत्र से एक होण्डा सीडी डिलक्स व साप्ताहिक बाजार सूरजपुर से एक सुजुकी मोटरसाइकिल तथा एक बजाज सीटी 100 मोटरसाइकिल को पानी टंकी के पास चिरमिरी जिला एमसीबी से चोरी किए है। आरोपितों के निशानदेही चोरी का 1 और मोटरसाइकिल कुल तीन मोटरसाइकिल कीमत करीब एक लाख रूपये का बरामद कर दोनों आरोपितों को गिरफ्तार किया गया। इस कार्रवाई में चौकी प्रभारी बसदेई योगेंद्र जायसवाल, प्रधान आरक्षक शिवकुमार सारथी, आरक्षक देवदत्त दुबे, रामकुमार सिंह, दिलीप साहू, निलेश जायसवाल, राकेश सिंह, शिवराज सिंह व अशोक केवट सक्रिय रहे।

# कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने किया सक्षम कैंटीन का अवलोकन, दिव्यांग विश्नोई से पूछा कुशलक्षेम

**धमतरी, प्रतिदिन राजधानी**

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने 11 सितंबर गुरूवार को अचानक कलेक्ट्रेट परिसर में दिव्यांगजनों द्वारा संचालित सक्षम कैंटीन का अवलोकन किया। उन्होंने कैंटीन में उपलब्ध चाय–नाश्ता एवं अन्य सामग्री का जायजा लिया और बाहर विश्नोई से बातचीत कर उनका कुशलक्षेम जाना ।

कलेक्टर ने विश्नोई से आग्रह किया कि वे बैठकर बात करें, किंतु उन्होंने बैसाखियों के सहारे खड़े होकर ही वार्तालाप किया। उन्होंने बताया कि कैंटीन की शुरुआत के बाद से ही लोगों का अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। कलेक्ट्रेट, जिला पंचायत एवं आसपास के कार्यालयों में आने वाले अधिकारी–कर्मचारी और नागरिक यहां आकर चाय–नाश्ते का आनंद ले रहे हैं।

कलेक्टर मिश्रा ने कहा कि सक्षम कैंटीन दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। यह न केवल रोजगार का माध्यम बनेगा, बल्कि आत्मसम्मान और आत्मविश्वास को भी बढ़ावा



देगा। उन्होंने आश्वस्त किया कि संचालन में किसी भी प्रकार की आवश्यकता या समस्या आने पर जिला प्रशासन हर संभव सहयोग प्रदान करेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कलेक्ट्रेट और जिला पंचायत सहित अन्य कार्यालयों में होने वाली बैठकों और शासकीय आयोजनों में बाय–नाश्ते का आर्डर सक्षम कैंटीन से दिया जाए, ताकि दिव्यांगजनों के प्रयासों को और अधिक बल मिल सके।

कलेक्टर मिश्रा की पहल पर दिव्यांग प्रेरणा जन कल्याण समिति को कलेक्ट्रेट परिसर में यह स्थान उपलब्ध कराया गया है। समिति के संस्थापक बसंत कुमार विश्नोई ने बताया कि लंबे समय से दिव्यांगजन स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ने की इच्छाशक्ति रखते थे, जो अब प्रशासनिक सहयोग से साकार हो सका है। सक्षम कैंटीन की शुरुआत से दिव्यांगजनों को न केवल स्थायी रोजगार मिलेगा, बल्कि वे समाज की मुख्यधारा से भी जुड़ेंगे। यह पहल जिले में दिव्यांग सशक्तिकरण की नई मिसाल है, जो अन्य जिलों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत बनेगी। कलेक्टर मिश्रा ने कहा कि ﬖदिव्यांगजन हमारे समाज की शक्ति हैं। उन्हें सही अवसर और मंच मिल जाए, तो वे आत्मसम्मान और स्वावलंबन के साथ जीवनयापन कर सकते हैं। सक्षम कैंटीन इसी सोच का परिणाम है और यह आने वाले समय में जिले के लिए आदर्श मॉडल बनेगा।

## रायगढ़ मेडिकल कॉलेज में संभावित इन्फ्लूएंजा के खतरे को लेकर मॉकड्रिल



**रायगढ, प्रतिदिन राजधानी।** इन्फ्लूएंजा को लेकर स्वास्थ्य महकमा अलर्ट है। बीमारी से निपटने की तैयारी शुरू कर दी गई है। रायगढ़ मेडिकल कॉलेज में गुरुवार को मॉकड्रिल कर अस्पताल की क्षमता, दवाइयों की उपलब्धता समेत अन्य सुविधाओं को परखा गया ।स्वास्थ्य विभाग के निर्देश पर स्व. लखीराम अग्रवाल स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध संत बाबा गुरु घासीदास स्मृति शासकीय चिकित्सालय रायगढ़ , (छ.ग.) में संभावित इन्फ्लूएंजा के खतरे और आपात स्थिति से निपटने को लेकर 11 सितंबर गुरुवार को मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। मॉक ड्रिल के दौरान इन्फ्लूएंजा से संक्रमित डमी मरीज को एम्बुलेंस से अस्पताल पहुंचते ही अस्पताल प्रशासन हरकत में आ गया। मरीज़ को एम्बुलेंस से उतार कर पीपीई किट पहने स्वस्थ कर्मी ऑक्सीजन सिलेंडर युक्त स्ट्रेचर में लेटाकर वर्तमान में चिन्हांकित आइसोलेशन वार्ड लेकर गये ,जहाँ पूर्व से मौजूद पीपीई किट लेस चिकित्सक , स्टाफ़ द्वारा सबसे पहले ऑक्सीमीटर से उक्त मरीज के ऑक्सीजन स्तर की जांच की गई। फिर उसे ऑक्सीजन सपोर्टेड बेड पर लिटाया गया।ऑक्सीमीटर लगाने के साथ ऑक्सीजन की आपूर्ति शुरू की गई। वहीं वेंटिलेटर व मल्टीपैरामीटर ,वाइटल साइन मशीन के माध्यम से जांच व मॉनिटरिंग चिकित्सकों ने की।

उल्लेखनीय है कि, स्वास्थ्य विभाग द्वारा नौ से ग्यारह सितंबर तक मॉकड्रिल करने का निर्देश दिया है।जिसमे मेडिकल कॉलेज, जिला चिकित्सालय,सीएचसी, और पीएचसी में इन्फ्लूएंजा के बढ़ने की स्थिति में नियंत्रण के लिए सर्विलांस गतिविधियों के सुदृढ़ीकरण की जांच की जाए और अस्पतालों की बेड क्षमता, आइसोलेशन बेड, ऑक्सीजन से जुड़े आइसोलेशन बेड, आईसीयू बेड, व वेंटिलेटर से जुड़े बेडों की संख्या , नेबुलाइजर, ऑक्सीमीटर, ऑक्सीजन कंसंट्रेटर, ऑक्सीजन सिलिंडर, पीपीई किट आदि की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए।

Pratidinrajdhani.in
Daily Morning Newspaper & Webportal
E Paper Also Available
Web Portal : www.pratidinrajdhani.in
Youtube : Pratidin Rajdhani

दैनिक
प्रतिदिन राजधानी
आम आदमी का खास अखबार
आम ईश्तहार, खरीदी बिक्री,
नाम परिवर्तन, आवश्यकता, कोर्ट नोटिस
संपर्क करें:
शारदा चौक, रायपुर (छ.ग.)
62629 04444
ई-मेल : pratidincg@gmail.com
E-paper : https://epaper.pratidinrajdhani.in

विज्ञापन एजेंसियां

अतुल पब्लिसिटी
हलवाई लेन, रायपुर, फोन- 2223699, 2539578, 94252-11222

एम्बेसी कारपोरेट प्रमोशन
13-14 तीसरा माला अशोका मिलेनियम, राजेन्द्र नगर रिंग नं.1, रायपुर, मो. 99811-30300

अजय एडवरटाइजर्स, पब्लिसिटी
समवेद शिखर कॉम्पलेक्स, रजयंधा मैदान, रायपुर
फोन :2224371, 2537569,94242-01700

ए.एस. एसोसिएट्स
प्रथम तल, आनंद भवन गुरुनानक चौक, रायपुर
मो. 93020-77741, 98271-62101

माहेश्वरी पब्लिसिटी सर्विस
डॉ. नायडू कॉम्पलेक्स, जेल रोड, बेवीलॉन इन के बाजू में, रायपुर
फोन नं. 4034113, 2234113, मो. 98269-06113

प्रयास एडवरटाइजर्स
ग्राउंड फ्लोर 13, सत्य सांई प्लाजा, लेडिकल हॉस्पिटल, पुराना बस स्टैंड के पास, शिव टाकीज रोड बिलासपुर, रायपुर, द्वितीय तल श्याम प्लाजा, पंडरी शाप
मो. 98267-01259, 62642-74844

राजेश पब्लिसिटी
समता कॉलोनी, कृष्णा टॉकीज के पास, रायपुर
फोन नं. 4043063, मो-94252-08899, 99263-08899

सुमीत एडवरटाइजर्स
शहीद स्मारक भवन, रजबंधा, रायपुर
फोन नं. 0771-4031319, मो. 98261-61116, 98267-08989

शिवम् पब्लिसिटी
नत्थानी बिल्डिंग बूढ़ापारा, रायपुर
फोन नं. 2539968, मो.-9329100263

चित्रांश पब्लिसिटी
24, प्रथम तल, विजेता कॉम्पलेक्स शास्त्री बाजार, रायपुर
मो. 94252-04920, फोन : 2234944, 2582595

देव एड एजेंसी
आशीर्वाद टॉवर, राज टॉकीज, रायपुर , फोन नं. 2537897
मो. 7987854705, 98268-77609

खन्ना एडवरटाइजर्स
ए-5/2, शंकरनगर सेक्टर- I, केनरा बैंक वाली गली, रायपुर
मो. 98271-44343, 93001-60001 2524032

ए.के. एडवरटाइजर्स
चिमन प्लाजा, लिबाज टेलर के बाजू तात्यापारा, रायपुर
मो. 9826145558, 07714028271

मीतनिशा एडवरटाइजिंग
23, तीसरा माला रियो काम्पलेक्स, फ्रुट मार्केट के सामने लालपुर, रायपुर ( छ.ग. ) मो. 98271-46567,93298-46567

अनिश एड.
बाटल हाउस के पास, शंकर नगर, रायपुर
मो. 93021-19222. 9303119222

श्रीराम एडवरटाइजिंग एंड मार्केटिंग रायपुर ब्रांच
403 चौथी मंजिल मेग्नेटो, जीई रोड, रायपुर
फोन नं. 0771 4055015

प्रेम प्रकाश मध्यानी एड एजेंसी
लक्ष्मी ड्रेसेस - कपूर होटल के सामने, श्याम नगर, रायपुर
मो. 9329407988

# युक्तियुक्तकरण से योग्य शिक्षक सुदूर अंचलों में बच्चों के उज्ज्वल भविष्य का पथ कर रहे प्रशस्त

**कोरबा प्रतिदिन राजधानी**

विशेषज्ञ शिक्षक की नियुक्ति ने मांचाडोली विद्यालय के शैक्षिक परिवेश को दी नई दिशा, छात्रों में विषय की प्रति बढ़ी रुचि शिक्षक आर के चन्द्रा की प्रेरक शिक्षण शैली से छात्र राजनीति विज्ञान से सामाजिक चेतना की ओर हो रहे अग्रसर' राजनीति विज्ञान नहीं रहा सिर्फ विषय, बना समाज की समझ का जरिया कोरबा जिले के पोड़ी-उपरोड़ा ब्लॉक के घने वनांचल में बसा छोटा सा गांव मांचाडोली, जहां कभी शिक्षा के नाम पर सिर्फ बुनियादी ढांचा था, पर गुणवत्ता का गहरा अभाव था। यहां का हायर सेकंडरी स्कूल वर्षों तक विषय



विशेषज्ञ शिक्षकों की कमी से जूझता रहा। लालपुर, पाथा, कछार, बुल्लर साइड जैसे आसपास के गांवों से बच्चे पढ़ाई के लिए इसी स्कूल में आते हैं। परंतु दसवीं के बाद, जब संकाय चयन की बारी आती, तो अधिकांश विद्यार्थी सही मार्गदर्शन और विषय विशेषज्ञ न होने की वजह से अपनी रुचि के विपरीत विषय चुनने को मजबूर होते। कला संकाय में शिक्षक के अभाव में कई बच्चों को मनचाहा विषय त्याग कर अन्य संकाय चुनना पड़ता था जिससे छात्रों के लिए पढ़ाई बोझ बन जाती थी, और उनका आत्मविश्वास डगमगाने लगता था। राज्य सरकार की शिक्षकों की युक्तियुक्त करण प्रक्रिया के अंतर्गत मांचाडोली के हायर सेकेंडरी स्कूल में कला, गणित, विज्ञान व अन्य विषयों के योग्य एवं प्रशिक्षित शिक्षकों की पदस्थापना हुई हैं। प्रक्रिया के तहत मांचाडोली में राजनीति विज्ञान विषय के लिए आर. के. चन्द्रा विद्यालय के शैक्षिक परिवेश को नई दिशा दी है। शिक्षक चन्द्रा ने विषय को सिर्फ पाठ्यक्रम तक सीमित नहीं रखा, बल्कि जीवन और समाज से जोड़ते हुए पढ़ाना शुरू किया।

## प्लेटफॉर्म वर्कर्स का ई-श्रम पोर्टल में पंजीयन 9 से 19 सितम्बर तक

छत्तीसगढ़ राज्य में कार्यरत प्लेटफॉर्म वर्कर्स जैसे जोमैटो, स्विगी, ब्लिंकीट, इंस्टामार्ट, उबेर, ओला, रैपिडो, फ्लिपकार्ट, अमेज़न एवं अन्य प्लेटफॉर्म आधारित डिलीवरी पर्सन को ई-श्रम पोर्टल में पंजीकृत कर पहचान पत्र जारी किए जाने की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। इसके अंतर्गत 09 सितम्बर से 19 सितम्बर 2025 तक निर्धारित अवधि में कार्यालयीन कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है, जो वर्कर्स का पंजीयन कराएंगे। संबंधित संस्थान में कार्यरत सभी वर्कर्स को सूचित किया जाता है कि वे आवश्यक दस्तावेज जैसे आधार कार्ड, पैन कार्ड, सक्रिय मोबाइल नंबर के साथ निर्धारित कार्यालय में उपस्थित होकर अपना पंजीयन अवश्य कराएं।

# छत्तीसगढ़ में ग्रिड पद्धति की खेती से रिटायरमेंट के बाद रची सफलता की नई कहानी

**कोरबा प्रतिदिन राजधानी**

छत्तीसगढ़ की धरती को हमेशा से अन्नदाता किसानों की कर्मभूमि कहा गया है। यहाँ की मिट्टी में परिश्रम, समर्पण और उम्मीद की सुगंध रची-बसी है। वर्षों से प्रदेश के किसान अपनी मेहनत और लगन से खेत खलिहानों को समृद्ध करते आए हैं। समय बदलने के साथ-साथ खेती-बाड़ी की पद्धतियाँ भी बदल रही हैं। परंपरागत खेती के साथ आधुनिक तकनीकों का संगम आज नए-नए चमत्कार कर रहा है। इन्हीं परिवर्तनों के बीच कोरबा जिले के झगरहा गाँव से एक ऐसी प्रेरणादायी कहानी सामने आई जिन्होंने न केवल किसानों को, बल्कि पूरे समाज को यह संदेश दिया है, कि सफलता पाने के लिए उम्र कोई बाधा नहीं होती, बल्कि सही सोच और मार्गदर्शन से असंभव सपने भी साकार किए जा सकते हैं।

यह कहानी है 67 वर्षीय प्रगतिशील किसान रामरतन राम निकुंज की, जिन्होंने सेवानिवृत्ति के बाद खेती को अपनाया और अपनी मेहनत व वैज्ञानिक दृष्टिकोण से वो मुमकिन कर दिखाया जो बहुतों के लिए केवल कल्पना था। उन्होंने यह साबित कर दिया कि यदि इरादा पक्का हो और धरती माँ के प्रति लगाव सच्चा हो, तो खेत सुनहरी फसल से लहलहा उठते हैं और किसान समृद्धि की मिसाल बन जाते हैं।

रामरतन निकुंज पहले दक्षिण पूर्वी कोलफील्ड्स लिमिटेड (ैम्ब्स) में फोरमेन इंचार्ज के पद पर कार्यरत थे। वर्ष 2018 में नौकरी से निवृत्त होने के बाद उन्होंने अपने गाँव में ही कृषि कार्य को अपनाने का निर्णय लिया। उनके पास कुल 5 एकड़ भूमि थी, जिसे उन्होंने नई सोच और नई तकनीक से खेती का मॉडल खेत बनाने की ठानी। 67 वर्ष की आयु में जहाँ अधिकांश लोग आराम करना पसंद करते हैं, वहीं निकुंज ने खेती में अपनी नई पारी की शुरुआत की। उनका मानना है कि धरती माँ को अगर अपनापन दो, तो वह अनमोल धन धान्य लौटाती है।

**विशिष्ट तरीका: वर्मी ग्रिड मैथड**

शुरुआती वर्षों में किसान निकुंज ने धान की कतार बोनी की पद्धति अपनाई। इसके बाद उन्होंने विधि से धान की उपज प्राप्त की, जिससे उत्पादन में बढ़ोतरी हुई। 2023 में उन्होंने वर्मी ग्रेड मेथड का प्रयोग शुरू किया, जिसने फसल की गुणवत्ता और उपज दोनों में उल्लेखनीय सुधार किया। वर्मी ग्रिड मैथड, यह एक आधुनिक और वैज्ञानिक पद्धति है जिसमें जैविक खाद, विशेषकर वर्मी कम्पोस्ट (केचुआ खाद) का उपयोग कर खेत को कई खंडों में बनाने के लिए प्राकृतिक तरीकों का उपयोग किया जाता है। खेत के अलग-अलग ग्रिड में वर्मी कम्पोस्ट डालने से मिट्टी की गुणवत्ता बनी रहती है और पौधों को संतुलित पोषण मिलता है।

# पद्मश्री पं. श्यामलाल चतुर्वेदी की जन्मशताब्दी समारोह की तैयारी

**बिलासपुर, प्रतिदिन राजधानी**

पद्मश्री पं. श्यामलाल चतुर्वेदी का जन्मशताब्दी समारोह 20 फरवरी 2026 को आयोजित होगा। इस अवसर पर स्मारिका का प्रकाशन और विमोचन, साहित्यिक गोष्ठी, फोटो प्रदर्शनी और फिल्म प्रदर्शन जैसे कई कार्यक्रम रखे जाएंगे। आयोजन को भव्य बनाने के लिए बुधवार को साहित्यकारों, पत्रकारों और बुद्धिजीवियों की बैठक पं. चतुर्वेदी के निवास पर हुई, जिसमें सर्वसम्मति से समिति का गठन किया गया।



**समिति गठित**

बैठक में निर्णय लिया गया कि स्मारिका के विमोचन कार्यक्रम के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू और उपमुख्यमंत्री अरुण साव को आमंत्रित किया जाए। समिति ने सुझाव दिया कि समारोह का आयोजन दो सत्रों में हो। पहले सत्र में स्मारिका का विमोचन और भोजन, वहीं दूसरे सत्र में पं. चतुर्वेदी के व्यक्तित्व और कृतित्व पर साहित्यिक संगोष्ठी हो। बैठक में वरिष्ठ पत्रकार पीयूषकांति मुखर्जी ने सुझाव दिया कि पं. चतुर्वेदी पर बनी फिल्म का प्रसारण समारोह के दौरान एलईडी स्क्रीन पर किया जाए। साथ ही, उनके जीवन और रचनाओं से जुड़ी फोटो प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी।

समिति में महापौर पूजा विधानी, बिलासपुर प्रेस क्लब अध्यक्ष इरशाद अली, वरिष्ठ पत्रकार पीयूषकांति मुखर्जी, साहित्यकार नथमल शर्मा, डॉ. सुनील गुप्ता, जगदीश उपासने, दिवाकर मुक्तिबोध, संजय द्विवेदी, हर्ष पांडेय, यशवंत गोहिल, विश्वेश ठाकरे, मनोज व्यास, प्रवीण शुक्ला, वैभव बेमेतरिहा, हीरामणि शुक्ला सहित अन्य शामिल हैं। समिति के संयोजक शशिकांत चतुर्वेदी, सूर्यकांत चतुर्वेदी और प्रचार सचिव अंबर चतुर्वेदी बनाए गए हैं।

## माता बहादुर कलारिन सम्मान वर्ष 2025 के लिए आवेदन आमंत्रित

**कवर्धा, प्रतिदिन राजधानी**

छत्तीसगढ़ शासन, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा महिलाओं के उत्पीड़न के खिलाफ संघर्ष एवं नारी उत्थान की दिशा में उल्लेखनीय कार्य करने वाली महिला को प्रतिवर्ष ''माता बहादुर कलारिन सम्मान'' प्रदान किया जाता है। इस सम्मान के अंतर्गत चयनित महिला को 2 लाख रूपए की राशि एवं प्रशस्ति पट्टिका प्रदान की जाएगी। यह सम्मान महिलाओं को सामाजिक न्याय, साहसिक नेतृत्व एवं सशक्तिकरण की दिशा में प्रेरित करने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है।

# सड़क पर जन्मदिन, स्टंट और सेल्फी के मामलों पर हाईकोर्ट में सीएस ने दिया जवाब

**बिलासपुर, प्रतिदिन राजधानी**

प्रदेश में सड़क पर जन्मदिन मनाने, रोड जाम करने और कार की सनरूफ खोलकर सेल्फी लेते हुए स्टंट करने जैसी घटनाओं को लेकर हाईकोर्ट में स्वतः संज्ञान सुनवाई चल रही है। राज्य सरकार के मुख्य सचिव की ओर से बुधवार को दाखिल हलफनामे में बताया गया कि पुलिस ने जांच पूरी कर सभी मामलों में निचली अदालत के समक्ष अंतिम रिपोर्ट पेश कर दी है। कोर्ट ने अब इन मामलों की मॉनिटरिंग के लिए 13 अक्टूबर को अगली सुनवाई तय की है।

गौरतलब है कि हाईकोर्ट ने 8 अगस्त को हुई सुनवाई में मुख्य सचिव को निर्देश दिया था कि इन घटनाओं में दर्ज तीनों प्राथमिकियों की जांच रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। इस पर शपथपत्र के जरिए विस्तृत जानकारी दी गई।

**अब अगली सुनवाई 13अक्टूबर**

रतनपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर युवकों द्वारा कारों की कतार लगाकर सड़क के बीच स्टंट करने के मामले में पुलिस ने 21 जुलाई 2025 को भारतीय न्याय संहिता की धारा 126(2), 285, 3(5) के तहत अपराध दर्ज किया था। आरोपियों को गिरफ्तार कर निजी मुचलके पर जमानत दे दी गई और जब्त वाहन बाद में न्यायालय के आदेश पर मालिकों को लौटा दिए गए। इसी तरह बिलासपुर के रिवर व्यू रोड पर सनरूफ में खड़े होकर स्टंट और सेल्फी लेने के मामले में सिविल लाइन पुलिस ने चार युवकों लव उर्फ लक्की कुंभकर, अरमान उर्फ ऋषभ कुंभकर, रमाशंकर कौशिक और प्रियांशु कश्यप के खिलाफ 24 जुलाई 2025 को अपराध दर्ज किया। सभी को गिरफ्तार कर जमानत दे दी गई और 25 जुलाई को अंतिम रिपोर्ट अदालत में पेश की गई।

वहीं अभिनेता संजय दत्त का जन्मदिन मनाने और यातायात अवरुद्ध करने की घटना में आरोपी गुरुदेव अवस्थी उर्फ चुट्टू अवस्थी पर 2 अगस्त 2025 को भारतीय न्याय संहिता की धारा 285 के तहत अपराध दर्ज किया गया था। जांच पूरी कर पुलिस ने 6 सितंबर को अदालत में रिपोर्ट सौंप दी। चीफ जस्टिस ने कहा कि मुख्य सचिव के हलफनामे से स्पष्ट है कि पुलिस ने जांच पूरी कर सभी मामलों की रिपोर्ट निचली अदालत को सौंप दी है। कोर्ट ने निगरानी की बात कहते हुए अलगी सुनवाई 13 अक्टूबर तय की है।

## मेडिकल बिल के लिए कमीशन मांगने वाला शिक्षा विभाग का बाबू निलंबित

**बिलासपुर, प्रतिदिन राजधानी**

मस्तूरी विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में पदस्थ सहायक ग्रेड-02 क्लर्क सीएस नोरके को जिला शिक्षा अधिकारी ने निलंबित कर दिया है। उस पर आरोप है कि उन्होंने सहायक शिक्षक से मेडिकल बिल पास करने के एवज में 10 प्रतिशत कमीशन मांगा।

शासकीय प्राथमिक शाला खपरी के सहायक शिक्षक संतोष कुमार साहू ने बताया कि इलाज का पूरा खर्च और दस्तावेज ऑफिस में जमा करने के बाद उनका 1,87,459 रुपए का मेडिकल बिल स्वीकृत हो गया था। लेकिन भुगतान करने से पहले क्लर्क ने फोन पर 10 प्रतिशत कमीशन की मांग की। संतोष साहू ने यह रकम देने से इनकार कर दिया, जिसके बाद उनका भुगतान रोक दिया गया।

शिक्षक ने बताया कि अन्य शिक्षकों के मेडिकल बिल की राशि 15 जुलाई को ही जारी कर दी गई थी, लेकिन उनका बिल अब तक लंबित है। उन्होंने इस मामले की शिकायत जिला शिक्षा अधिकारी और कलेक्टर संजय अलंग से की थी। शिकायत के साथ कमीशन मांगने का ऑडियो भी वायरल हुआ है, जिसमें क्लर्क साफ कहते सुना जा सकता है कि 'ऊपर तक पैसा देना पड़ता है।'

# पीएम स्वनिधि योजना नई गाइडलाइन में अधिक लाभ

### 10 हजार से अधिक स्ट्रीट वेंडर्स को मिला कर्ज

**बिलासपुर, प्रतिदिन राजधानी**

भारत सरकार के आवास एवं शहरी मंत्रालय ने प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना को नई गाइडलाइन के साथ 1 सितंबर 2025 से फिर से शुरू कर दिया है। यह योजना खासकर उन छोटे व्यापारियों और स्ट्रीट वेंडर्स के लिए है, जो फुटपाथ या गली-मोहल्लों में दुकान लगाकर रोजी-रोटी कमाते हैं। नई गाइडलाइन के तहत अब पहली किश्त का लोन 10,000 से बढ़ाकर 15,000 रुपये कर दिया गया है। दूसरी किश्त पहले 20,000 थी, जिसे बढ़ाकर 25,000 रुपये कर दिया गया है। तीसरी किश्त पहले की तरह 50,000 रुपये ही रखी गई है। इसका मतलब यह हुआ कि अब स्ट्रीट वेंडर्स को कारोबार बढ़ाने के लिए अधिक सहूलियत मिलेगी।

अब तक बिलासपुर नगर निगम क्षेत्र में 24,199 हितग्राहियों के आवेदन लिए गए, जिनमें से 10,942 को स्वीकृति मिली। इनमें 10,434 वेंडर्स को ऋण उपलब्ध कराया गया है। योजना के तहत अब तक 14 करोड़ 68 लाख 30 हजार रुपये की राशि विभिन्न बैंकों के माध्यम से लाभार्थियों को दी जा चुकी है।

नगर निगम आयुक्त अमित कुमार ने कहा कि ज्यादा से ज्यादा लोग इस महत्वाकांक्षी योजना का लाभ उठाएं और अपने छोटे व्यापार को मजबूत बनाएं। इसके लिए इच्छुक लाभार्थी नगर निगम विकास भवन स्थित एनयूएलएम शाखा से संपर्क कर सकते हैं।

मालूम हो कि प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना जून 2020 में कोविड-19 महामारी के दौरान शुरू की गई थी, ताकि छोटे दुकानदारों और रेहड़ी-पटरी लगाने वालों को बिना गारंटी के सस्ता कर्ज मिल सके। लोन समय पर चुकाने पर सरकार ब्याज पर सब्सिडी देती है और डिजिटल लेनदेन करने वालों को अतिरिक्त प्रोत्साहन भी मिलता है।

## प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) अंतर्गत आवेदन आमंत्रित

**कवर्धा,, प्रतिदिन राजधानी**

स्वयं का रोजगार स्थापित करने में सहायक केंद्र प्रवर्तित योजना प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के अंतर्गत् जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र कबीरधाम को वित्तीय वर्ष 2025-26 अंतर्गत 16 हितग्राहियों को लाभान्वित करने का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक ने बताया कि योजनान्तर्गत बैंको के माध्यम से लाख तथा सेवा क्षेत्र में उपलब्ध कराया जाता है। योजना के प्रतिशत तथा अनुसूचित जाति, जनजाति वर्ग, महिला, अन्य पिछडा वर्ग, अल्पसंख्यक, निःशक्तजन, भूतपूर्व सैनिक को शहरी क्षेत्र के लिए 25 एवं ग्रामीण क्षेत्र के लिए 35 प्रतिशत अनुदान की पात्रता है।



# मोदी के जन्मदिन से शुरू हो रहे सेवा पखवाड़ा को असरदार बनाने कार्यकर्ताओं को मिले टिप्स

**बिलासपुर, प्रतिदिन राजधानी**

भारतीय जनता पार्टी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितंबर से लेकर महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा मनाने का संकल्प लिया है। इसी तैयारी के तहत जिला भाजपा ग्रामीण की ओर से रतनपुर महामाया मंदिर परिसर में कार्यशाला आयोजित की गई।

मुख्य वक्ता और पूर्व मंत्री निर्मल सिन्हा ने कहा कि सेवा पखवाड़ा केवल कार्यक्रम नहीं बल्कि जनता के बीच सकारात्मक संदेश ले जाने का अभियान है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया कि स्वच्छता अभियान, रक्तदान, संगोष्ठी और स्वदेशी उत्पादों की प्रदर्शनी जैसे कार्यक्रम तय फॉर्मेट में आयोजित हों ताकि उनका प्रभाव लोगों तक पहुंचे।

विधायक सुशांत शुक्ला ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता केवल चुनाव तक सीमित नहीं हैं, बल्कि समाज के सजग प्रहरी हैं। वहीं पूर्व विधायक रजनीश कुमार सिंह ने कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए कहा कि विपक्ष जनता को भटकाने और अराजकता फैलाने की कोशिश कर रहा है। छत्तीसगढ़ पाठ्यपुस्तक निगम के अध्यक्ष राजा हुए कहा कि इससे दैनिक उपभोग की वस्तुएं सस्ती हुई हैं और आमजन को राहत मिली है। कार्यशाला में जिलाध्यक्ष मोहित जायसवाल, महामंत्री यश मनहर, विभाग प्रचारक गणेश साहू समेत बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# ऑनलाइन ट्रेडिंग और फर्जी ई-चालान के नाम पर वकील और भाजपा नेता ठगी के शिकार

**बिलासपुर, प्रतिदिन राजधानी**

शहर में ऑनलाइन ठगी के दो मामले सामने आए हैं। एक वकील से शेयर मार्केट में मुनाफे का लालच देकर 25 लाख 50 हजार रुपए हड़प लिए गए, वहीं भाजपा नेता से फर्जी ई-चालान भेजकर 3 लाख रुपए की ठगी की गई। दोनों अलग-अलग मामलों में पुलिस ने आरोपियों पर अपराध दर्ज किया है। सकरी पुलिस के अनुसार, सागर होम्स फेस-1 निवासी 27 वर्षीय वकील युगल पटेल ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि अप्रैल 2025 में उनकी पहचान कोरबा नरईबोध निवासी छत्रपाल पटेल से हुई। उसने खुद को ऑनलाइन ट्रेडिंग का विशेषज्ञ बताते हुए फर्जी एप और व्हाट्सएप पर नकली स्क्रीनशॉट दिखाकर भारी मुनाफे का झांसा दिया। भरोसा कर युगल पटेल ने 17 अप्रैल से 15 अगस्त 2025 के बीच 23 लाख 10 हजार रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर किए और 2 लाख 40 हजार रुपए नकद उसके घर में दिए। जांच में सामने आया कि छत्रपाल ने एक भी पैसा शेयर मार्केट में निवेश नहीं किया और पूरी रकम निजी खर्च में उड़ा दी। पुलिस ने छत्रपाल, उसकी मां गंगा पटेल, पिता मुरली मनोहर पटेल और भाई प्रकाश पटेल के खिलाफ बीएनएस की धारा 318, 4, 3, 5 के तहत अपराध दर्ज किया है। दूसरे मामले में, कोतवाली पुलिस ने बताया कि दयालबंद मधुबन चौक निवासी भाजपा नेता बंधु मौर्य को 3 सितंबर की शाम उनके व्हाट्सएप नंबर पर छत्तीसगढ़ पुलिस का लोगो लगाकर एक फर्जी आरटीओ ई-चालान का लिंक भेजा गया। लिंक पर क्लिक करने और व्यक्तिगत जानकारी भरने के बाद 3 से 9 सितंबर के बीच उनके एचडीएफसी और पीएनबी बैंक खातों से कुल 3 लाख 10 हजार रुपए ट्रांसफर कर लिए गए। पुलिस ने इस मामले में अज्ञात आरोपी पर बीएनएस की धारा 318, 4, 66(डी) के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# बाल देवो भव: सूत्र वाक्य के साथ दुर्ग संभाग में शिक्षा गुणवत्ता अभियान को नई दिशा

**कवर्धा, प्रतिदिन राजधानी**

मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान 2025 -कबीरधाम-बेमेतरा के अधिकारियों की संयुक्त बैठक, बच्चों के सम्मान को केन्द्र में रखकर बनेगी रणनीति

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप शिक्षा में गुणवत्ता लाने के लिए मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान 2025 का संचालन किया जा रहा है। कलेक्टर गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में आज शासकीय पी.जी. कॉलेज ऑडिटोरियम कवर्धा में कबीरधाम एवं बेमेतरा जिले की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग दुर्ग हेमंत उपाध्याय की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में दोनों जिलों के जिला शिक्षा अधिकारी, सहायक संचालक, सहायक जिला परियोजना अधिकारी, जिला मिशन समन्वयक, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, सहायक विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक, हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों के प्राचार्य तथा संकुल समन्वयक शामिल हुए। इस अवसर पर लगभग 700 अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक में बाल देवो भव:



बच्चों का सम्मान ही समाज की सच्ची प्रगति का आधार है। सूत्र वाक्य को केन्द्र बिन्दु के रूप में स्वीकार किया गया। इस भावना को आत्मसात करते हुए संभाग के प्रत्येक विद्यालय में 13 सितम्बर तक यह सूत्र वाक्य अंकित करने के निर्देश दिए गए। उपाध्याय ने कहा कि शिक्षण कार्य को ईश्वरोपासना की तरह चरितार्थ किया जाए और अध्यापन में बच्चों को सर्वोपरि स्थान दिया जाए। संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग दुर्ग उपाध्याय ने बताया कि विद्यालय का प्रशासनिक संचालन, समयबद्ध परीक्षा आयोजन, शिक्षक-छात्र संबंधों का विकास तथा अभिभावकों एवं स्थानीय लोगों से सतत् संवाद बनाए रखना प्राचार्य की जिम्मेदारी होगी। इससे विद्यालयों की गतिविधियों में पारदर्शिता आएगी और अभिभावकों का विश्वास बढ़ेगा। प्रार्थना सभा को रोचक एवं ज्ञानवर्धक बनाने, शैक्षिक दैनंदिनी का नियमित संधारण करने तथा शिक्षण कार्य का निरीक्षण एवं प्रविष्टि करने के निर्देश भी सभी संस्था प्रमुखों को दिए गए। बैठक में सघन एवं सतत् मॉनिटरिंग व्यवस्था लागू करने का निर्णय लिया गया। इसके अंतर्गत प्रत्येक संकुल समन्वयक, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी एवं जिला शिक्षा अधिकारी सप्ताह में न्यूनतम 03 दिन में कम से कम 02-02 विद्यालयों का निरीक्षण करेंगे। निरीक्षण के दौरान शिक्षकों की उपस्थिति, अध्यापन की तैयारी, विद्यार्थियों की उपस्थिति एवं सहभागिता, विद्यालय परिसर की स्वच्छता, मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता एवं शिक्षण सामग्री की उपलब्धता की समीक्षा की जाएगी। कमजोर विद्यार्थियों के लिए विशेष कक्षाएं तथा अतिरिक्त सहयोग एवं परामर्श उपलब्ध कराया जाएगा। प्रत्येक निरीक्षण का प्रतिवेदन संबंधित व्हाट्सएप ग्रुप में भेजा जाएगा, जिसका परीक्षण एवं ग्रेडिंग ब्लॉक, जिला एवं संभाग स्तर पर किया जाएगा। डी ग्रेड प्राप्त प्रतिवेदनों पर अधिकारियों में संयुक्त संचालक उपाध्याय ने स्पष्ट किया कि शिक्षा की गुणवत्ता को संभाग मॉनिटरिंग एवं समीक्षा से ही बच्चों की समस्याओं की पहचान समय रहते संभव हो पाएगी और उन्हें सही मार्गदर्शन मिल सकेगा। बैठक में यह भी निर्देश दिए गए कि सभी प्राचार्य एवं आहरण संवितरण अधिकारी अपने अधीनस्थ शिक्षकों के मानदेय का भुगतान त्वरित रूप से सुनिश्चित करें। कार्यक्रम के समापन अवसर पर उपस्थित अधिकारियों-कर्मचारियों ने दुर्ग संभाग को शिक्षा गुणवत्ता में उत्कृष्ट बनाने का संकल्प लिया।

# यौन अपराधी एपस्टीन से रिश्तों के लिए ब्रिटिश राजदूत बर्खास्त

## पीएम कीर स्टार्मर का सख्त फैसला

**लंदन।** अमेरिका में यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन के मामले में चर्चा थमने का नाम नहीं ले रही है। इसी सिलसिले में अब ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने भी एक बड़ा और सख्त कदम उठाया है। इसके तहत स्टार्मर ने अमेरिका में तैनात ब्रिटिश राजदूत पीटर मैंडेलसन को बर्खास्त कर दिया है। यह फैसला उस वक्त लिया गया जब पीटर मैंडेलसन और यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन के बीच हुई ईमेल पर बातचीत सार्वजनिक हुई।

विदेश मंत्रालय ने दी जानकारी

गुरुवार को हाउस ऑफ कॉमन्स में विदेश मंत्रालय के मंत्री स्टीफन डाउटी ने इस फैसले की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इन नए ईमेल्स से यह साफ होता है कि मैंडेलसन और एपस्टीन के रिश्ते पहले की जानकारी से कहीं ज्यादा गहरे थे।

साथ ही विदेश मंत्रालय की ओर से जारी बयान में ये भी कहा गया कि इन नए तथ्यों के आधार पर



प्रधानमंत्री स्टार्मर ने विदेश सचिव से कहा है कि वे पीटर मैंडेलसन को राजदूत पद से हटा दें। बता दें कि पीटर मैंडेलसन की एपस्टीन से करीबी पहले भी चर्चा में रही थी, लेकिन हाल ही में सामने आए ईमेल्स से उनके रिश्तों की गंभीरता और स्पष्ट हो गई है। इसी वजह से यह सख्त कदम उठाया गया।

### क्या है एपस्टीन का मामला

गौरतलब है कि जेफ्री एपस्टीन एक करोड़पति फाइनेंसर था, जिस पर किशोरियों को यौन शोषण और यौन तस्करी में शामिल करने का आरोप था। 2019 में एपस्टीन को गिरफ्तार किया गया था, लेकिन मैनहटन जेल में मुकदमे का सामना करने से पहले उसने खुदकुशी कर ली।

हालांकि इससे पहले 2008 में उसने फ्लोरिडा में संघीय अभियोजकों के साथ गुप्त सौदा किया था, जिससे गंभीर आरोपों से बच निकला था। उस पर आरोप था कि वह नाबालिग लड़कियों को मसाज के नाम पर पैसे देकर यौन शोषण करता था। एपस्टीन की मौत के बाद से यह मामला अमेरिकी राजनीति में बड़ा मुद्दा बन गया। कई लोग मानते हैं कि उसकी मौत संदिग्ध हालात में हुई और असली गुनहगारों को बचाया गया।

## पाकिस्तानी सेना का दावा- खैबर पख्तूनख्वा में तीन अलग-अलग मुठभेड़ों में मार गिराए 19 आतंकवादी



**पेशावर।** पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में सुरक्षा बलों ने प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के 19 आतंकवादियों को तीन अलग-अलग मुठभेड़ों में मार गिराया है। पाकिस्तानी सेना ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने गुरुवार को बताया कि यह कार्रवाई 10 सितंबर की देर रात की गई। कार्रवाई खुफिया जानकारी के आधार पर मोहम्मद, उत्तर वजीरिस्तान और बन्नू जिलों में की गई। मोहम्मद जिले में हुए ऑपरेशन के दौरान सुरक्षा बलों की आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ हुई। भारी गोलीबारी के बाद 14 आतंकवादियों को मार गिराया गया।

वहीं, एक और खुफिया आधारित ऑपरेशन उत्तर वजीरिस्तान जिले के दत्ता खेल इलाके में किया गया, जहां चार आतंकवादियों को सुरक्षा बलों ने मार दिया। वहीं, एक अन्य मुठभेड़ में बन्नू जिले में एक आतंकवादी मारा गया। इन आतंकवादियों के पास से हथियार और गोला-बारूद भी बरामद किया गया है।

पुलिस ने बताया कि इसी बीच अज्ञात आतंकवादियों ने बुधवार रात लक्की मरवत जिले के नासर खेल इलाके में खुफिया एजेंसी के एक अधिकारी के घर को ढहा दिया और उनके हथियार लेकर फरार हो गए। आतंकवादी जबरन घर में घुसे। फिर उन्होंने अधिकारी के परिवार के सदस्यों को एक कमरे में बंधक बना लिया और फिर घर के एक हिस्से को ढहा दिया। आतंकवादियों ने कानून प्रवर्तन एजेंसियों और सुरक्षा बलों से जुड़े लोगों के खिलाफ अपनी गतिविधियां तेज कर दी हैं। खासकर प्रांत के दक्षिणी जिलों में पुलिस और फ्रंटियर कॉन्स्टेबुलरी (एफसी) के जवानों को निशाना बनाया जा रहा है।

# सीनेट में एपस्टीन केस फाइलों को सार्वजनिक करने का प्रस्ताव खारिज

## डेमोक्रेट्स का प्रयास नाकाम

**वॉशिंगटन।** अमेरिका की सीनेट में बुधवार को एक बेहद करीबी वोटिंग में रिपब्लिकन पार्टी ने डेमोक्रेट्स के उस प्रस्ताव को खारिज कर दिया, जिसमें जेफरी एपस्टीन से जुड़े यौन तस्करी मामले की केस फाइलों को सार्वजनिक करने की मांग की गई थी। यह प्रस्ताव सालाना रक्षा नीति में शामिल करने की कोशिश की गई थी। वोटिंग में 51-49 का नतीजा आया। दिलचस्प बात यह रही कि रिपब्लिकन पार्टी के दो सीनेटर, जोश हॉली (मिसौरी) और रैंड पॉल (केंटकी), डेमोक्रेट्स के साथ खड़े हुए, लेकिन बाकी रिपब्लिकन सीनेटरों ने इसका विरोध किया।

### डेमोक्रेट्स का जोरदार दबाव

पिछले कई महीनों से डेमोक्रेट्स लगातार इस मुद्दे को उठा रहे हैं। उनका कहना है कि एपस्टीन के मामले से जुड़े दस्तावेजों को सार्वजनिक किया जाना चाहिए ताकि सच सामने आ सके और पीड़ितों को न्याय मिले। सीनेट में डेमोक्रेट्स के नेता चक शूमर ने वोटिंग से पहले रिपब्लिकन सांसदों को सीधा संदेश दिया, 'आपने वर्षों तक पारदर्शिता और जवाबदेही की बात की। अब जब सच सामने लाने का मौका है तो आप हां क्यों नहीं कह रहे?' शूमर ने रणनीतिक तरीके से इस प्रस्ताव को सालाना डिफेंस बिल में जोड़ने की कोशिश की, ताकि रिपब्लिकन सांसदों को मजबूरन इस पर वोट करना पड़े।

### रिपब्लिकन का तर्क- गलत तरीका

रिपब्लिकन नेताओं ने शूमर की चाल को राजनीतिक खेल करार दिया। सीनेटर माइक राउंड्स (साउथ डकोटा) ने कहा, 'यह सही तरीका नहीं है। रक्षा कानून में ऐसे राजनीतिक मुद्दे नहीं जोड़ने चाहिए।' सीनेट मेजॉरिटी लीडर जॉन थ्यून का कहना था कि 'न्याय विभाग पहले ही बहुत सारी फाइलें सार्वजनिक कर चुका है और हम उन पर भरोसा करते हैं कि वे पीड़ितों के अधिकारों की रक्षा करते हुए जानकारी जारी करेंगे।' हालांकि रिपब्लिकन पार्टी का बड़ा हिस्सा इस मामले में न्याय विभाग की कार्रवाई से संतुष्ट नहीं है। कई पीड़ित भी मानते हैं कि अभी तक पूरी सच्चाई सामने नहीं आई है।

### वर्षों से विवादों में एपस्टीन मामला

जेफरी एपस्टीन एक करोड़पति फाइनेंसर था, जिस पर किशोरियों को यौन शोषण और यौन तस्करी में शामिल करने का आरोप था। 2019 में एपस्टीन को गिरफ्तार किया गया था, लेकिन मैनहटन जेल में मुकदमे का सामना करने से पहले उसने खुदकुशी कर ली। इससे पहले 2008 में उसने फ्लोरिडा में संघीय अभियोजकों के साथ गुप्त सौदा किया था, जिससे गंभीर



आरोपों से बच निकला था। उस पर आरोप था कि वह नाबालिग लड़कियों को मसाज के नाम पर पैसे देकर यौन शोषण करता था। एपस्टीन की मौत के बाद से यह मामला अमेरिकी राजनीति में बड़ा मुद्दा बन गया। कई लोग मानते हैं कि उसकी मौत संदिग्ध हालात में हुई और असली गुनहगारों को बचाया गया।

### कौन था जेफरी एपस्टीन?

न्यूयॉर्क शहर में जन्मे और पले-बढ़े एपस्टीन ने अपने पेशेवर करियर की शुरुआत डाल्टन स्कूल में एक शिक्षक के रूप में की। 1976 में स्कूल से निकाले जाने के बाद उन्होंने बैंकिंग और वित्त क्षेत्र में प्रवेश किया, जहां उसने कई पदों पर काम किया। 2005 में फ्लोरिडा पुलिस ने जेफरी एपस्टीन के खिलाफ जांच शुरू की। दरअसल, एक माता-पिता ने शिकायत दर्ज कराई थी कि एपस्टीन ने उनकी 14 वर्षीय बेटी का यौन शोषण किया। जांच से पता चला कि एपस्टीन ने 36 लड़कियों का यौन शोषण और उत्पीड़न किया था, जिनमें से कुछ 14 साल की थीं। उसने दो मामलों में दोषी होने की दलील दी और 2008 में उसे दोषी ठहराया गया। हालांकि, एपस्टीन ने केवल 13 महीने जेल में बिताए, जिसके बाद उसे कथित तौर पर एक विवादास्पद सौदे के कारण रिहा कर दिया गया, क्योंकि उस पर केवल दो अपराधों के लिए आरोप लगाया गया था। वर्षों बाद जुलाई 2019 में उसे फिर से गिरफ्तार किया गया, इस बार न्यूयॉर्क और फ्लोरिडा में नाबालिगों की यौन तस्करी के आरोप में। मुकदमे के दौरान सीरियल यौन अपराधी ने अगस्त में अमेरिकी जेल में आत्महत्या कर ली।

### हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स में नई हलचल

सीनेट में प्रस्ताव खारिज होने के बावजूद डेमोक्रेट्स ने हार नहीं मानी है। हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स में इसी तरह का एक प्रस्ताव आगे बढ़ रहा है। अब इस प्रयास को आगे बढ़ाने के लिए डेमोक्रेट्स को 218 हस्ताक्षरों की जरूरत है। अभी तक चार रिपब्लिकन सांसद भी डेमोक्रेट्स के साथ आ गए हैं। इसे पास कराने के लिए बस एक और हस्ताक्षर की जरूरत है। इस महीने के अंत तक एरिजोना में होने वाले एक विशेष चुनाव के बाद यह समर्थन हासिल हो सकता है।

### ट्रंप का रुख बदलता दिखा

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चुनाव प्रचार के दौरान संकेत दिया था कि वे एपस्टीन की पूरी फाइल सार्वजनिक करने के पक्ष में हैं। लेकिन अब वे इसे 'डेमोक्रेट्स की साजिश' कहकर खारिज कर रहे हैं। ट्रंप के रुख ने रिपब्लिकन सांसदों पर सीधा असर डाला है और वे इस मुद्दे पर पार्टी लाइन से बाहर नहीं जाना चाहते। फिलहाल डेमोक्रेट्स फिलहाल इस मामले को जिंदा रखने की रणनीति पर काम कर रहे हैं। अगर हाउस में प्रस्ताव पास हो गया, तो रिपब्लिकन नेतृत्व पर दबाव और बढ़ेगा। इस बीच, पीड़ितों और उनके परिवारों की मांग है कि सच्चाई को पूरी तरह सार्वजनिक किया जाए और जिम्मेदार लोगों को सजा मिले।

## कांग्रेस ने बताया- बिहार में विपक्षी गठबंधन से सीएम फेस कौन तय करेगा; सीटों पर 'समझौता' होगा

**पटना।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने बिहार विधानसभा चुनाव में विपक्षी गठबंधन के मुख्यमंत्री के चेहरे को लेकर पूछे सवाल को सीधे-सीधे टाल दिया था। उसके पहले भी और बाद में भी, राष्ट्रीय जनता दल तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री का निर्विवाद चेहरा मान रहा है। महागठबंधन के दल विकासशील इंसान पार्टी ने भी तेजस्वी के नाम पर मुहर लगा रखी है। लेकिन, राहुल गांधी की वोटर अधिकार यात्रा के दरम्यान और उसके बाद से कभी भी कांग्रेस इसपर सीधा जवाब नहीं दे रही थी। अब कांग्रेस के बिहार प्रदेश प्रभारी कृष्णा अल्लावरु ने इस सवाल पर कहा कि यह अभी हम-आप तय नहीं करें, जनता चुनाव में यह तय करेगी।

### कृष्णा अल्लावरु ने सीएम फेस पर क्या कहा

पटना पहुंचे बिहार कांग्रेस प्रभारी ने मुख्यमंत्री के चेहरे के सवाल पर सीधा कहा- 'मुख्यमंत्री का चेहरा बिहार तय करेगा। बिहार की जनता



तय करेगी। आप धैर्य रख कर देखिए। चिंता मत कीजिए।' सीट शेयरिंग पर उन्होंने एक संकेत यह दिया कि कांग्रेस 70 सीटों की जिद में थोड़ी राहत दे सकती है। अल्लावरु ने सीट बंटवारे के सवाल पर कहा- 'सब कुछ ठीक हो जाएगा। सीट शेयरिंग पर बातचीत अच्छी तरह चल रही है। हर बैठक में ज्यादा से ज्यादा सीटों को क्लियर करने का प्रयास हो रहा है। हम संतुष्ट हैं और लगता है कि आने वाले दिनों में इस पर अच्छी प्रोग्रेस दिखेगी। जहां तक सीटों के घटाने का सवाल है तो कोई भी गठबंधन हो, अगर उसमें नए दल आएंगे तो मौजूदा पार्टनर को थोड़ा-थोड़ा त्याग करना ही पड़ेगा। यही गठबंधन धर्म भी है।

### 'पटना और दिल्ली में वोट चोरी से बनी सरकार'

अल्लावरु ने पटना में लाठीचार्ज को लेकर कहा कि 'पटना और दिल्ली में सरकार वोट चोरों की है। जो वोट चोरी से बनी सरकार है, वह जनता पर लाठीचार्ज करती है। अडानी को सस्ते दाम में हजारों एकड़ जमीन देती है। जनता के लिए काम नहीं करती है, क्योंकि उसे पता है कि वह आम वोटरों के मत से तो जीते नहीं, वोट चोरी से जीते हैं। ऐसी सरकार जनता के खिलाफ काम करती है। जनता पर जुल्म करती है। बड़े-बड़े माफिया और गैंगस्टर का भला करती है। वोट चोर बेरोजगारी कम नहीं कर रहे। महंगाई कम नहीं कर रहे। क्राइम कम नहीं कर रहे। पेपर लीक कम नहीं कर रहे। शिक्षा व्यवस्था नहीं सुधार रहे। स्वास्थ्य व्यवस्था नहीं सुधार रहे। किसानों की समस्याओं का हल नहीं कर रहे।'

## ग्लोबल अयप्पा संगमम को केरल हाईकोर्ट से हरी झंडी

### 20 सितंबर को पम्पा में होगा आयोजन




**तिरुवनंतपुरम।** केरल हाईकोर्ट ने गुरुवार को 'ग्लोबल अयप्पा संगमम' कार्यक्रम के खिलाफ दायर याचिकाएं खारिज कर दीं। कोर्ट के इस फैसले के बाद त्रावणकोर देवस्वम बोर्ड (टीडीबी) को 20 सितंबर को पम्पा में इस आयोजन की अनुमति मिल गई है। मामले में सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति वी राजा विजयराघवन और न्यायमूर्ति केवी जयकुमार की पीठ ने स्पष्ट किया कि आयोजन के दौरान पम्पा की पवित्रता और साफ-सफाई बनाए रखी जाए।

कोर्ट ने कहा कि आयोजन के दौरान यह सुनिश्चित किया जाए कि सबरीमाला परंपराओं से जुड़े किसी भी धार्मिक अनुष्ठान में कोई बाधा न आए। इस दौरान कोर्ट ने ये भी कहा कि आयोजन में कई प्रमुख हस्तियों को आमंत्रित किया गया है, लेकिन सुरक्षा व्यवस्था के चलते आम श्रद्धालुओं की आवाजाही में कोई बाधा नहीं आनी चाहिए।

### 45 दिनों के अंदर ऑडिट की रिपोर्ट जमा करने का आदेश

इस दौरान कोर्ट ने टीडीबी को निर्देश दिया कि आयोजन से संबंधित सभी खर्चों और प्रायोजकों से प्राप्त धन का पारदर्शी हिसाब रखा जाए। साथ ही 45 दिनों के भीतर ऑडिट की गई रिपोर्ट कोर्ट में जमा की जाए। न्यायालय ने आगे पम्पा नदी की पवित्रता बनाए रखने पर जोर देते हुए कहा कि आयोजन के दौरान प्लास्टिक बोतलें, कप और अन्य गैर-बायोडिग्रेडेबल वस्तुएं सख्ती से प्रतिबंधित हों। साथ ही, भीड़ प्रबंधन और पार्किंग की उचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

### देवस्वोम मंत्री वीएन वासवन ने किया फैसला का स्वागत

वहीं देवस्वोम मंत्री वीएन वासवन ने कोर्ट के फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि आयोजन में किसी भी तरह से सरकारी धन का दुरुपयोग नहीं होगा और सभी आय-व्यय सार्वजनिक किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य सबरीमला को एक वैश्विक तीर्थस्थल के रूप में विकसित करना है। बता दें कि इससे पहले टीडीबी और राज्य सरकार ने कोर्ट को आश्वासन दिया था कि श्रद्धालुओं के अधिकारों पर कोई असर नहीं पड़ेगा और आयोजन पूरी तरह सबरीमला की परंपराओं के अनुसार किया जाएगा।



## आंदोलन का चेहरा बने सुदन गुरुंग मीडिया के सामने भावुक हुए, प्रेस वार्ता के बीच हंगामा...

**काठमांडू।** नेपाल का जेन-जी आंदोलन लगातार सुर्खियों में है। अब तक 25 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। कई लोग घायल भी हुए हैं। युवाओं के गुस्से का ये आलम है कि आक्रोशित भीड़ ने राष्ट्रपति निवास, प्रधानमंत्री आवास, देश की संसद और सुप्रीम कोर्ट जैसे भवनों को आग के हवाले कर दिया। आंदोलन के दौरान अपनी आवाज बुलंद कर रहे नेताओं ने आज प्रेस वार्ता की। इसमें युवाओं के आंदोलन का चेहरा बनकर उभरे सुदन गुरुंग अचानक भावुक हो गए। प्रेस वार्ता में शामिल एक अन्य जेन-जी नेता दिवाकर दंगल ने कहा, 'हम यह आंदोलन भ्रष्टाचार के खिलाफ कर रहे हैं क्योंकि देश में बेकाबू हो गया है।'

### अब महिला के हाथों में हो नेपाल की कमान

प्रेस वार्ता में शामिल एक अन्य युवा नेता जुनल गदल ने कहा, 'हमें देश की संरक्षक के रूप में नेपाल की पूर्व मुख्य न्यायाधीश सुशीला कार्की को सर्वश्रेष्ठ विकल्प के रूप में चुनना चाहिए।'

### ऑनलाइन सर्वेक्षण में सुशीला कार्की जेन-जी की पसंद

रिपोर्ट्स क्लब नेपाल में आयोजित इसी प्रेस वार्ता के दौरान एक अन्य आंदोलनकारी और युवा नेता अनिल बनिया ने कहा, 'हमने यह आंदोलन बुजुर्ग नेताओं से तंग आकर किया। हमने शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन का आह्वान किया, लेकिन राजनीतिक कार्यकर्ताओं ने आगजनी की और फिर बुनियादी ढांचों में तोड़फोड़ की गई। ऑनलाइन सर्वेक्षणों के जरिए जेन-जी नेताओं ने सुशीला कार्की को वोट दिया। हम संविधान बदलने की कोशिश नहीं कर रहे, बल्कि उसमें जरूरी बदलाव करने की कोशिश कर रहे हैं। छह महीने के अंदर हम चुनाव लड़ेंगे।'

### 'नेतृत्व संभालने के लिए हमें परिपक्व होने में समय लगेगा'

एक अन्य युवा नेता दिवाकर दंगल ने कहा, 'हम नेतृत्व संभालने में सक्षम नहीं हैं। नेतृत्व संभालने के लिए हमें परिपक्व होने में समय लगेगा। हमें तोड़ने की कोशिश की जा रही है। पार्टी के कुछ सदस्यों को गलतफहमी है कि वे घुसपैठ करके फूट डाल सकते हैं।'

### हम खून-खराबा नहीं चाहते- दिवाकर दंगल

उन्होंने आरोप लगाया कि नेपाल में हुए खून-खराबे की वजह देश के पुराने नेता हैं। दिवाकर दंगल ने कहा, 'अगर लोग खून-खराबा शुरू करेंगे, तो वे बच नहीं पाएंगे। हम खून-खराबा नहीं चाहते। हम संसद भंग करना चाहते हैं, संविधान रद्द नहीं करना चाहते।'

# रूसी ड्रोन घुसपैठ के बाद पोलैंड अलर्ट

## PM टस्क बोले- सेना को और मजबूत करेंगे; US ने भी दी प्रतिक्रिया

**वारसॉ।** वारसॉ में हाल ही में हुए घटनाक्रम ने पूरे यूरोप की सुरक्षा चिंताओं को गहरा कर दिया है। बुधवार को रूसी ड्रोन पोलैंड की सीमा में घुस आए, जिसके बाद प्रधानमंत्री डोनाल्ड टस्क ने सेना के लिए बड़े पैमाने पर आधुनिकीकरण योजना लागू करने का एलान किया। टस्क ने कहा कि देश को आसमान से सुरक्षित करने के लिए हर जरूरी कदम उठाए जाएंगे।

रूसी ड्रोन की यह घुसपैठ उस समय हुई जब रूस ने यूक्रेन पर लगातार हमले तेज कर दिए हैं। यूरोपीय अधिकारियों ने इसे जानबूझकर की गई उत्तेजना



बताया। उनका कहना है कि यह घटना तीन साल से जारी युद्ध को और व्यापक संघर्ष में बदलने की आशंका बढ़ा रही है।

### पोलैंड ने लगाए प्रतिबंध

घटना के बाद पोलिश एयर नेविगेशन एजेंसी ने देश के पूर्वी हिस्से में हवाई यातायात पर रोक लगा दी। यह कदम सेना के अनुरोध पर उठाया गया। वहीं, गुरुवार मध्यरात्रि से पोलैंड ने बेलारूस के साथ अपनी सीमा बंद करने का भी फैसला किया है। बताया गया कि कुछ ड्रोन बेलारूस की दिशा से आए थे, जहां रूसी और स्थानीय सैनिक सैन्य अभ्यास की तैयारी कर रहे हैं।

### एफ-35 विमानों से मिलेगी ताकत

पोलैंड अगले साल अमेरिका से अपने पहले एफ-35 लड़ाकू विमान हासिल करेगा। 2030 तक कुल 32 विमानों की डिलीवरी होगी। टस्क ने कहा कि इन विमानों से देश की हवाई सुरक्षा मजबूत होगी और नाटो की सामूहिक रक्षा क्षमताओं में भी इजाफा होगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि मई 2025 तक पहली खेप पोलैंड पहुंच जाएगी।

### अमेरिका और यूरोप की प्रतिक्रिया

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस घुसपैठ पर सोशल मीडिया पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि रूस ने पोलैंड की हवाई सीमा का उल्लंघन किया? उन्होंने पिछले हफ्ते पोलिश राष्ट्रपति कारो नावरॉकी से मुलाकात में भरोसा दिलाया था कि अमेरिका क्षेत्र में मजबूत सैन्य उपस्थिति बनाए रखेगा। वहीं, यूरोपीय संघ की विदेश नीति प्रमुख काया कैलास ने कहा कि रूस का युद्ध अब बढ़ रहा है और यह नाटो के लिए गेम चेंजर है।

रूस ने 2022 में यूक्रेन पर हमले के बाद से कई बार पोलैंड के हवाई क्षेत्र का उल्लंघन किया है। लेकिन इस बार का पैमाना अभूतपूर्व है और पहली बार किसी नाटो देश के क्षेत्र पर इतनी गंभीर चुनौती सामने आई है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह घटना रूस की मंशा को स्पष्ट करती है कि वह न केवल यूक्रेन बल्कि नाटो की दृढ़ता को भी परखना चाहता है।

### सेना और नाटो की तत्परता

टस्क ने लास्क एयरबेस पर पोलिश सैनिकों को संबोधित किया और उनकी तेजी से की गई कार्रवाई की सराहना की। उन्होंने नाटो के सहयोगी नीदरलैंड की सेना का भी आभार जताया, जिन्होंने समय रहते प्रतिक्रिया दी। इस कार्रवाई से साबित हुआ कि नाटो और पोलैंड क्षेत्रीय खतरों से निपटने के लिए पूरी तरह सतर्क हैं।

### विश्व बंधुत्व दिवस पर संगोष्ठी में शामिल हुए राज्यपाल

# बंधुत्व की शुरूआत अपने घर से हो : डेका

रायपुर, (प्रतिदिन राजधानी)

बंधुत्व की शुरूआत अपने घर से होनी चाहिए, तभी विश्व में बंधुत्व का भाव होगा। राज्यपाल श्री डेका ने आज विश्व बंधुत्व दिवस पर संगोष्ठी में यह विचार व्यक्त किया।

स्वामी विवेकानंद कन्याकुमारी केंद्र शाखा रायपुर के सौजन्य से दुर्गा कॉलेज रायपुर के सभागार में यह संगोष्ठी आयोजित की गई थी, जिसमें श्री डेका बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। स्वामी विवेकानंद द्वारा वर्ष 1893 में शिकागो के विश्व धर्म सम्मेलन में आज के दिन ही ऐतिहासिक वक्तव्य के माध्यम से भारत की उज्जवल संस्कृति एवं परंपरा को दुनिया के समक्ष रखा गया था। इस विशेष दिन को विश्व बंधुत्व दिवस के रूप में मनाया जाता है।

इस अवसर पर अपने उद्बोधन में राज्यपाल श्री डेका ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने जो दीपक 1883 में प्रज्जवलित किया था, उसकी लौ आज भी जगमगा रही है। हम उस लौ को भाईचारे, सेवा और सकारात्मक सोच से अपने जीवन में जलाएं रखें। स्वामी विवेकानंद ने भारत की महान संस्कृति और आध्यात्म को संसार के सामने प्रस्तुत ही नहीं किया बल्कि पूरे विश्व को यह संदेश दिया की मानवता से बढ़कर कुछ भी नहीं है।



श्री डेका ने युवकों से आव्हान किया कि वे यह न सोचे कि समाज उन्हें क्या दे रहा है बल्कि यह विचार करें कि वे समाज को क्या दे रहे हैं। जीवन मे सफलता के लिए अनुशासन और समय का पाबन्द होना आवश्यक है। परिवार के बुजुर्गों का सम्मान, भाई–बहन के बीच स्नेह व मित्रता समाज में बंधुत्व की भावना बढ़ाने में मदद करती है। मानव जीवन अनुपम है। हर एक क्षण का आनंद लें। इस पृथ्वी और प्रकृति का आनंद लें। आज कृत्रिम बुद्धिमता के इस युग में कृत्रिम जीवन के बजाय प्राकृतिक जीवन जीने की कोशिश करें। उन्होंने युवाओं से कहा कि यह सोने का समय नहीं है उठो और जो काम तुम्हारा है उसे पूरा करने में जुट जाओ।

संगोष्ठी की अध्यक्षता दुर्गा महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. प्रोतिभा मुखर्जी साहूकार ने की। मुख्य प्रवक्ता के रूप में जैव विविधता बोर्ड के अध्यक्ष एवं सेवा निवृत्त मुख्य वन संरक्षक श्री राकेश चतुर्वेदी ने स्वामी विवेकानंद के जीवन, कार्यो एवं उनके आदर्शो पर विस्तृत प्रकाश डाला। श्री संजीव गुप्ता ने भी अपने विचार रखें। स्वागत भाषण श्री सुभाष चंद्राकर ने दिया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती शजिन्ता शुक्ला और आभार प्रदर्शन श्री चेतन तारवानी ने किया। इस अवसर पर विवेकानंद केन्द्र के पदाधिकारी, कार्यकर्ता, गणमान्य नागरिक, महिलाएं, युवा बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### विकसित भारत 2047 विषय पर केंद्रीय मंत्री की अध्यक्षता में वर्चुअल बैठक

## राज्यों और केंद्र के बीच समन्वय से होगा योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयनः मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े

**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)**

महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने विकसित भारत विषय पर केन्द्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता द्वारा आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित बैठक में कहा कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय से जुड़ी योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए राज्यों और केन्द्र के बीच बेहतर समन्वय जरूरी है।

बैठक में महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने कहा कि छत्तीसगढ़ में समाज के अंतिम पंक्ति तक खड़े व्यक्ति को सामाजिक न्याय की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। राज्य में दिव्यांगजन, वरिष्ठ नागरिकों, अनुसूचित जाति–जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग तथा उभयलिंगी समुदाय के सशक्तिकरण हेतु योजनाओं का विस्तार और प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है।




उन्होंने कहा कि 'विकसित भारत 2047' की परिकल्पना को साकार करने के लिए राज्यों और केंद्र के बीच बेहतर समन्वय स्थापित हो, जिससे नीति और योजनाओं का लाभ तेजी से जरूरतमंद तक पहुँच सके। उन्होंने कहा कि सामाजिक न्याय केवल संवैधानिक दायित्व ही नहीं बल्कि मानवीय कर्तव्य भी है।

गौरतलब है कि केन्द्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेन्द्र कुमार की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित बैठक में विकसित भारत 2047 की परिकल्पना को साकार करने हेतु राज्यों से ठोस सुझाव लिए गए तथा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता से जुड़ी दीर्घकालिक रणनीतियों पर विचार–विमर्श किया गया। इस बैठक में शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक सुरक्षा, दिव्यांगजन सशक्तिकरण, नशा मुक्ति, कौशल विकास और समाज के कमजोर वर्गों को मुख्यधारा से जोड़ने जैसे मुद्दों पर गहन चर्चा की गई। इस बैठक में सभी राज्यों के मंत्रियों ने अपने–अपने सुझाव रखे और केंद्र सरकार ने इस दिशा में ठोस नीतियाँ बनाने का आश्वासन दिया।

## प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज का बस्तर के विकास से कोई सरोकार नहीं है : उप मुख्यमंत्री साव

**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)**

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने आज रायपुर निवास कार्यालय में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के बयान पर पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि, बस्तर में छत्तीसगढ़ इन्वेस्टर्स कनेक्ट हो रहा है। लेकिन यह प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष को पसंद नहीं है। उन्होंने कहा कि, दीपक बैज बस्तर का विकास नहीं चाहते हैं। वे नहीं चाहते कि बस्तर में तरक्की आए।



श्री साव ने कहा कि, दीपक बैज को तरक्की और विकास से कोई नाता नहीं है। बस्तर तेज गति से विकास की ओर आगे बढ़ रहा है। दुनिया बस्तर की ओर आकर्षित हो रही है। साय सरकार में बस्तर की दिशा बदल रही है। विकास की सौगात बस्तर के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रही है। इससे कांग्रेसियों को तकलीफ हो रही है। आदिवासियों का विकास उनसे देखा नहीं जा रहा। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने कहा कि, माननीय मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जापान प्रवास से आने के बाद तत्काल बस्तर में बाढ़ का जायजा लेने गए, मंत्री और अधिकारी भी लगातार दौरा कर रहे हैं। वहीं बाढ़ में हुए नुकसान की भरपाई शुरू कर दी गई है। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने कहा कि, खेल विभाग का नवीन दायित्व मिलने के बाद खेल से जुड़े प्रतिनिधि मिलने पहुंच रहे हैं।

## राज्योत्सव पर वायु सेना का होगा शौर्य प्रदर्शन



अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू ने ली अधिकारियों की बैठक

रायपुर (प्रतिदिन राधानी)

छत्तीसगढ़ की रजत जयंती वर्ष में आयोजित होने वाले राज्योत्सव पर भारतीय वायु सेना का शौर्य प्रदर्शन होगा। सेना की सूर्यकिरण एरोबेटिक टीम आसमान में आकर्षक करतब दिखायेगी। इस शौर्य प्रदर्शन में वायु सेना के हेलीकॉप्टर भी हिस्सा लेंगे।

अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू की अध्यक्षता में राज्योत्सव की तैयारियां को लेकर आज मंत्रालय महानदी भवन में आयोजित बैठक में विमानन विभाग एवं वायु सेना के अधिकारियों ने विभिन्न तकनीकी जानकारी प्रस्तुत की। अपर मुख्य सचिव श्री साहू ने वायु सेना के शौर्य प्रदर्शन के संबंध में संबंधित विभागों के अधिकारियों को तैयारियों के लिए आवश्यक दिशा–निर्देश भी दिए।

बैठक में लोक निर्माण, परिवहन, संस्कृति, जनसंपर्क, गृह और सामान्य प्रशासन विभाग सहित जिला प्रशासन रायपुर के अधिकारी शामिल हुए।

## नेशनल लोक अदालत का आयोजन कल

**रायपुर, (प्रतिदिन राजधानी)**

आपसी सुलह (राजीनामा) के जरिए मामलों का निपटारा करने के लिए राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) नई दिल्ली के तत्वावधान में शनिवार 13 सितम्बर 2025 को देशव्यापी नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (सालसा) बिलासपुर द्वारा प्रदेश के सभी जिला न्यायालयों एवं व्यवहार न्यायालयों में भी लोक अदालत आयोजित किए जाएंगे। यह कैलेण्डर वर्ष 2025 की तीसरी नेशनल लोक अदालत होगी तथा 13 दिसम्बर 2025 को वर्ष 2025 की अंतिम लोक अदालत आयोजित की जाएगी।

लोक अदालत के दिन जिला न्यायालय एवं तालुका न्यायालय (व्यवहार न्यायालय) में लंबित शमनीय अपराध के प्रकरण मोटर दुर्घटना दावा से संबंधित प्रकरण, 138 एनआई एक्ट, के अंतर्गत चेक बाउंस का प्रकरण धारा 125 दण्ड प्रक्रिया संहिता तथा मेट्रोमोनियल डिस्प्युट के अलावा जल कर, संपत्ति कर, राजस्व संबंधी प्रकरण ट्रैफिक्र चालान, भाड़ा नियंत्रण आबकारी से संबंधित प्रकरण एवं बैंक विद्युत संबंधी प्री–लिटिगेशन प्रकरण, राजस्व न्यायालय खंडपीठ में खातेदारों के मध्य आपसी बंटवारे, वारिसों के मध्य बटवारे का निराकरण किया जाएगा।

## विधानसभा अध्यक्ष ने बजरंगपुर-नवागांव प्रकरण में पीड़ित परिवारों से की मुलाकात



**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)**

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने आज बजरंगपुर–नवागांव वार्ड पहुंचकर हाल ही में घटित प्रकरण में मृतक युवाओं के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी।

उन्होंने मृतक राजेश ढीमर, सचिन दास मानिकपुरी एवं किशन राजपूत के परिवारों को स्वेच्छानुदान से एक–एक लाख रुपए की सहायता राशि प्रदान करने की घोषणा की। किशन राजपूत के परिवार को अनुकम्पा नियुक्ति और श्री राजेश ढीमर की पत्नी को जॉब प्लेसमेंट के माध्यम से रोजगार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि घटना में थाना प्रभारी की लापरवाही के कारण निलंबित कर दिया गया है। दोषियों पर कठोर कार्रवाई के निर्देश भी दिए गए हैं। डॉ. सिंह ने नवागांव से चिखली तक पुलिस चौकी की स्थापना की घोषणा की तथा क्षेत्र में सतत पुलिस पेट्रोलिंग और सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश दिए।

# उदयपुर में बिखरी छत्तीसगढ़ी मिट्टी और व्यजनों की महक

**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)**

सांस्कृतिक स्त्रोत्र एवं प्रशिक्षण केंद्र उदयपुर, राजस्थान में आयोजित राष्ट्रीय कार्यशाला एन ई पी 2020 के अनुरूप शिक्षा में कठपुतली की भूमिका, का आयोजन किया गया था जिसमें 13 राज्यों के 90 शिक्षकों ने भाग लिया 15 दिनों की कार्यशाला में बेमेतरा की अर्पणा शर्मा ने भी शिरकत की।

छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक छटा बिखेरते हुए छत्तीसगढ़ की 13 सदस्यों की टीम के रंगारंग कार्यक्रम ने समां बांध दिया। कार्यक्रम की शुरुआत राज्य गान से हुई । छत्तीसगढ़ से संबंधित जानकारी अर्पणा शर्मा , उमेश ठाकुर , नीलकंठ यादव व अंजलिना पीटर के द्वारा विभिन्न परिपेक्ष में दी गई जिसमें छत्तीसगढ़ की भौगोलिक स्थिति, आदिवासी संस्कृति, राजकीय पशु वन भैसा, पक्षी ङ्क पहाड़ी मैना, महानदी, विभिन्न जिलों में जनसंख्या का लैंगिक अनुपात, विभिन्न धर्मो के ऐतिहासिक व पर्यटन धार्मिक तीर्थ स्थल जैसे चंदखुरी में माता कौशल्या मन्दिर, बाल्मीकि आश्रम तुर्तुरिया, दंडकारण्य बस्तर, शिवरी नारायण मन्दिर, सिरपुर का गंधेश्वर महादेव ,बौद्ध स्तूप व एशिया का दूसरे नंबर का सबसे बड़ा चर्च ' रोजरी की महारानी महागिरजाघर की जानकारी दी गई।



शैक्षणिक हब के अंतर्गत विभिन्न विश्वविद्यालयों जिसमें इंदिराकला संगीत वि वि, गुरु घासीदास सेंट्रल वि वि, प सुंदरलाल शर्मा ओपन वि वि, मोहमद हिदायतुल्ला लॉ वि वि, एम्स, एन आई टी, ग्यारह मेडिकल कॉलेज की जानकारी से रूबरू कराया गया. संगीत के कलाकार पद्मश्री तीजन बाई, झाडुराम देवांगन, पुनाराम निषाद, देवदास बंजारे, ममता चंद्रकर कविता वासनिक के संगीत मे योगदान व कला के विभिन्न रूपों व क्षेत्रीय त्यौहार तीजा पोरा, हरेली, गौरा गौरी, छेरछेरा, राजिम मेला,परंपरा से संबंधित नृत्य–संगीत कर्मा, ददरिया, सुआ, गेड़ी, राउत नाचा की जानकारी के साथ खनिज व कारखानों जैसे भिलाई इस्पात संयंत्र, नेशनल थर्मल पावर को– ऑपरेशन कोरबा की जानकारी समस्त भारत से आए शिक्षकों के मध्य साझा की गई. छत्तीसगढ़ के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी शहीद वीर नारायण सिंह, पंडित रविशंकर शुक्ल जी, ठाकुर प्यारे लाल, पंडित सुंदरलाल शर्मा, वामन राव लाखे जी के विषय में तथा नामी खिलाडियों अंतरराष्ट्रीय तीरंदाज सानंद सलिल मित्रा, हॉकी खिलाड़ी सबा अंजुम, मुक्केबाज राजेंद्र प्रसाद (जिन्हें अर्जुन पुरस्कार मिला), और क्रिकेटर अमनदीप खरे शामिल हैं। महिला हॉकी खिलाड़ी सबा अंजुम को पद्मश्री से भी सम्मानित किया गया है, की भी जानकारी दी गई. छत्तीसगढ़ के पारंपरिक व्यंजनों ठेठरी, खुर्मी, अनरसा, सलोनी के स्वाद का आंनद कराते हुए बनाने की विधि भी बताई गई. कर्मा, सुआ,राउत नाचा, आदिवासी नृत्य के प्रदर्शन से श्रोता झूम उठे कार्यक्रम के अंत में ' पढ़ेला जाबो रे' गीत गाया गया, जिसने खूब तालियां बटोर।

बेमेतरा से अर्पणा शर्मा

अंजलिना पीटर ङ्क रायपुर

निशा अग्रवाल– कोरबा, उमेश ठाकुर, दिलेश्वरी देवांगन– कवर्धा

नीलकंठ यादव– महासमुंद

प्रिया सिंह– सरगुजा

धमतरी से पूर्णिमा मजुमदार, स्नेहलता कुर्रा, योगेश्वरी ध्रुव, नरेंद्र साहू, टीकराम कुंजाम, मेनका सिन्हा ने उदयपुर मे अपनी शानदार प्रस्तुति से दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया।

# अदाणी फाउंडेशन का विशाल नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर , 473 ग्रामीणों ने उठाया लाभ

### सीएसआर के अंतर्गत ग्रामीणों तक पहुँचाई गई गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएँ

रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)

अदाणी फाउंडेशन, रायपुर ने अपने सामाजिक उत्तरदायित्व कार्यक्रम (ष्टस्क्र) के अंतर्गत ग्राम रायखेड़ा के महिला भवन में एक विशाल नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का सफल आयोजन किया। इस शिविर में कुल 473 ग्रामीणों ने स्वास्थ्य परीक्षण एवं नि:शुल्क दवाओं का लाभ उठाया।

शिविर में रायपुर से आए अनुभवी विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। टीम में हृदय रोग विशेषज्ञ (स्र्ह्र मेडिसिन), अस्थि रोग विशेषज्ञ, महिला रोग विशेषज्ञ, शिशु रोग विशेषज्ञ और जनरल फिजिशियन शामिल थे। शिविर के दौरान उच्च रक्तचाप, मधुमेह, हृदय रोग, अस्थि समस्याओं, महिला स्वास्थ्य और शिशु स्वास्थ्य से संबंधित जाँच की गई और आवश्यक परामर्श प्रदान किया गया।







इस अवसर पर अदाणी फाउंडेशन के प्रवक्ता ने कहा कि हमारा उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएँ पहुँचाना है। गाँवों में रहने वाले लोग अक्सर विशेषज्ञ डॉक्टरों तक नहीं पहुँच पाते और छोटी बीमारियाँ समय पर इलाज न मिलने के कारण गंभीर हो जाती हैं। इस शिविर के माध्यम से हमने स्वास्थ्य सेवाओं को सीधे ग्रामीणों तक पहुँचाने का प्रयास किया है और हमें खुशी है कि 473 लोग इस पहल से लाभान्वित हुए।

ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि गाँव में विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपलब्धता उनके लिए बेहद उपयोगी सिद्ध हुई। एक महिला ने कहा, हमें पहली बार महिला रोग विशेषज्ञ से परामर्श मिला। यह हमारे लिए बड़ी राहत की बात है।

वहीं एक बुजुर्ग ग्रामीण ने कहा, वर्षों से हड्डियों के दर्द से परेशान था। इस शिविर से मुझे सही उपचार और दवाइयाँ मिलीं।

स्थानीय प्रतिनिधियों ने भी इस आयोजन को सराहा और कहा कि इस तरह के स्वास्थ्य शिविर ग्रामीणों के स्वास्थ्य स्तर को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं।

अदाणी फाउंडेशन लंबे समय से शिक्षा, स्वास्थ्य, आजीविका और सामुदायिक विकास के क्षेत्रों में कार्य कर रहा है। यह शिविर फाउंडेशन की उसी प्रतिबद्धता का प्रतीक है, जिसके तहत वह ग्रामीण अंचलों तक मूलभूत स्वास्थ्य सेवाएँ पहुँचाने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

ग्राम रायखेड़ा में आयोजित यह शिविर न केवल स्वास्थ्य सेवा का एक सफल उदाहरण है, बल्कि यह ग्रामीण समुदाय में स्वास्थ्य जागरूकता और सेवाओं की पहुँच बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम भी है। अदाणी फाउंडेशन का यह प्रयास भविष्य में भी ऐसे अनेक ग्रामीणों को लाभान्वित करता रहेगा।

स्वामी एवं प्रकाशक शांतिदेवी नचरानी प्रतिदिन राजधानी, प्रतिदिन हाऊस जी.ई.रोड शारदा चौक रायपुर छत्तीसगढ़ के लिए मुद्रक हरीश कुमार नचरानी प्रतिदिन प्रिंटर्स एण्ड पब्लिशर्स कचहरी चौक जेल रोड रायपुर (छ.ग.) द्वारा मुद्रित एवं स्वामी शांतिदेवी नचरानी (रामचंद नचरानी एण्ड संस की कर्ता) द्वारा प्रतिदिन हाऊस जी.ई.रोड शारदा चौक से प्रकाशित। संपादक–शांतिदेवी नचरानी * कार्यकारी संपादक–हरीश नचरानी, मो.–9617598000। (किसी भी विवाद के लिए न्यायलयीन क्षेत्र रायपुर होगा।) RNI NO. CHH HIN/2001/05596 फोन नं.– 0771–2223399, मो.–6262904444